खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32° C
न्यूनतम: 25° C

हल्द्वानी, शनिवार 28 जून 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 307 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



छोटे उद्योग अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभः राष्ट्रपति मुर्मू पेज 2



आईसीसी ने क्रिकेट के छह नियमों में किए बदलाव खेल टाइम्स




वो आपातकाल था तो ये क्या है... संपादकीय



ईरान को 2.5 लाख करोड़ देने की तैयारी में अमेरिका पेज 12

# डोनाल्ड ट्रम्प के दोहरे मुखोटे से कई देश दुखी

## अमेरिकी राष्ट्रपति का दावाः चीन से बड़ा समझौता भारत से होगा

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि व्हाइट हाउस ने एक दिन पहले चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और आने वाले दिनों में भारत के साथ इससे भी बड़ा एक और समझौता हो सकता है।

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने ब्लूमबर्ग टीवी को बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। हालांकि उन्होंने और श्री ट्रम्प ने इस समझौते के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। श्री ट्रम्प ने गुरुवार देर रात कहा कि हमने अभी-अभी चीन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कदम मई के शुरू में जिनेवा में अमेरिका-चीन वार्ता के बाद उठाया गया है, जिसके कारण दोनों पक्षों ने बड़े पैमाने पर टैरिफ बढ़ोतरी को स्थगित कर दिया था। इसकी वजह से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को बहुत नुकसान पहुंच रहा था और दोनों देशों के बीच व्यापार प्रभावित हो रहा था। श्री लुटनिक ने कहा कि राष्ट्रपति इन समझौतों को खुद ही पूरा करना पसंद करते हैं। वे समझौता करने वाले हैं। हम एक के बाद एक समझौता करने जा रहे हैं। श्री ट्रम्प ने आगे कहा कि अमेरिका जल्द ही भारत के साथ बहुत बड़ा समझौता कर सकता है, हालांकि उन्होंने इसका खुलासा नहीं किया है।



### कृषि सेक्टर में अमेरिका को ज्यादा मार्केट एक्सेस नहीं देना चाहता भारत

**नई दिल्ली।** भारत नहीं चाहता कि अमेरिकी मांगों जैसे- कृषि और ऑटोमोबाइल सेक्टर को भारतीय मार्केट में ज्यादा जगह मिले, क्योंकि इससे घरेलू कारोबारियों को नुकसान हो सकता है। भारत चाहता है कि डील दोनों देशों के लिए ज्यादा से ज्यादा बैलेंस्ड हो। सूत्रों का कहना है कि कृषि उत्पादों, खासकर मक्का और सोयाबीन पर टैरिफ में छूट की अमेरिकी मांग डील को अटकने वाला मुद्दा बन गया है। खबर है कि भारत अमेरिकी कृषि में प्रचलित जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलों के लिए अपने बाजार को खोलने के मामले में सावधानी बरत रहा है।

# जज होना नौ से पांच की नौकरी नहींः सीजेआई

नागपुर, वार्ता

- एक जज अकेले काम नहीं कर सकता है
- यह देश की सेवा, लेकिन कठिन काम
- कॉलेजियम पर कहा- जाति और धर्म चयन के मानदंड नहीं



**सुप्रीम कोर्ट** के चीफ जस्टिस बीआर गवई का कहना है कि एक जज अकेले काम नहीं कर सकता है। जज होना नौ से पांच की नौकरी नहीं है। यह राष्ट्र की सेवा है, लेकिन यह एक कठिन काम भी है।

सीजेआई गवई छत्रपति संभाजी नगर में बॉम्बे हाईकोर्ट, औरंगाबाद बेंच की एडवोकेट यूनियन की तरफ से रखे गए अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को सभी जजों के सर्वोच्च न्यायालय के रूप में काम करना चाहिए, न कि केवल भारत के मुख्य न्यायाधीश के, इसलिए सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए जाने चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि वे महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बॉम्बे हाईकोर्ट की बेंच स्थापित करने की मांग का समर्थन करते हैं। न्याय हर नागरिक को हर कोने में उपलब्ध होना चाहिए। बॉम्बे हाईकोर्ट में वर्तमान में मुंबई की मेन बेंच के अलावा गोवा, औरंगाबाद और नागपुर में सर्किट बेंच हैं। जस्टिस गवई ने कहा कि एक जज को समाज में घुलना-मिलना चाहिए। इससे समाज की समस्याओं व प्रश्नों को समझा जा सकता है और न्याय के माध्यम से उनका समाधान किया जा सकता है। सीजेआई ने कहा कि जब भी हाईकोर्ट की कोल्हापुर बेंच की मांग की गई है, मैंने समर्थन किया। औरंगाबाद बेंच का उदाहरण दिया है। औरंगाबाद बेंच में बॉम्बे बेंच की तुलना में ज्यादा मामले दायर किए जाते हैं। हर सुनवाई के लिए हर किसी के लिए बॉम्बे आना आर्थिक रूप से संभव नहीं है। हर नागरिक को हर कोने में बिना ज्यादा समय और पैसा खर्च किए न्याय मिलना चाहिए।

## ब्रिटेन का फाइटर जेट एफ-35बी भारत में ही ठीक होगा

**तिरुअनंतपुरम।** ब्रिटिश रॉयल नेवी का फाइटर जेट एफ-35 अब भारत में ठीक होगा। इसके लिए ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम और 2 टो व्हीकल आएंगी। टीम फाइटर जेट में आ रही टेक्निकल प्रॉब्लम को ठीक करेगी, जिसके बाद यह ब्रिटेन के लिए उड़ान भरेगा। फाइटर जेट 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। जेट 13 दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है। 918 करोड़ रुपये का यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। इसे दुनिया भर में सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट में से एक माना जाता है।

## विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ यात्रा का शुभारंभ

**पुरी।** ओडिशा में पुरी स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर के पीठासीन देवताओं, भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा का नौ दिवसीय प्रवास शुक्रवार सुबह 'हरिबोल' और 'जय जगन्नाथ' के जयघोष और मंदिर नगरी में मंजीरों की लयबद्ध झंकार के बीच शुरू हुआ। दुनियाभर में विख्यात इस वार्षिक रथ यात्रा देखने के लिए लाखों श्रद्धालु इस तीर्थ नगरी में आए हुए हैं। वे 12वीं शताब्दी के मंदिर के 'लायंस गेट' से गुंडिचा मंदिर तक फैले तीन किलोमीटर लंबे 'बड़ा डांडा' (विशाल मार्ग) ग्रैंड रोड पर एकत्रित हुए।

## जगन्नाथ रथयात्रा में डीजे की आवाज से हाथी हुआ बेकाबू

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शुक्रवार सुबह 10 बजे एक हाथी बेकाबू हो गया और 100 मीटर तक भागा। इसके बाद रथ यात्रा में भगदड़ सी मच गई। लोग इधर-उधर भागते दिखे। बेकाबू हुआ हाथी 17 हाथियों के ग्रुप में सबसे आगे चल रहा था। जानकारी के मुताबिक, हाथी डीजे और सीटी की आवाज से बेकाबू हुआ था। हाथी को वन विभाग के अमले ने दो मादा हाथियों की मदद से काबू में किया। इसके बाद उसे और दोनों मादा हाथियों को जुलूस से हटा दिया गया। बाकी यात्रा में 14 हाथी शामिल हुए।

## महादेश्वर हिल्स में बाघिन और चार शावकों की मौत

**चामराजनगर।** कर्नाटक के माले महादेश्वर हिल्स वन्यजीव अभयारण्य में एक मादा बाघ और उसके चार शावकों की मौत से वन्यजीव प्रेमी काफी आहत हुए हैं। वन मंत्री ईश्वर खांदरे ने इन मौतों की पुष्टि करते हुए इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने गुरुवार को एक बयान में कहा कि हम इस घटना से स्तब्ध और दुखी हैं। माले महादेश्वर हिल्स में एक बाघिन और चार शावकों की मौत हो गई है। मैंने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इनकी मौत के कारणों का पता लगाने के लिए वन्यजीव प्रोटोकॉल के अनुसार पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# पंजाब में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

मोहाली, वार्ता

- एसएसओसी ने आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा के तीन सदस्य किए गिरफ्तार

**पंजाब में** मोहाली स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी मॉड्यूल का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम सहजपाल सिंह और विक्रमजीत सिंह हैं। दोनों अमृतसर ग्रामीण के रामदास के निवासी हैं। इसके अलावा एक किशोर को भी पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से दो हैंड ग्रेनेड, एक ग्लॉक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस गिरफ्तारी के साथ एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है जिससे कई निर्दोष लोगों की जान बच गई है। डीजीपी ने कहा कि इस मॉड्यूल को ब्रिटेन में रह रहे निशान सिंह और पाकिस्तान में रह रहे आतंकवादी हरविंदर रिंदा संचालित कर रहे थे। यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। इस संबंध में थाना एसएसओसी मोहाली में भारतीय न्याय संहिता और विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच जारी है तथा कुछ और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।

## गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां और उनके बॉडीगार्ड की गोली मारकर हत्या

**बटाला।** पंजाब के बटाला में गुरुवार देर रात को कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां हरजीत कौर और उसके बॉडीगार्ड करणवीर की दो अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात देर रात बटाला के कादियां टोल बैरियर के पास हुई। जानकारी के अनुसार, करणवीर सिंह और हरजीत कौर स्कॉर्पियो में जा रहे थे। तभी बाइक पर आए हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। हत्या की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गोली लगने से करणवीर सिंह की घटना स्थल मौत हो गई, जबकि हरजीत कौर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें बटाला से अमृतसर रेफर किया गया, जहां उन्होंने भी दम तोड़ दिया। मरने वाला बॉडीगार्ड करणवीर सिंह जग्गू के मामा का बेटा बताया जा रहा है।

# चीन सीमा पर स्थायी शांति के लिए जटिल मुद्दों का समाधान जरूरीः राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, वार्ता

**रक्षा मंत्री राजनाथ** सिंह ने चीन सीमा पर स्थायी शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने तथा तनाव कम करने के लिए सुव्यवस्थित तंत्र के माध्यम से लंबित जटिल मुद्दों को सुलझाने की जरूरत पर बल दिया है।

श्री सिंह ने चीन के किगदाओं में गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक से इतर रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ द्विपक्षीय बैठक में स्थापित व्यवस्था को पुन: सक्रिय कर सीमा विवादों के स्थायी समाधान पर बल दिया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने भारत-चीन सीमा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर गहन विचार-विमर्श किया।



### राजनाथ ने की रूसी समकक्ष के साथ एस-400 प्रणाली और सुखोई-30 के उन्नयन पर चर्चा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद रूस के अपने समकक्ष के साथ पहली महत्वपूर्ण बैठक में वायु सेना के बेड़े के प्रमुख लड़ाकू विमान सुखोई -30 के उन्नयन, वायु रक्षा प्रणाली एस-400 और मिसाइलों तथा अन्य महत्वपूर्ण साजो-सामान की खरीद तथा आपूर्ति के बारे में गहन विचार विमर्श किया।

## केदारनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड, यात्री फंसे

**नई दिल्ली।** देश में दिल्ली को छोड़कर सभी राज्यों में बारिश हो रही है। अब तक सामान्य से 12.3 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। 26 जून तक देश में सामान्य रूप से 134.3 मिमी होनी चाहिए थी, लेकिन 146.6 एमएम हो चुकी है। उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते केदारनाथ हाईवे एक बार फिर मुनकटिया इलाके में लैंडस्लाइड के कारण बंद हो गया है। रास्ते पर लगातार पत्थर और मलबा गिर रहा है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं और यात्रियों को जंगल के वैकल्पिक रास्तों से सुरक्षित निकाल रही हैं। इस बीच देश में बारिश के चलते मौतों का आकड़ा भी बढ़ने लगा है। हिमाचल के कुल्लू जिले में बादल फटने से अब तक 5 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 7 से ज्यादा लापता हैं।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश: जांच टीम में यूएन अफसर शामिल नहीं होगा

अहमदाबाद, वार्ता

- सरकार ने संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव ठुकराया, ब्लैक बॉक्स का डेटा रिकवर हुआ
- जांच एजेंसी ब्लैक बॉक्स से रिकवर हुए डेटा का विश्लेषण करेगी




**अहमदाबाद में** 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान क्रैश की जांच टीम में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अधिकारी को शामिल नहीं किया जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र की विमानन एजेंसी आईसीएओ (इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन) ने भारत सरकार को अपने एक अधिकारी की मदद देने की पेशकश की थी। यह अधिकारी पहले से ही भारत में मौजूद था, लेकिन भारतीय अधिकारियों ने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया। इंडिया टुडे ने रिपोर्ट्स के हवाले से ये खबर दी है। वहीं, हादसे के बाद प्लेन का ब्लैक बॉक्स के डेटा को रिकवर कर लिया गया है। गुरुवार को सरकार ने बताया कि इसका डेटा डाउनलोड हो गया है। अहमदाबाद में हादसे में 241 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक यात्री की जान बच गई थी। वहीं, इस घटना में कुल 270 लोग मारे गए थे। अहमदाबाद प्लेन हादसा में जान गंवाने वाले 251 मृतकों की डीएनए से पहचान हो चुकी है। 245 मृतकों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। आईसीएओ आमतौर पर तब जांच में शामिल होता है जब किसी देश की तरफ से मदद मांगी जाती है। जैसे 2014 में मलेशियन विमान के गिरने और 2020 में यूक्रेनी विमान हादसे में। लेकिन इस बार आईसीएओ ने खुद पहल की थी। भारत की एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इनवेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) इस हादसे की जांच कर रही है, लेकिन एएआईबी ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की। आईसीएओ की तरफ से भी अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हादसे के बाद प्लेन का ब्लैक बॉक्स के डेटा को रिकवर कर लिया गया है। गुरुवार को सरकार ने बताया कि इसका डेटा डाउनलोड हो गया है। मेमोरी मॉड्यूल का एक्सेस भी मिल गया है। अब जांच एजेंसी ब्लैक बॉक्स से रिकवर हुए डेटा का विश्लेषण (एनालिसिस) करेगी। इससे हादसे के कारणों का पता चलेगा। इससे पहले 24 जून को नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने बताया था कि ब्लैक बॉक्स को जांच के लिए विदेश नहीं भेजा जा रहा। इसकी जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) कर रहा है। केंद्र सरकार के अनुसार, क्रैश प्लेन से दो ब्लैक बॉक्स (सीवीआर और डीएफडीआर) सेट मिले हैं। इनमें हादसे के समय पायलटों की बातचीत और विमान की तकनीकी जानकारी का रिकॉर्ड मिलेगा। पहला सेट 13 जून को और दूसरा 16 जून को बरामद किया गया।

# रिहाई में देरी पर उप्र को देना पड़ा 5 लाख मुआवजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कोर्ट ने मुआवजा राशि प्राप्त होने की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के जमानती आदेश का पालन करने में करीब एक माह की देरी के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को पांच लाख रुपये का मुआवजा देना पड़ा।

न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ के समक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के अधिवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अदालती आदेश का पालन करते हुए संबंधित पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा दे दिया गया है। अदालत के समक्ष पीड़ित व्यक्ति के अधिवक्ता ने उक्त मुआवजा राशि प्राप्त होने की पुष्टि की। शीर्ष अदालत ने आरोपी व्यक्ति को जेल से रिहा करने में करीब एक माह की देरी के लिए 25 जून को उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई थी और इसके लिए उसे पांच लाख रुपये का मुआवजा संबंधित पीड़ित व्यक्ति को देने का आदेश दिया था। साथ ही, राज्य सरकार से इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने आरोपी को 29 अप्रैल को जमानत दे दी थी, लेकिन उसे गाजियाबाद जिला जेल से 24 जून को रिहा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश आम महोत्सव चार जुलाई से लखनऊ में

**लखनऊ( ब्यूरो )।** आम के उत्पादन, निर्यात, प्रसंस्करण को प्रोत्साहित किए जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का आयोजन चार से छह जुलाई के बीच लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में किया जाएगा। प्रदेश के कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने यहां पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आम के उत्पादन में देश में अग्रणी राज्य है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की बागवानी की गई, जो देश कुल क्षेत्रफल का 13.5 प्रतिशत है। इसी प्रकार प्रदेश में 61.46 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन हुआ, जो देश कुल उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है। सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, अमरोहा, बारा. बंकी, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, अयोध्या, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी आदि आम उत्पादन वाले प्रमुख जिले है।

### जम्मू-कश्मीर के दो वरिष्ठ नेता कांग्रेस में करेंगे वापसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) से जुड़े दो वरिष्ठ नेता कांग्रेस में वापसी करने जा रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, पूर्व मंत्री ताज मोहि. उद्दीन और गुलाम मोहम्मद सरूरी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सैयद नसीर हुसैन, जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में आज औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल होंगे। उन्होंने अगस्त 2022 में कांग्रेस छोड़ी थी और आजाद की नव गठित पार्टी डीपीएपी में शामिल हो गए। उन्होंने पिछले साल पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

## भाजपा-आरएसएस की सोच संविधान विरोधीः कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी-भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ-आरएसएस की विचारधारा संविधान विरोधी है, इसलिए बार बार नए संविधान की मांग की जाती रही है, लेकिन अब इसी विचारधारा के लोगों ने सीधा हमला करते हुए संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द हटाने की मांग शुरु कर दी है।

कांग्रेस ने कहा कि भाजपा आरएसएस की संविधान विरोधी सोच अब खुलकर सामने आ गई है इसलिए आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने संविधान की प्रस्तावना में बदलाव करने की मांग की है। होसबोले का कहना है कि संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' व 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाया जाए। पार्टी ने कहा कि यह

**■ कांग्रेस इनके मंसूबों को नहीं होने देगी कामयाब**

बाबा साहेब के संविधान को खत्म करने की साजिश है और आरएसएस भाजपा हमेशा यही साजिश करती रही है।

जब संविधान लागू हुआ था, तो आरएसएस ने इसका विरोध करते हुए संविधान को जलाया था। अब एक बार फिर वे साजिश करने में जुट गए हैं, लेकिन कांग्रेस किसी कीमत इनके मनसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आरएसएस ने कभी भी भारत के संविधान को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। उसने 30 नवंबर 1949 से ही डा. अंबेडकर, नेहरू और संविधान निर्माण से जुड़े अन्य लोगों पर हमले किए।

## कुछ लोग बिगाड़ रहे यूपी का अमन-चैनः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** यूपी के इटावा में कथावाचकों के साथ हुई अभद्रता पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि कुछ लोग यूपी का अमन चैन बिगाड़ रहे हैं।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि भाजपा अपने सेट किए हुए प्लांटेड लोगों के उपनाम का दुरुपयोग करके उप्र के पड़ोसी राज्यों से लोगों को लाकर, समाज को बांटनेवाली जो घुसपैठिया राजनीति प्रदेश में कर रही है, उसका सच बच्चा-बच्चा जानता है। उप्र का समाज कुछ नकारात्मक लोगों की गलतियों से बंटेगा नहीं, बल्कि और भी मजबूत होगा। उन्होंने लिखा कि आज क्या उप्र में एक भी ऐसा भाजपाई नहीं है,

**■ इटावा कथावाचक कांड पर सपा मुखिया फिर गरजे**

जिस पर दिल्ली वाले भरोसा कर सकें? शायद ऐसा ही है तभी तो वो बाहर से लोगों को लाकर षड्यंत्र की नई बिसात बिछा रहे हैं। सच तो ये है कि ये लखनऊ वालों के लिए एक ताल ठोंकती चुनौती है कि उप्र को अस्थिर करने के लिए उप्र की सीमा पार से लोग बार बार अंदर आ रहे हैं और प्रदेश का अमन-चैन बिगाड़ कर आराम से वापस चले जा रहे हैं।

उप्र की भाजपा सरकार क्या अब अपने प्रदेश की सीमाएं किसी भी अराजक तत्व के लिए खोल देगी। सपा चीफ ने लिखा कि अगर ऐसा है तो उप्र की भाजपा सरकार खुलकर घोषणा कर दे या फिर उन अराजकतावादी तत्वों के खिलाफ एफआईआर करके तुरंत अपनी पुलिस भेजकर गिरफ्तार करवाए।

अगर ये नहीं हुआ, तो कल को उप्र की भाजपा सरकार को ठेंगा दिखाते हुए ऐसे और लोग भी आएंगे और उप्र की जनता मान लेगी कि भाजपा सरकार उप्र में कागजी सरकार बनकर रह गई है, न उसके पास कोई नेतृत्व है और न ही उप्र की कानून-व्यवस्था और यहां कि शांति के लिए कोई प्रतिबद्धता।

### इटावाः हिंसक उपद्रव कांड में गगन यादव समेत 21 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा में कथावाचकों के अपमान के मुद्दे पर दादरपुर गांव में हुए उपद्रव के जिम्मेदार अहीर रेजीमेंट के अध्यक्ष गगन यादव समेत 21 के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इटावा जिले के बकेवर थाने में यह मुकदमा दर्ज किया गया है, मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद पुलिस पूरे प्रकरण को लेकर के गहन जांच करने में जुटी हुई है। गगन यादव के 19 उपद्रवी समर्थक गिरफ्तार भी कर लिए गए है,13 वाहनों को जब्त किया गया है,सभी वाहनों को मोटर एक्ट अधि. नियम में कार्यवाही की गई है। गगन यादव के उपद्रवी सभी समर्थकों को जेल भेज दिया गया है।

## 2017 से पहले यूपी था असुरक्षितः योगी

# युवाओं की प्रतिभा को बनाएंगे प्लेटफॉर्म

**लखनऊ, वार्ता**



**■ इटावा कथावाचक कांड पर सियासत के बीच सीएम का बड़ा बयान**
**■ हमारे सामने जाति नहीं, प्रतिभा रखती है मायने**
**■ यूपी का निर्यात आज दो लाख करोड़ तक पहुंच गया**

इटावा कथावाचक कांड पर सपा की ओर से लगाए जा रहे गंभीर आरोप के बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया है। सीएम ने बिना नाम लिए सपा पर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले का यूपी दंगों के रूप में, माफिया, गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारियों के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था। जातीय संघर्ष कराकर, परिवारवाद के नाम पर एक जनपद-एक माफिया देना ही पिछली सरकारों की उपलब्धि रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केवल अपने परिवार के लिए काम करती थीं, पिछली सरकारें, एक जिला एक माफिया देने का काम किया था।

एमएसएमई कार्यक्रम में सीएम योगी उत्तर प्रदेश के हर युवा की प्रतिभा और उसकी ऊर्जा का लाभ हम उत्तर प्रदेश के विकास में लगाना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना चाहते हैं, इसलिए हमारे लिए जाति मायने नहीं रखती, हमारे लिए तो उसकी प्रतिभा को एक प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने की है और सीएम युवा स्कीम उसी का हिस्सा है। सीएम ने विश्व एमएसएमई दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई नई पहल का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए युवाओं की जाति नहीं, उनकी प्रतिभा मायने रखती है।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से फुरसत नहीं थी, युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा किया गया। उन्होंने कहा कि यूपी का निर्यात आज दो लाख करोड़ तक पहुंच गया है। प्रति व्यक्ति आय भी 46 हजार से बढ़कर 1 लाख 20 हजार पहुंची है। डबल इंजन सरकार में यूपी की जीडीपी 12 लाख 75 हजार करोड़ से बढ़कर 31 लाख करोड़ रुपये हुई। जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव को समाप्त कर डबल इंजन सरकार ने सभी को समान अवसर प्रदान किए।

### अब बायोमीट्रिक हाजिरी लगाने पर ही होगी शादी

**लखनऊ।** कमजोर वर्ग की बेटियों को विवाह में सहयोग देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को योगी सरकार ने और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनहितकारी रूप दे दिया है। इस योजना के अंतर्गत इस वर्ष एक लाख से अधिक जोड़ों के विवाह कराने का लक्ष्य तय किया है। इस योजना को सख्त निगरानी और तकनीकी माध्यम से जोड़ते हुए लाभार्थियों तक पहुंचाने की व्यापक रणनीति बनाई गई है। इसके साथ ही बायोमीट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना में वित्तीय सहायता राशि को दोगुना किए जाने के बाद अब इस योजना की निगरानी व्यवस्था को भी और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 से हर जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च कर रही है। मुख्यमंत्री ने कई बार कहा है कि यह योजना सिर्फ विवाह कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान, पारदर्शिता और जरूरतमंदों को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि सरकार ने जनपदों में आब्जर्वर तैनात करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक जिले के समाज कल्याण अधिकारी को दूसरे जिले में आब्जर्वर के रूप में भेजा जाएगा।

## अमृत काल में विदेश भेजने के नाम पर रूसी सेना में भर्तीः कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

**■ युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल की**

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अमृत काल' में विदेश भेजने के नाम पर जमकर धंधा चल रहा है और देश के युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल कर उन्हें धोखे से यूक्रेन से लड़ने के लिए रूसी सेना में भर्ती कराया जा रहा है।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष तथा पार्टी के लोकसभा सांसद अमरिंदर सिंह राजा बरार ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी के 'अमृत काल' में जिस तरह के काम हो रहे है, वह बेहद चिंताजनक है। उनका कहना था कि देश के युवाओं को विदेश जाने के नाम पर बहला फुसला कर उनसे मोटी रकम ऐंठी जा रही है और उन्हें धोखे से रूस भेजकर सेना में भर्ती कर सीधे युद्ध के मैदान में भेजा जा रहा है। पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस दौरान जगदीप और खुशप्रीत यादव का परिचय कराते हुए कहा कि इन दोनों के भाई लोग डेढ़ साल से रूस में लापता हैं। उनका कहना था कि दिसम्बर 2023 को 126 लोग एजेंट के माध्यम से विदेश गए थे। वे लोग सिंगापुर, मलेशिया और इटली जाना चाहते थे, लेकिन उनको मॉस्को भेज दिया गया। जगदीप के अनुसार एजेंट के माध्यम से पांच लोग मॉस्को गए थे और इसके बदले उनसे 35 लाख 40 हजार रुपए दिए लेकिन उन्हें इटली भेजने की बजाय मॉस्को भेज दिया गया। उसके बाद मॉस्को की सरकार ने इन लोगों को सेना में भर्ती करा दिया और 15 दिन की ट्रेनिंग देकर उन्हें मशीन गन पकड़ा दी गई। उन्होंने कहा कि इन 126 लोगों में 14 लोग लापता हैं, जिनमें से करीब 100 लोग वापस आ गए हैं, क्योंकि कुछ लोगों को गोली लग गई।




**सेंसेक्स 84058.90**
**निफ्टी 25637.80**



**सोना रु. 98040**
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



**चांदी रु. 107900**
प्रति किलो



## अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेत से चढ़ा बजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेतों से यूरोपीय बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस, पावर और सर्विसेज समेत 16 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज लगातार चौथे दिन मजबूती रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 303.03 अंक की छलांग लगाकर करीब नौ महीने के उच्चतम स्तर और 84 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 84058.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले यह 01 अक्टूबर 2024 को 84,266.29 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.80 अंक की बढ़ोतरी लेकर 25637.80 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.38 प्रतिशत मजबूत होकर 46,541.25 अंक और स्मॉलकैप 0. 54 प्रतिशत उछलकर 54,249.40 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4165 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2251 में लिवाली जबकि 1760 में बिकवाली हुई, वहीं 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए राखी गई कुल 2986 कंपनियों के शेयरों में से 1681 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 76 में टिकाव रहा। बीएसई के 16 समूहों में तेजी का रुख रहा। कमोडिटीज 1.11, ऊर्जा 1.10, एफएमसीजी 0.14, वित्तीय सेवाएं 0. 35, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स 0. 54, दूरसंचार 0.90, यूटिलिटीज 0. 99, ऑटो 0.30, बैंकिंग 0.39, कैपिटल गुड्स 0.83, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.40, धातु 0.37, तेल एवं गैस 1.21, पावर 1.14 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.17 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.45, जर्मनी का डैक्स 0.71 और जापान का निक्केई 1.43 प्रतिशत उछल गया। वहीं हांगकांग का हैंगसेंग 0.17 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.70 प्रतिशत लुढ़क गया।

## दिल्ली से पटना तक सस्ता हुआ सोना-चांदी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में शुक्रवार को भी भारी गिरावट रही। प्रति 10 ग्राम सोने और प्रति 1 किलोग्राम चांदी के रेट में कमी देखी गई है। शुक्रवार को 24 कैरेट सोने का रेट 98,950 रुपये की जगह 98,940 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। 22 कैरेट सोने का रेट 90,700 रुपये की जगह 90,690 रुपये प्रति 10 ग्राम है। प्रति 1 किलोग्राम चांदी की कीमत में 100 रुपये की गिरावट आई है। ऐसे में चांदी 1,08,000 रुपये की जगह 1,07,900 रुपये बिकी। देश के बड़े चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,090 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,840 रुपये रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,940 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,690 रुपये है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,940 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,690 रुपये है, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,940 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,690 रुपये रही। चांदी की बात करें तो राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमत 1,07,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है, जबकि मुंबई में चांदी की कीमत 1,07,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है। वहीं कोलकाता में चांदी की कीमत 1,07,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है, जबकि चेन्नई में चांदी की कीमत 1,17,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहनः वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 53 रिंगिट बढ़कर 3992 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की तेजी के साथ 52.67 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।



गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए और दाल चना 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाजः अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहनः चना 5700-5800, दाल चना 6700- 6800, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9200-9300, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4350-4450 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेलः सरसों तेल 17033 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14102 रुपए, पाम ऑयल 13333 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## रसायनों का छठा सबसे बड़ा उत्पादक है भारत

**तिरुवनंतपुरम।** भारत वैश्विक स्तर पर छठा सबसे बड़ा रसायन उत्पादक है, जिसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत योगदान है।

कार्बनिक और पदार्थ रसायन विज्ञान की वैश्विक प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए सीएसआईआर-एनआईआईएसटी के निदेशक डॉ. सी. आनंदधर्मकृष्णन ने इस क्षेत्र में नवाचार को गति देने के लिए, जलवायु-स्मार्ट, कम कार्बन रसायन विज्ञान और एआई और स्वचालन जैसी प्रौद्योगिकियों के एकीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संस्थान के रासायनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रभाग (सीएसटीडी) द्वारा आयोजित कार्बनिक और पदार्थ रसायन विज्ञान में प्रगति पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एओएमसी-2025) का उद्घाटन करते हुए यह बात कही, जो वैज्ञानिक उत्कृष्टता के 50 वर्षों के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती कॉन्क्लेव श्रृंखला का हिस्सा है। दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य अग्रणी वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और युवा शोधकर्ताओं को एक साथ लाना है, ताकि वे कार्बनिक और पदार्थ रसायन विज्ञान के क्षेत्र में हालिया प्रगति और उभरते रुझानों पर चर्चा कर सकें। भारत के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र के विकास पर विचार करते हुए आईआईएससी बैंगलोर के प्रोफेसर और सीएसआईआर-सीडीआरआई के पूर्व निदेशक प्रोफेसर टीके चक्रवर्ती ने युवा पीढ़ी को आज उपलब्ध उपकरणों और बुनियादी ढांचे का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 697.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट होने से 20 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.02 अरब डॉलर कम होकर 697.89 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 698.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 20 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 35.7 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 589.1 अरब डॉलर पर आ गई।

## छोटे उद्योग अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तम्भ

### अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस समारोह के उद्घाटन पर बोलीं राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छोटे उद्योगों को भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ करार देते हुए कहा है कि ए रोजगार सृजन के साथ साथ सामाजिक समावेशन को भी बढ़ाते हैं।

मुर्मु ने शुक्रवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस 2025 के समारोह का उद्घाटन करने के बाद कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग देश की अर्थव्यवस्था के एक मजबूत स्तंभ हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग न केवल देश के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर नवाचार को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योग महिलाओं, युवाओं, ग्रामीण क्षेत्रों तथा वंचितों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर सामाजिक समावेशन को भी बढ़ाते हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी, राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार के साथ-साथ मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। आंकड़ों का उल्लेख करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि छोटे उद्योगों का देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत, विनिर्माण में 36 प्रतिशत और निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान रहा है। यह क्षेत्र कृषि के बाद रोजगार का दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है। इस क्षेत्र से पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। इस तरह यह क्षेत्र कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण और विकास के विकेन्द्रीकरण से समावेशी विकास में मदद करते हैं। छोटे उद्योग क्षेत्र देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों को सस्ता वित्त की समस्या के साथ साथ बड़े कंपनियों से प्रतिस्पर्धा, अत्याधुनिक तकनीक की कमी, कच्चे माल और कुशल मानवश्रम की कमी, सीमित बाजार और भुगतान में देरी की दिक्कतें हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों को इन चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए, सरकार ने कुछ नीतिगत बदलाव किए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, ईर्ष्याजनक पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगा। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सत्यता या अनुपालन नहीं देता है तथा ऐसे विज्ञापन विवरण या किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हाईकोर्ट से स्टे हटा, हफ्तेभर आगे खिसके पंचायत चुनाव

## निर्वाचन आयोग को 3 दिन बढ़ाते हुए तिथियां जारी करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर लगी रोक हाईकोर्ट ने हटा ली है। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण रोस्टर निर्धारण के खिलाफ दायर विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने चुनाव पर लगी रोक हटा दी।

■ 23 जून को हाईकोर्ट ने लगाई थी रोक, 27 जून को रोक हटाई ■ 25 से 28 जून तक होने थे नामांकन, अब होंगी नई तिथियां जारी



राज्य चुनाव आयोग से पूर्व में जारी चुनाव कार्यक्रम को तीन दिन आगे बढ़ाते हुए चुनाव कार्यक्रम जारी करने को कहा है। साथ ही सरकार को याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाये गए मुद्दों पर तीन हफ्ते के भीतर जबाव देने के भी निर्देश दिए। हाईकोर्ट के पंचायत चुनावों से रोक हटाने और राज्य निर्वाचन आयोग को तीन दिन आगे बढ़ाते हुए नया कार्यक्रम जारी किए जाने के निर्देश से करीब हफ्तेभर चुनाव आगे खिसक गए हैं। क्योंकि 21 जून को जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 25 से 28 जून तक नामांकन होने थे, शुक्रवार 27 जून को हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया से रोक हटाते हुए तीन दिन बढ़ाकर नया कार्यक्रम जारी करने के आदेश दिए हैं। लेकिन देर शाम खबर लिखे जाने तक भी चुनाव आयोग ने नया कार्यक्रम जारी नहीं किया था।

### ये था याचिका में मामला

बता दें शुक्रवार को सुनवाई में ब्लाक प्रमुख सीटों का आरक्षण निर्धारित करने व जिला पंचायत अध्यक्ष सीटों का आरक्षण निर्धारित न करने पर भी गंभीर सवाल उठाए गए। कोर्ट को बताया गया कि ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव एक ही तरह से होता है। एक याची ने कोर्ट को बताया कि देहरादून के डोईवाला ब्लॉक में ग्राम प्रधानों के 63 फीसदी सीटें आरक्षित की गई हैं। मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खण्डपीठ के समक्ष याचिकाकर्ताओं की ओर से आरक्षण रोस्टर में कई सीटों के लंबे समय से एक ही वर्ग को प्रतिनिधित्व मिलने का उल्लेख करते हुए इसे संविधान के अनुच्छेद 243 व सुप्रीम कोर्ट द्वारा समय समय पर दिए आदेशों के खिलाफ बताया । महाधिवक्ता व मुख्य स्थायी अधिवक्ता ने सरकार का पक्ष रखते हुए बताया कि पिछड़ा वर्ग समर्पित आयोग की रिपोर्ट के बाद आरक्षण रोस्टर को शून्य घोषित करना व वर्तमान पंचायत चुनाव को प्रथम चरण माना जाना आवश्यक था।

# पंचायत चुनाव पर कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट ने पंचायत चुनाव पर आए हाईकोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण सरकार चुनने का रास्ता साफ होने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि चुनाव की राह मे रोड़े अटका रही कांग्रेस ने सरकार पर उल्टे चुनाव न कराने के आरोप लगाए, लेकिन कोर्ट के निर्णय से उसके मुँह पर भी तमाचा लगा है।

भट्ट ने कहा कि सरकार, जनता और भारतीय जनता पार्टी सभी शुरुआत से चुनाव के पक्ष में रहे हैं। वहीं धामी सरकार निष्पक्ष, जन भावनाओं के अनुरूप तथा पारदर्शिता के साथ चुनाव के लिए प्रयासरत रही। लेकिन कांग्रेस निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए जारी प्रक्रिया के खिलाफ रोड़े अटकाती रही। अदालत मे कांग्रेस ने अपने काल के अधिवक्ताओं सहित वकीलों की फौज खडी कर दी। लेकिन अदालत मे सभी तथ्यों के सामने आने के बाद कांग्रेस की मंशा सफल नही हो पायी। आखिरकार धामी सरकार की पारदर्शी और जनपक्षीय कोशिशों की जीत हुई।

### कांग्रेस शुरुआत से चुनाव विरोधी, न्यायिक बाधाओं के पीछे भी उनका ही रोल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेसी किंतु परंतु पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस तो पहले से पूरी चुनाव प्रक्रिया पर ही प्रश्न खड़े करती आ रही है। पहले कहते थे भाजपा और सरकार चुनाव से डर रही है, जब घोषणा हुई तो न्यायलय में लगाई याचिकाओं से प्रक्रिया पर लगी रोक को अपनी जीत बताने लगी। उन्होंने आरोप लगाया कि दरअसल कांग्रेस कभी भी चुनाव के पक्ष में नहीं थी। साथ ही आशंका व्यक्त करते हुए कहा, मुझे कहने में कोई संकोच नहीं कि चुनाव बाधित करने के लिए जो लोग न्यायिक कार्यवाही में गए, उनके पीछे कहीं न कहीं कांग्रेस का महत्वपूर्ण रोल है।

# सत्ताधारी दल को लाभ पहुंचाने को आरक्षण का रोस्टर शून्य किया: माहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आज उत्तराखंड उच्च न्यायालय में एक महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। न्यायालय ने राज्य सरकार को अंतरिम राहत देते हुए पंचायत चुनाव संपन्न कराने की अनुमति प्रदान की है। हम न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हैं, लेकिन यह निर्णय हमारे लिए निराशाजनक भी है, क्योंकि जिन बिंदुओं को लेकर कांग्रेस पार्टी लगातार अपनी चिंता जता रही थी और जिन प्रश्नों को सरकार व राज्य निर्वाचन आयोग के समक्ष उठाया गया था, वे सभी अब तक अनुत्तरित हैं।

सरकार ने जिस प्रकार से गलत नीयत से आरक्षण का रोस्टर शून्य कर नया आरक्षण लागू किया है, वह पूर्णत: अनुचित है और इसका उद्देश्य केवल सत्ताधारी दल को लाभ पहुंचाना है। इसके कारण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाएं और सामान्य वर्ग सभी प्रभावित हुए हैं। बहुत से लोग ऐसे होंगे जो जीवनभर चुनाव लड़ने के अधिकार से वंचित रह जाएंगे। भविष्य में उनकी आयु इस स्तर तक पहुंच जाएगी कि वे फिर कभी चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। यह निर्णय त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मूल भावना को ठेस पहुंचाने वाला है, और धामी सरकार इसमें सफल रही है। यहां यह बताना आवश्यक है कि कांग्रेस पार्टी पंचायत चुनाव को मजबूत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# जमरानी व सौंग बांध परियोजना कार्यों में तेजी लाएं: धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि जमरानी बांध बहुद्देशीय परियोजना और सौंग बांध पेयजल परियोजना के कार्यों में और तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के तहत होने वाले कार्यों को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाए।

जमरानी बांध परियोजना के कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य जून 2029 तक रखा गया है, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इसे दिसम्बर 2028 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। सौंग बांध परियोजना को भी निर्धारित अवधि मार्च 2030 से पहले पूर्ण करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव एसएन पाण्डेय, युगल किशोर पंत, अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमन व अपर सचिव बंशीधर तिवारी मौजूद थे।



■ जमरानी बांध जून 2029 तक व सौंग बांध परियोजना मार्च 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य

### जमरानी बांध बहुद्देशीय परियोजना

लगभग 3808 करोड़ लागत की इस योजना के तहत 150.6 मी. ऊंचे बांध का निर्माण, 42.92 किमी लम्बी नहर का पुनर्निर्माण व 21.25 किमी लंबी नई नहर का निर्माण कार्य किया जाना है। इस परियोजना के तहत हल्द्वानी शहर व उसके समीपवर्ती क्षेत्रों की भविष्य की लगभग 10.50 लाख आबादी के लिए 117 एमएलडी पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। इस परियोजना में बनने वाली 9 किमी. लम्बी झील से एक नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित होगा तथा लगभग 57 हजार हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता का सृजन होगा।

### सौंग बांध पेयजल परियोजना

लगभग रू. 2492 करोड़ लागत की इस योजना के तहत 130.60 मी. ऊंचे बांध का निर्माण एवं 1.5 मी. व्यास की 14.70 किमी. लम्बी जल वहन प्रणाली का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा 85 किमी. जल वितरण प्रणाली एवं 150 एम.एल.डी. जल शोधन संयंत्र का निर्माण भी इस परियोजना के तहत किया जाना है। इससे भविष्य में देहरादून शहर एवं उपनगरीय क्षेत्रों की वर्ष 2053 तक अनुमानित लगभग 10.65 लाख की जनसंख्या के लिए 150 एम.एल.डी. ग्रेविटी से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी। इस बांध निर्माण से बनने वाली 3.5 किमी. लम्बी झील को एक नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जायेगा।

# सीएम धामी पहुंचे एम्स ऋषिकेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को एम्स, ऋषिकेश पहुंचकर जनपद रुद्रप्रयाग में हुई बस दुर्घटना में घायल यात्रियों का हालचाल जाना और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी घायलों का समुचित और त्वरित उपचार सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने घायलों एवं उनके परिजनों को राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद का भी भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। गौरतलब है कि रुद्रप्रयाग बस दुर्घटना में घायलों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर एयर एंबुलेंस के माध्यम से एम्स लाया गया था। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# सर्च अभियान में एक शव बरामद, आठ अभी भी लापता

## पुलिस, फायर सर्विस, एसडीआरएफ, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में संयुक्त रेस्क्यू अभियान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बद्रीनाथ हाईवे के घोलतीर में हुए टेम्पो ट्रेवलर हादसे में अलकनंदा नदी से एक शव बरामद किया गया। अब लापता यात्रियों की संख्या आठ हो गई है, जबकि आठ घायलों का इलाज चल रहा है। वाहन में चालक सहित बीस लोग सवार थे।

बीते बृहस्पतिवार को बद्रीनाथ हाईवे के घोलतीर में मिनी बस हादसा हो गया। मिनी बस राजमार्ग से गिरकर अलकनंदा नदी में समा गई। घटना के पहले दिन जहां दो शव घटना स्थल में मिले तो सायं के समय एक शव धारी देवी मंदिर के पास मिला। ऐसे में पहले दिन तीन लोगों के शव बरामद हो पाए। शुक्रवार को पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में पुलिस, एसडीआरएफ, फायर सर्विस, डीडीआरएएफ, जल पुलिस के जवानों ने अलकनंदा नदी किनारे सघन खोजबीन अभियान चलाया। सर्च एंड रेस्क्यू के दौरान एक शव बरामद हुआ है, जबकि अभी भी आठ शवों की तलाश की जा रही है।



शुक्रवार सुबह सात बजे से ही रेस्क्यू अभियान शुरू हो गया। नौ लापता लोगों की खोजबीन के लिए सभी जवानों के संयुक्त सहयोग से घटनास्थल घोलतीर के साथ ही जनपद रुद्रप्रयाग के साथ ही श्रीनगर तक अनेक जगहों पर सर्चिंग की गई। अलग-अलग संभावित स्थानों पर डीप डाइविंग और राफ्ट की मदद से सर्च अभियान चलाया जा रहा है। खोजबीन के दौरान रेस्क्यू टीमों को रतूड़ा क्षेत्र में नदी किनारे एक शव बरामद हुआ। शव को जवानों द्वारा सड़क तक लाया गया, जहां से शव वाहन की मदद से जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान मिले शव की पहचान संजय सोनी, निवासी उदयपुर, शास्त्री सर्किल राजस्थान उम्र उम्र 55 वर्ष के रूप में हुई। शव का पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। एसपी ने बताया कि अब आठ लापता शवों की लगातार खोजबीन की जा रही है। वहीं, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनएस रजवार ने बताया कि सभी टीमों की मदद से अलकनंदा नदी के सभी संभावित किनारों पर खोजबीन की जा रही है। अभियान लगातार जारी रहेगा। निचले इलाकों को बीते दिन ही सूचना दे दी गई थी कि घोलतीर में बस दुर्घटना हुई है, जिसमें लापता लोगों के पानी में बहकर नीचे आने की संभावना हो सकती है। इसलिए निगरानी रखें। इधर, दुर्घटनास्थल से लेकर श्रीनगर तक के क्षेत्र में विभिन्न प्वाइन्टों पर वॉचरों की नियुक्ति के साथ ही अलकनन्दा नदी में बोट व सोनार की मदद से ढूंढ-खोज का काम जारी है।

# सरकारी भूमि में अतिक्रमण न हो इसके लिए मजबूत मैकेनिज्म बने: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने कहा कि सरकारी भूमि में अतिक्रमण न हो इसके लिए मजबूत मैकेनिज्म बनाया जाय। सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण रोकने और अवैध बिक्री को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटाने की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे हटाए जाने की कार्ययोजना बनाए जाने के लिए निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसके अनुपालन के लिए जनपद स्तर पर प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाय। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर सिंचाई, लोक निर्माण, वन विभाग, राजस्व विभाग की टीम बनाकर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाए जाय। उन्होंने राज्य के मैदानी क्षेत्रों में अतिक्रमण के मामलों को देखने के लिए शासन स्तर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने के निर्देश प्रमुख सचिव को दिए। उन्होंने हरिद्वार में गंगा किनारे, रुद्रपुर में कल्याणी नदी किनारे और नैनीताल जिले में कोसी आदि नदियों के किनारों पर भी अवैध अतिक्रमण को रोकने के लिए सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सरकारी भूमि को कब्जाने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने और कूट रचना कर जमीनों के फर्जी दस्तावेज बनाए जाने के मामलों पर भी प्रभावी रोक लगाने के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने एडीजी एपी अंशुमान को बाहरी लोगों के सत्यापन के लिए नियम और कड़े किए जाने की अपेक्षा जताई। बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, सचिव एस एन पांडेय, एडीजी एपी अंशुमान, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते व अपर सचिव बंशीधर तिवारी मौजूद रहे।

# 30 सितम्बर तक छात्रों के खाते में भेजें धनराशि: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस, बैग और जूते की खरीद के लिये पैसों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सरकार छात्रों के खातों में 30 सितम्बर तक डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेज देगी। इसके लिये विद्यालयी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। इसके अलावा विद्यालयों में पुस्तकों की खरीद के लिये समिति गठित की जायेगी, जो छात्र-छात्राओं की आवश्यकतानुरूप प्रतियोगी व अन्य पुस्तकों की खरीद का प्रस्ताव विभाग को भेजेगी।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को विद्यालयी शिक्षा महानिदेशालय स्थित समग्र शिक्षा सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्कूली ड्रेस, बैग और जूतों के लिये मिलने वाली धनराशि समय पर उपलब्ध न कराये जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आगामी 30 सितम्बर तक डीबीटी के माध्यम से यह धनराशि सीधे छात्र-छात्राओं के खाते में भेजने के निर्देश दिये। ताकि बच्चों को समय पर स्कूल यूनीफार्म, बैग और जूते मिल सके। डॉ. रावत ने इस बात पर नाराजगी जताई कि कतिपय विद्यालयों में पुस्तक खरीद के नाम पर लापरवाही बरती जा रही है , जिसका खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने पुस्तकालयों में छात्रोपयोगी पुस्तकों की खरीद के लिये विद्यालय स्तर पर समिति गठित करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर सचिव विद्यालयी शिक्षा रंजना राजगुरू, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा दिप्ती सिंह, अपर सचिव एम.एम. सेमवाल, निदेशक एस.सी.ई.आर.टी वंदना गर्ब्याल, निदेशक बेसिक अजय कुमार नौडियाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल सती, एपीडी समग्र शिक्षा कुलदीप गैरोला, अनु सचिव विकास श्रीवास्तव, अपर निदेशक एससीईआरटी पदमेन्द्र सकलानी, पल्लवी नैन, अजीत भण्डारी, बी.पी. मंदोली सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीजीआई रैंकिंग में सुधार लाएं अधिकारी

राज्य के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई) रैंकिंग में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विद्यालयी शिक्षा महानिदेशक की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने को कहा, जो पीजीआई के विभिन्न मानकों पर राज्य के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करेगी। मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि पीजीआई रैंकिंग स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता का महत्वपूर्ण पैमाना है और इसमें बेहतर प्रदर्शन राज्य की शिक्षा प्रणाली को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकता है। उन्होंने विगत रिपोर्ट में जिन बिंदुओं पर राज्य को अपेक्षित अंक नहीं मिले, उन पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें ताकि आगामी पीजीआई रिपोर्ट में राज्य की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित हो सके।

## शेरवुड कॉलेज नैनीताल के वार्षिक समारोह में बोले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

# 'समाज के लिए समर्पित जीवन जीने वाले ही इतिहास में किए जाते हैं याद'



**राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह ने शेरवुड कॉलेज को बताया जीवंत विरासत**

**कॉलेज के प्रधानाचार्य अमनदीप संधू ने किया राष्ट्रपति एवं राज्यपाल का स्वागत**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि छात्र अपने लक्ष्य को संकीर्ण व आत्मकेंद्रित मत बनाएं। उन्होंने कहा समाज व मानवता और राष्ट्र निर्माण के लिए लक्ष्य बनाएं। यदि आप इतिहास में झांकें तो हजार वर्षों में हम किन्हें याद करते हैं केवल उन्हें जिन्होंने समाज के लिए कार्य किया, समाज के लिए जिया और अपना जीवन समाज को समर्पित किया।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यह उद्गार शुक्रवार को नैनीताल के प्रतिष्ठित शेरवुड कॉलेज के 156वें स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों और गुरुजनों को संबोधित करते हुए व्यकत किए। उन्होंने कहा कि आपको यह भावना आत्मसात करनी होगी कि राष्ट्र सर्वोपरि है। हमें बिना शर्त पूर्ण राष्ट्रवाद को स्वीकार करना होगा क्यों कि भारत जो एक अनूठा राष्ट्र है और जिसकी 5000 वर्षों की सांस्कृतिक विरासत है यही उसकी न्यूनतम अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उसकी पहुंच और वहन करने की क्षमता किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए मूलभूत हैं, शिक्षा ईश्वर का वरदान है, अगर आपको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है तो आप भाग्यशाली हैं। अगर आपको इस प्रकार की शिक्षा 1.4 अरब की जनसंखया वाले देश में मिलती है तो आप सच में विशेषाधिकार प्राप्त हैं। शिक्षा एक महान समतुल्य है। समानता चाहे कानून में हो या अन्यथा उसे सर्वोत्तम रूप से केवल शिक्षा के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षा असमानता, अन्याय पर कठोर प्रहार करती है और यही आप जीवन भर करने वाले हैं। भारत की हाल की यात्रा और विकसित भारत के लक्ष्य की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस सदी में हम केवल साक्षरता की बात नहीं कर रहे हैं।

साक्षरता बहुत पहले भारत के लिए महत्वपूर्ण थी। भारत आज संभावनाओं वाला देश नहीं रहा। जैसे आपकी प्रतिभा को आपके शिक्षकगण आगे बढ़ा रहे हैं वैसे ही भारत की संभावनाओं को प्रतिदिन व्यवहार में लाया जा रहा है। भारत एक उभरता हुआ राष्ट्र है। यह उभार निरंतर है। यह वृद्धि क्रमिक है और यदि मैं पिछले दशक को देखूं तो वैश्विक स्तर पर भारत की आर्थिक प्रगति अभूतपूर्व रही है। अवसंरचना में अद्भुत वृद्धि हुई है। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में हम सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। भारत के लिए पिछला दशक विकास का दशक रहा है, प्रगति का दशक रहा है, वैश्विक परिप्रेक्ष्य में एक नई जगह बनाने का दशक रहा है और अब इसे आपको आगे ले जाना है क्यों कि विकसित भारत केवल हमारा सपना नहीं हमारा लक्ष्य है। युवाओं को परिवर्तन के प्रेरक के रूप में कार्य करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया भारत की ओर केवल उसके उत्थान के कारण नहीं केवल उसके वैज्ञानिक विकास के कारण नहीं केवल अधोसंरचना विकास के कारण नहीं देख रही है वह भारत की ओर देख रही है क्यों कि हमारे पास एक अद्वितीय जनसांयिकीय लाभांश है। हमारे युवाओं की औसत आयु 28 वर्ष है। हम चीन और अमेरिका से 10 वर्ष छोटे हैं और जब हम जनसंखया की संरचना को देखते हैं तो 65 प्रतिशत लोग 35 वर्ष से कम उम्र के हैं। उन्होंने कहा भारत दुनिया में सबसे अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं वाला देश है, हमारी डिजिटल पहुंच और कनेटिविटी पूरी दुनिया में अद्वितीय है। आपने कई बार सुना होगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बलॉकचेन, मशीन लर्निंग जैसे शबद।

**समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.)** ने कहा कि शेरवुड कॉलेज केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं बल्कि एक जीवंत विरासत है। इस प्रतिष्ठित संस्थान की 156 वर्षों की गौरवशाली यात्रा भारत के शिक्षा इतिहास में एक अनूठा अध्याय है। यहां से अनेक महान विभूतियों ने शिक्षा प्राप्त कर न केवल जीवन के उच्च आदर्श गढ़े बल्कि अपने.अपने क्षेत्रों में देश का नाम भी रोशन किया।राज्यपाल ने कहा कि शेरवुड कॉलेज न केवल शिक्षा का केंद्र रहा हैए बल्कि यह चरित्र निर्माण की प्रयोगशाला भी रहा है। इस संस्थान ने ऐसे कई युवा तैयार किए हैं जो संवेदनशील, उत्तरदायी और नेतृत्व में सक्षम हैं। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हर छात्र को यह समझना चाहिए कि उसकी हर कोशिश हर सफलता केवल उसकी व्यक्तिगत उपलबधि नहीं बल्कि राष्ट्र की पूंजी है। जब हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन इस भावना के साथ करते हैं कि हम देश के लिए कार्य कर रहे हैं तभी हम सच्चे अर्थों में शिक्षित कहलाते हैं। उन्होंने कहा कि एक विद्यालय से निकलने वाला छात्र जब समाज की समस्याओं को अपनी जिमेदारी मानने लगे तब समझा जा सकता है कि हम सही दिशा में अग्रसर हैं।

**कालेज के प्रधानाचार्य अमनदीप संधू** ने कालेज परिवार की ओर से देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत सभी अतिथियों व अभिभावकों व अमंत्रित जनों का स्वागत किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर आयुक्त कुमाऊँ मंडल व सचिव मुखयमंत्री दीपक रावत, पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊँ रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी वंदना सिंह, पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा, प्रधानाचार्य शेरवुड कॉलेज अमनदीप सिंह संधू, लॉन्व्यू पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल भुवन त्रिपाठी, सेंट मैरी स्कूल के प्रिंसिपल मंजु शाह, बिरला विद्या मंदिर के प्राधानाचार्य अनिल शर्मा, सेंट जोसेफ कॉलेज के प्रिंसिपल सेबिस्टियन जॉर्ज, आशा फाउंडेशन की चेयरमैन आशा शर्मा, हेम पांडे, बासु शाह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सशक्त भारत पर यूओयू में सम्मेलन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड आर्थिक संघ (यूपीयूईए) का 21वां वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन भव्यता के साथ प्रारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस सम्मेलन का विषय एक सशक्त भारत के लिए सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा को सुदृढ़ करना, चुनौतियां और नीतिगत रूपरेखा रखा गया है, जिसमें देशभर के आर्थिक विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधार्थी और नीति-निर्माता भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, कुलगीत और पुष्पांजलि अर्पण से हुई। मु यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समारोह से जुड़े। शिक्षा मंत्री ने स मेलन को केवल एक अधिवेशन नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच बताया जहा ज्ञान के नए विमर्श जन्म लेंगे। उन्होंने कहा कि इस अधिवेशन का उत्तराखंड में आयोजन गौरव की बात है और इससे प्रदेश की शैक्षिक-नीतिगत दिशा को नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्यमंत्री धामी ने आशा व्यक्त की कि इस सम्मेलन से जो विचार और सुझाव सामने आएंगे, वे राज्य के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे और सरकार उन पर शीघ्र अमल करेगी। इस अवसर पर विभिन्न लेखकों की पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। जिन लेखकों की पुस्तकें इस अवसर पर लोकार्पित हुई, उनमें प्रो. विकास प्रधान, सौरभ वर्मा, डा. सरिता द्विवेदी और प्रो. अनुप कुमार प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त संस्था के शोध जर्नल, सम्मेलन स्मारिका और अन्य प्रकाशनों का विमोचन भी किया गया। यूओयू के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने कहा कि यह अधिवेशन केवल दो राज्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की नींव रखने का एक सशक्त प्रयास है। उन्होंने इसे अनुभव और ऊर्जा का अद्भुत संगम बताते हुए कहा कि इसमें युवा शोधार्थियों से लेकर सेवानिवृत्त विशेषज्ञों तक की सहभागिता, विमर्श को समृद्ध बनाएगी। यूओयू को लेकर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय केवल डिग्रियां प्रदान करने वाला संस्थान नहीं, बल्कि नवाचार, प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता का केंद्र है। हाईकोर्ट उत्तराखंड के पूर्व न्यायाधीश राजेश कुमार टंडन ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करते हैं। बीआर अम्बेडकर विवि लखनऊ के पूर्व कुलपति अशोक मित्तल ने आर्थिक संघ के अब हुए कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान चंपावत निवासी प्रो. धर्मकीर्ति जोशी को सम्मानित किया गया। उन्होंने भारत के सामाजिक-आर्थिक ढांचे की मजबूती के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को फिजिकल संरचना जितना ही आवश्यक बताया। सम्मेलन की रूपरेखा संस्था के महासचिव प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. प्रशांत घोष ने आयोजन को लेकर अनेक महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन यूओयू के हिन्दी विभाग के डा. शशांक शुक्ला तथा अंग्रेजी विभाग की डा. सुचित्रा अवस्थी ने किया। समारोह की संयोजक प्रो. मंजरी अग्रवाल थी, जबकि समन्वय में प्रो. गिरिजा प्रसाद पांडे ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर यूपीयूईए अध्यक्ष प्रो. अशोक मित्तल, प्रो. अनामिका चौधरी, प्रो. रेनू प्रकाश सहित अनेक शिक्षाविद मौजूद रहे। वहीं, दोपहर बाद हुए पहले सत्र में प्रो. पीके घोष ने इंडिया डिफेंस एंड इकोनोमिक स्ट्रेंथ विषय पर पावर पाइंट प्रस्तुति दी। उन्होंने भारत की रक्षा नीतियों, रक्षा बजट में बदलाव, स्वदेशी उत्पादन और आर्थिक दृष्टिकोण से सुरक्षा क्षेत्र में हो रहे सुधारों पर प्रकाश डाला। इस प्रस्तुति में भारत की आंतरिक संप्रभुता और वैश्विक रणनीतियों के समन्वय पर भी विस्तार से चर्चा हुई। पूरे दिन चले सत्रों में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## महिला पर झपटा गुलदार

**बागेश्वर।** शोर मचाकर महिला ने गुलदार से अपनी जान बचाई। हालांकि इस बीच गुलदार ने अपने पंजों से महिला पर आत्मघाती हमला कर दिया। हमले में महिला का हाथ जख्मी हो गया। गुरुवार की रात गुलदार ने तुपेड़ गांव में खाना खा रही 40 वर्षीय कमला देवी पत्नी दयाल सिंह का हाथ जख्मी हो गया। परिजनों व महिला ने हल्ला कर गुलदार को घर से भगाया। गुलदार की धमक से गांव में दहशत बनी हुई है। शुक्रवार को जिला अस्पताल में पहुंची पीड़ित ने अपनी आप बीती बताई। उन्होंने कहा यदि कुछ पल देर होती तो गुलदार उनकी जान ले सकता था। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। घायल महिला को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने घायल का इलाज किया। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की। साथ ही पीड़िता को मुआवाजा देने की मांग की है। इधर प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव मर्तोलिया ने बताया कि रेंजर को मौका मुआयान करने के निर्देश दिए हैं। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर ही मुआवजा की राशि दी जाएगी।

## एक नजर

### बालश्रम कराने वालों की खैर नहीं

**बागेश्वर।** श्रम परिवर्तन अधिकारी पीके सैल ने कहा है कि यदि कहीं कोई बाल श्रम करता पाया या बच्चों को नशीली सामग्री बेचता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि बच्चे के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य आवश्यक है तथा इसके लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर पैन इंडिया कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी द्वारा गठित टास्क फोर्स ने श्रम परिवर्तन अधिकारी पीके सैल के नेतृत्व में गरुड़ व कौसानी के रेस्टोरेंट, होटल, दुकानों, बार आदि स्थानों का निरीक्षण किया व उनके पत्रजात चेक किए। उन्होंने कहा कि किशोरों के अधिकार के लिए सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है। किसी प्रकार का बाल श्रम कराता कोई पाया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने होटलों में काम करने वाले कर्मचारियों से वेतन व उनके स्थायी पते आदि की जानकारी ली।

### उन्नत कृषि तकनीक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अल्मोड़ा।** विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से 'पर्वतीय क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा को उन्नत कृषि तकनीकें' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान संस्थान के वैज्ञानिकों ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में औषधीय व सुगंधित फसलों की अपार संभावनाएं हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिकों की ओर से व्याख्यान व प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए। मंडुआ, चुआ व विभिन्न प्रकार की मक्का की वैज्ञानिक खेती, मोटे अनाजों की उन्नत सस्य क्रियाओं, बीज उत्पादन तकनीक, कीट व रोग प्रबंधन, संरक्षित तकनीक से सब्जियों के उत्पादन, जल प्रबंधन, मशरूम उत्पादन, जैविक खेती व मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। मशरूम उत्पादन, पर्वतीय क्षेत्रों में औषधीय व सुगंधित फसलों की संभावनाएं, ड्रोन तकनीक व ख्रषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) के गठन और प्रबंधन के बारे में भी बताया। किसानों को विभिन्न फसलों के उन्नत बीज भी वितरित किए गए। इस मौके पर यहां डा. अमित ठाकुर, डा. नवीन चंद्र गहत्याड़ी, डा. राजेंद्र प्रसाद मीणा समेत कई किसान मौजूद रहे।

### डीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की उठाई मांग

**अल्मोड़ा।** विकासखंड हवालबाग के ग्रामीणों ने गांव के एक व्यक्ति पर अवैध कटान और अतिक्रमण का आरोप लगाया है। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। जल्द कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में कहा कि गांव के ही एक व्यक्ति ने कोसी-खूंट मोटर मार्ग पर अवैध तरीके से अतिक्रमण किया गया है। कहा कि पूर्व में भी प्रशासन को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। कहा कि आरोपी की ओर से खुदान कर मलबा डंप किया गया है। बारिश के दौरान मलबा कोसी बैराज में जा रहा है। इससे बैराज में गाद बन रही है, जो अल्मोड़ा की पेयजल आपूर्ति के लिए सही नहीं है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो समस्त ग्रामीण उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में पीसी जोशी, केवलानंद जोशी, गोपाल दत्त, संजय जोशी, केबी जोशी, दीप चंद्र जोशी, मोहन नेगी, चंदन सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**अल्मोड़ा।** विकासखंड हवालबाग के ग्राम पंचायत फलसीमा के कालिका मंदिर में शुक्रवार को नौ दिवस श्रीमद् देवी भागवत कथा शुरू हो गई है। कथा के शुभारंभपर महिलाओं की ओर से कलश यात्रा निकाली गई। मौके पर भजन कीर्तनों का गायन किया। शुक्रवार को महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजधज कर मंदिर परिसर पहुंची। मंदिर परिसर से कलश यात्रा शुरू की गई। यात्रा पूरे क्षेत्र से होकर कालिका मंदिर तक पहुंची। कलश यात्रा में फलसीमा की महिलाओं समेत विभिन्न गांवों के श्रद्धालुओं ने भागीदारी की। इस दौरान मंदिर में कीर्तन भजनों और मां के जयकारे लगाए और पहले दिन की कथा का श्रवण किया। पुरोहितों ने विधि विधान के साथ पूर्वांग पंचांग, कलश स्थापना, व्यास पूजन किया गया। कथा व्यास आचार्य संजय ख्रष्ण जोशी ने कथा सुनने के महत्व को बताया और मां के विभिन्न रूपों का वर्णन किया। यहां यजमान त्रिलोक सिंह बिष्ट, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, रमेश बहुगुणा, रविंद्र पांडे, शोभा जोशी, धन सिंह बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश

**अल्मोड़ा।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की शुक्रवार को कलक्ट्रेट में बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, दुर्घटनाओं में कमी लाने और जनजागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीएम ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूलों, कॉलेजों समेत अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जनजागरूकता अभियान चलाने समेत नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए। इसके अलावा बारिश या स्लाइड आदि की वजह से सड़क बंद त्वरित खोलने, क्वारब समस्या के दृष्टिगत उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को सुरक्षा क्वारब डेंजर प्वाइंट के दोनों और पुलिस कार्मिक तैनात रहने के निर्देश भी दिए। यहां बैठक में सीएमओ डक्क नवीन चंद्र तिवारी, संभागीय परिवहन अधिकारी अनीता चंद, सीओ जीडी जोशी आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने रोपे पौधे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** ग्राम पंचयात् लोब, खरेही पट्टी अंतर्गत पूर्व राज्य सभा सांसद प्रदीप टम्टा के गृह क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनो की याद में श्री गोलू वन के नाम से समस्त क्षेत्र वासियों द्वारा अपनों की याद में वृक्ष रक्षक जालियां बनाकर 51 पौधों का रोपड़ किया गया। ग्राम पंचायत में देवकी लघु वाटिका द्वारा चंदन, कपूर, सिलिंग, मुगा रेशम, लौकाट, नीबू प्रजाति, जामुन, अमरूद, च्युरा, आवला, आम, परिजात, श्रीश, तेजपत्ता आदि प्रजाति के पौध दिए गए। इस मौके पर पर्यावरण प्रेमियों को भी पौधे भेंट किये गए। कार्यक्रम में किशन सिंह मलड़ा ने सभी का आभार करते हुए पर्यावरण पलायन रोजगार की समस्यायों को अपने आस-पास अधिक से अधिक बहुउपयोगी पौधों के रोपड़ करने की बात कही। कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने इस अभियान को जारी रखते हुए क्षेत्रीय ग्रामीणों से सहयोग की भावना के साथ अपनों की यादों को बनाये रखने के लिए संरक्षण सहित भागीदारी निभाने का आव्हाहन किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान बीना टम्टा, नंदन प्रसाद, पुष्पा, अरुण, राजेंद्र सिंह मलड़ा, सुंदर धपोला, शैलेंद्र चौहान, हेमंत मलड़ा, मनीषा आदि मौजूद थे।



# जीएसटी रजिस्ट्रेशन की जटिलता पर जताई चिंता

## राज्य कर विभाग और व्यापार मंडल की बैठक, कर चोरी रोकने पर मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य कर विभाग हल्द्वानी द्वारा शुक्रवार को नगर निगम सभागार में जीएसटी के संदर्भ में व्यापारियों के साथ एक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और विभाग के अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

बैठक में जीएसटी की जटिल प्रक्रिया को लेकर व्यापारियों की चिंताओं पर विशेष रूप से मंथन किया गया। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण ने अधिकारियों को अवगत कराया कि शहर और कस्बों में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कारोबार कर रहा हो, उन सभी को जीएसटी रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया निशुल्क और शीघ्रता से कराई जाए ताकि व्यापारी स्वेच्छा से रजिस्ट्रेशन करा सकें। साथ ही छोटे कारोबारियों का असेसमेंट वर्ष में केवल एक बार करने और सर्वे के नाम पर अनावश्यक परेशान करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने की मांग रखी। महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल व प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि विभाग को अपने अन्य कार्यक्षेत्र जैसे मोबाइल विंग आदि के अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर ब्रांडेड नाम पर डुप्लीकेट और मिलावटी सामानों की बिक्री पर तेजी से कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि ग्राहक और आमजनता धोखाधड़ी और लूट से बच सके। राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने व्यापार मंडल के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि वे इन बिंदुओं को अपने उच्च अधिकारियों के समक्ष रखकर समाधान का प्रयास करेंगे। इस दौरान राज्य कर विभाग से असिस्टेंट कमिश्नर कमल किशोर जोशी, दीपक माहेश्वरी, सूची तिवारी, कैलाश आर्य, दलजीत सिंह दल्ली, राकेश गुप्ता टीटू, देवेश अग्रवाल, गोविंद बगड़वाल, मुकेश ढींगरा सहित कई व्यापारी नेता मौजूद रहे।



## 62 वाहन चालकों पर की कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने परिवहन विभाग को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी में शुक्रवार को परिवहन विभाग की ओर से जिले भर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। आरटीओ अनीता चंद ने बताया कि चेकिंग के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया था। टीमों ने अल्मोड़ा-क्वारब मोटर मार्ग में 33, अल्मोड़ा-रानीखेत-खैरना मार्ग में 24 तथा ताड़ीखेत कस्बे में 08 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की। टीम में परिवहन कर अधिकारी अखिलेश चौहान, पवन कुमार, एआरटीओ रानीखेत मुकेश चंद्र जोशी रहे।

## यातायात के लिए चुनौती बने ई-रिक्शा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** इन दिनों शहर में तेजी से बढ़ रही ई-रिक्शा सेवाएं अब लोगों की सुविधा के साथ-साथ परेशानी का कारण भी बनती जा रही हैं। सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है कि अधिकांश ई-रिक्शा चालकों का पुलिस सत्यापन अब तक नहीं हुआ है, जिससे उनके आचरण और पृष्ठभूमि की जांच अधूरी रह गई है। वहीं, कहीं भी बेतरतीब ढंग से ई रिक्शा खड़ा कर आने वाले वाले राहगीरों खासकर महिलाओं को बाजार में निकलने में दिक्कत होती है। इन ई रिक्शा चालकों से इस बारे में अगर आम जन कुछ कहता है तो आम जनता के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। बदसलूकी, अभद्र भाषा का प्रयोग और किराए को लेकर विवाद की शिकायतें आए दिन सामने आ रही हैं। कुछ मामलों में महिला यात्रियों के साथ भी अशोभनीय व्यवहार की बातें उजागर हुई हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, शहर में ई-रिक्शाओं का अनियंत्रित और अव्यवस्थित संचालन यातायात के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। मुख्य चौराहे पर तो कई बार इन ई रिक्शा की लंबी चौड़ी लाइन लगी रहती है जिससे यातायात बाधित हो जाता है। महाराणा प्रताप चौक से मुख्य बाजार की ओर इन ई रिक्शा का अनियंत्रित संचालन हो रहा है लेकिन कोई व्यवस्थित करने की सुध नहीं लेता। यातायात पुलिस की सीमित कार्रवाई के कारण इन पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ई-रिक्शा चालकों का तत्काल सत्यापन कर उन्हें पहचान पत्र जारी किया जाए, साथ ही संचालन के लिए निर्धारित मार्ग और समय-सीमा तय की जाए।

# पंचायत चुनाव से बच रही सरकारः रावत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरीश रावत ने शुक्रवार दोपहर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री मुकेश मेहरोत्रा के बाजपुर रोड स्थित प्रतिष्ठान हीरो शोरूम पर पहुंचकर दिवंगत मुकेश मेहरोत्रा के पुत्र अर्पित मेहरोत्रा को नए प्रतिष्ठान की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्र में सक्रिय रहने के साथ ही अपने पिता के बिजनेस को भी सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने स्व. मुकेश मेहरोत्रा का भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि मुकेश मेहरोत्रा कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे और उनका उनसे विशेष लगाव रहा। मीडिया से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि राज्य सरकार इन चुनावों को कराने से बच रही थी, लेकिन हाईकोर्ट ने उसकी मंशा पर पानी फेर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर विमल गुड़िया, सुरेश शर्मा जंगी, ब्रह्मा पाल, जयसिंह गौतम, अलका पाल, संजय चतुर्वेदी, गुरदयाल सिंह, जितेंद्र सरस्वती, विनोद शर्मा होण्डा, त्रिलोक सिंह अधिकारी, इंदर सिंह एडवोकेट, प्रदीप जोशी, निशित गुड़िया, इरशाद चौधरी, महेन्द्र बेदी आदि दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का जोरदार स्वागत किया।

# ताला तोड़कर उड़ाए जेवरात

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** गुरुवार रात्रि को अज्ञात चोरों ने शांतिपुरी न व1 दो बंद घरों के ताले तोड़कर वहां से बहुमूल्य सोने चांदी के जेवरात समेत घर में रखा 53600 रुपए कैश चोरी कर लिया है। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बीते 25 जून को शांतिपुरी नंबर 1 निवासी नौबत सिंह पुत्र फतेह सिंह अपने पिता की अस्थियां विशर्जित करने परिवार समेत हरिद्वार गए हुए थे। शुक्रवार प्रातः 7 बजे वापस घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है और घर के सारे कमरों में सामान बिखरा पड़ा है। छानबीन करने पर पता चला कि घर में खर्चे के लिए रखें 53600 रुपए कैश, दो जोड़ी सोने के कुंडल, एक सोने की अंगूठी, चांदी के दो जोड़ी पायल व एक जोड़ा कमर बंद तथा एक जोड़ा चांदी के कंगन चोरी हो गए हैं। इसके बाद चोरों ने पास में गंगा देवी गंगोला पत्नी स्व. प्रीतम सिंह के बंद घर के ताले तोड़ कर आलमारी, सूटकेश, बक्सा व बैड आदि का सारा सामान बिखेर गए। बाद में सूचना पर पहुंची मकान स्वामी गंगा देवी गंगोला ने बताया कि उनका पूरा परिवार लंबे समय से अपने नौकरी सुदा बेटों के साथ रूद्रपुर में रहता है। इसी लिए घर में पैसा, सोना चांदी जैसे बेस कीमती चीजें नहीं होने के कारण चोर वहां से खाली हाथ लौट गए। लेकिन वह घर को खंगालने से पूर्व बड़ी सफाई से घर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की दिशा को बदलकर ऊपर करे थे। और वहीं सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर और हार्ड डिस्क भी चोर उठा ले गए।



## नाबालिग के अपहरण का मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** यूपी के जिला रामपुर अंतर्गत स्वार क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने डॉक्टर लाइन स्थित कैफे संचालक सहित दो युवकों पर उसकी नाबालिग बेटी के अपरहरण का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। तहसील स्वार जिला रामपुर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने काशीपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी लगभग 17 साल की नाबालिग पुत्री 24 जून 2025 की शाम के लगभग 5.30 बजे के आस-पास अपनी बहन व बुआ की बेटी के साथ काशीपुर स्थित नानी के घर से बाजार गयी थी जो शाम के लगभग 8 बजे तक भी घर वापस नहीं आयी। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि जब उन्होंने अपनी पुत्री व बहन की बेटी से से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री को बाजार से रिहान पुत्र सरताज हुसैन व आले नबी पुत्र रहमत नबी अपने साथ डॉक्टर लाइन स्थित एक कैफे में ले गये थे, उक्त कैफे का मालिक आले नबी ही है। जब वे लोग अपनी बेटी को ढूंढने के लिये उक्त कॉम्पलैक्स मे गये तो वहां मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि उनकी पुत्री को रिहान व आले नबी अपने साथ ले गये हैं। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने आले नबी से पूछा तो वह टालमटोल व गुमराह कर रहा है। उन्हें पूरा यकीन है कि उनकी पुत्री को रिहान ही बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है, जिसमे उसका पूरा साथ आले नबी ने दिया है। उन्होंने रिहान व आले नबी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए उनकी पुत्री को बरामद करने की मांग की है।

# शिविर में किया स्वैच्छिक रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 70 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है, इसमें बैंक ने 70,000 यूनिट ब्लड डोनेट करने का संकल्प लिया है। इस कड़ी में आज स्टेट बैंक ऑफ इंडिया काशीपुर शाखा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन बाजपुर रोड स्थित होटल गौतमी हाइट्स में किया गया। इसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया काशीपुर की ओर से 50 यूनिट ब्लड डोनेट का लक्ष्य रखा गया। इसमें स्टेट बैंक इंडिया की ओर से रक्तदाताओं को एक फूड पैकेट व एक गिफ्ट हैंपर प्रोत्साहन के लिए दिया गया। यह कार्यक्रम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सीएसआर के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार, मुख्य प्रबंधक अनिल कुमार, प्रबंधक गौरव पाल, प्रबंधक उज्जवल, शीतल व उपप्रबंधक दीपमाला मिश्रा शामिल रहे। ब्लड डोनेशन कैंप को एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय काशीपुर द्वारा संचालित किया गया।एसबीआई के प्रबंधक गौरव पाल ने कैंप आयोजित करने में सहयोग के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता राम मेहरोत्रा का धन्यवाद करते हुए कहा कि अपेक्षा है कि आज लक्ष्य से कहीं ज्यादा लोग ब्लड डोनेट करेंगे। उन्होंने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें प्रोत्साहित भी किया। एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय की ओर से डॉ. संदीप दीक्षित, डॉ. अंजली पांडे, प्रशांत सिंह रावत, सतीश कुमार, अंजू आर्य, लव कुश व विपिन कुमार मौजूद रहे।




## कुमाऊं महोत्सव में देर रात तक धूम



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नगर के जीआईसी खेल मैदान में दस दिवसीय कुमाऊं महोत्सव के तहत रंगारंग कार्यक्रम जारी है। गुरुवार की रात लोक कलाकारों के नाम रही। लोक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से लोगों को झुमने में मजबूर कर दिया। श्री राम सांस्कृतिक व सामाजिक सेवा समिति की ओर से आयोजित महोत्सव में बिशन सिंह हरियाला, महिपाल मेहता, गोपाल चम्याल ने बांजै डाई मुणा मेरी पुष्पा लकी रै..., हिट दीपुली बागेश्वरा...., गोरख्ये चेली, मेरी मंजु बाना... आदि कुमाऊंनी और गढ़वाली गीतों की प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने में मजबूर कर दिया। वहीं, कलात्मक योग प्रतियोगिता ने भी दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों की खूब तालियां बटोरी। यहां नगर निगम मेयर अजय वर्मा, समिति अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय, एबी कश्मीरा, अजेंद्र प्रसाद, विनीत बिष्ट, कमलेश तिवारी, अर्जुन बिष्ट, देवेंद्र भट्ट, आनंद भोज, विजय चौहान, हरीश कनवाल, मुराद खान, राजेंद्र तिवारी, अमरनाथ सिंह नेगी, डा. संतोष बिष्ट आदि रहे।

# हरेला महोत्सव 19 जुलाई से



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक क्लब के अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि विगत वर्ष की भांति इस बार भी हरेला महोत्सव का आयोजन 19 व 20 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। 6 जुलाई को हरेला महोत्सव का आयोजन होटल पवेलियन होटल में किया जाएगा।

कार्यक्रम की सफलता के लिए हरेला महोत्सव संयोजक गीता शाह व दीपा पांडे को बनाया गया है। अमिता शाह, विनीता पांडे, रानी शाह, ज्योति, हेमा भट्ट को सहसंयोजक, शोभा यात्रा का संयोजक प्रगति जैन, कंचन जोशी को सह संयोजक बनाया गया है। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष आभा साह ने कहा इस बार हरेला महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। दीपा पांडे ने बताया कि 19 जुलाई को 11 बजे से गोवर्धन हाल से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें शहर के स्कूली बच्चे प्रतिभाग करेंगे साथ इस बार असम राजस्थान एवं पंजाब की टीमों को भी आमंत्रित किया गया है। राज्य के जिलों के संस्कृत दलों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। क्लब द्वारा 20 जुलाई को प्रतिभा ज्योति सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जा रहा। इस दौरान मीनाक्षी कीर्ति, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, रमा भट्ट, सरिता त्रिपाठी, जीवंती भट्ट, कविता त्रिपाठी, रेखा पंत, रेखा जोशी, रमा तिवारी, डा.पल्लवी, नीरू शाह, तन्नू सिंह, कविता गंगोला, नीलम गुप्ता, भावना शाह, वंदना जोशी, मानसी गर्ग, मधुमिता, सीमा सेठ, जया वर्मा, संगीता श्रीवास्तव, अमिता शेरवानी, मीनू बुधलाकोठी, लीला राज, पुष्पा कांडपाल, खष्टि बिष्ट आदि रहे।

## 72 लोगों ने किया रक्तदान

**अल्मोड़ा।** भारतीय स्टेट बैंक की ओर से 70 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शहीद तिराहे स्थित एक होटल सभागार में आयोजित इस शिविर में 72 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक कमल छाबड़ा ने बताया कि पर्वतीय अंचल में बैंकिंग के साथ-साथ एसबीआइ सामाजिक सरोकारों को भी निभा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान कर हम किसी की जिदंगी बचा सकते हैं। उन्होंने सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। यहां मानव संसाधन प्रबंधक अजय कुमार मिश्र, मेडिकल कालेज के रक्त केंद्र के प्रभारी डा. आशीष जैन, कैंप समन्वक हेम बहुगुणा, आशीष त्रिपाठी, अनिल कुमार, अभिषेक निराला, पवन चोकन, डा. करण सिंह, डा. अक्षय कुमार, डा. दिलनवाज, नर्सिंग अधिकारी तनुजा कन्याल, नीलम रावत, राजदेव सिंह आदि मौजूद रहे। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# पहलः बुजुर्गो ने माँ के नाम पर लगाया पौधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को श्री आनंद आश्रम के पदाधिकारियों, बुजुर्गो और स्टाफ ने बाबा नीम करौरी वृद्धाश्रम के पास स्थित जंगल में पौधरोपण किया। पौधरोपण का उद्देश्य पौधों की देखभाल कर फलों के वृक्षों से ग्रामवासियों और जानवरों को लाभ पहुंचाना था। इस अवसर पर जामुन, गिलोय, नींबू, बरगद, गुलमोहर, नीम, शहतूत, बेलपत्री और गुलर के पौधे लगाए गए। सभी ने अपनी माता के नाम पर एक-एक पौधा रोपित किया। पौधरोपण कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष कनक चंद, उपाध्यक्ष कासनी मैन, मदन सिंह बिष्ट, योगेश आर्या और वृद्धाश्रम के बुजुर्गो ने सहभागिता निभाई। पौधों की व्यवस्था में सहयोग के लिए अध्यक्ष कनक चंद ने मदन सिंह बिष्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था हर वर्ष पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करती है, जिससे सभी को खुशी और संतोष मिलता है।



# ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में हुए गोलीकांड का खुलासा

## क्रिकेट मैच में बेइज्जती का बदला लेने के लिए मारी थी गोली, 7 आरोपी गिरफ्तार, 6 फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पांच दिन पूर्व बिड़ला स्कूल के पास हुई सरेआम गोलियां चला कर कत्ल की कोशिश करने वाले सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने सात लोगों की गिरफ्तारी करते हुए उस असलहे को भी बरामद कर लिया है, जिससे फायर झोंका गया था। इस गोली कांड की वजह एक थप्पड़ था। ये थप्पड़ क्रिकेट मैच के दौरान गोली से घायल हुए व्यक्ति ने गोली चलाने वाले को जड़ा था। शुक्रवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि 23 जून को कोतवाली हल्द्वानी क्षेत्र के प्रेमपुर लोशज्ञानी रोड स्थित बिड़ला



स्कूल के पास फायरिंग की घटना हुई थी। इस मामले में 25 जून को रामपुर रोड स्थित चांदनी चौक बल्यूटिया आनंदपुर निवासी जितेंद्र सिंह मेहरा ने हल्द्वानी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। बताया था कि 23 जून को शाम साढ़े सात बजे उसका छोटा भाई हरीश सिंह मेहरा अपने साथी नीरज भगत, भूपेंद्र सिंह बोरा व गणेश सिंह दरम्वाल के साथ कार में सवार बिड़ला स्कूल से छड़ायल की तरफ जा रहा था। कार को नीरज भगत चला रहा था। तीनतास प्रेमपुर लोश्ज्ञानी रोड को क्रास करते ही जब सभी बिड़ला स्कूल की तरु मुड़े तो वहां पहले से घात लगाए बैठे रोहित मंडोला उर्फ राजा व उसके 10-12 हथियारबंद साथियों ने गाड़ी पर हमला कर दिया। हरीश को बचाने के लिए जब भूपेंद्र व गणेश कार से बाहर आए तो हथियारबंद लोगों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। रोहित मंडोला उर्फ राजा ने पिस्टल निक. ालकर हरीश पर फायर झोंक दिया। पिस्टल से निकली गोली बीच-बचाव कर रहे भूपेंद्र को लग गई। रोहित ने दूसरा फायर भी भूपेंद्र पर झोंक दिया। रोहित मंडोला उर्फ राजा के साथ अन्नू बिष्ट, विशाल बिष्ट, अक्षय रंगवाल, उज्जवल परगाईं के हाथ में हथियार थे। जबकि अन्य सात-आठ लोगों के हाथों में डंडे थे। एसपी सिटी का कहना है कि मोबाइल सर्विलांस और दर्जनों सीसीटीवी खंगालने के बाद पुलिस ने टीम ने मुख्य आरोपी रोहित मंडोला उर्फ राज मंडोला पुत्र भूपेंद्र सिंह मंडोला निवासी हरिपुर लालमणि गन्ना सेंटर सहित कुल 7 आरोपियों को बेलबाबा मंदिर स्थित वन विभाग चेक पोस्ट के पास जंगल से गिरफ्तार कर लिया। रोहित मंडोला के कब्जे से घटना में पिस्टल बरामद की गई है। एसपी सिटी के मुताबिक करीब 20 दिन पहले क्रिकेट मैच में हरीश और और रोहित के बीच विवाद हो गया। वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और उन्हीं के सामने हरीश ने रोहित को तमाचा जड़ दिया था। इससे रोहि. हत के कान में काफी चोट आई थी। इसी थप्पड़ का बदला लेने के लिए रोहित ने हरीश को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया था। पकड़े गए आरोपियों में रोहित मंडोला उर्फ राजा मंडोला पुत्र भूपेन्द्र सिंह मंडोला निवासी हरीपुर लालमणि नवाड़ थाना हल्द्वानी, प्रियांशु बिष्ट उर्फ हन्नु बिष्ट पुत्र हीरा बिष्ट निवासी ग्राम करायल जौलासाल थाना हल्द्वानी, विशाल बिष्ट पुत्र भीम सिंह बिष्ट निवासी करायल जौलासाल हल्द्वानी, जीवन बिष्ट पुत्र हरीश सिंह बिष्ट निवासी छड़ायल सुयाल हिमालयन कालोनी थाना मुखानी हल्द्वानी, उज्जवल परगाई पुत्र नन्दन सिंह परगाई निवासी जीतपुर नेगी थाना हल्द्वानी, अक्षय रंगवाल उर्फ अक्कू पुत्र स्व. खुशाल सिंह रंगवाल निवासी हल्दूपोखरा नायक थाना हल्द्वानी, संदीप कुमार पुत्र नन्द किशोर निवासी देवलचौड़ थाना हल्द्वानी शामिल हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अभी छह और लोगों की गिरफ्तारी की जानी है। पुलिस टीम में कोतवाल राजेश कुमार यादव, एसएसआई महेन्द्र प्रसाद, एसएसआई रोहताश सिंह सागर, एसओजी प्रभारी संजीत राठौर, टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार, मेडिकल चौकी प्रभारी भूपेन्द्र सिंह मेहता, हेड कांस्टेबल दिगम्बर सनवाल, सुन्दर कोहली, कांस्टेबल युगल किशोर, अनिल गिरी, तारा सिंह, अनिल टम्टा, नीरज कुमार, सन्तोष बिष्ट व धीरेन्द्र सिंह अधिकारी थे।

### चाकू के साथ एक धरा

**हल्द्वानी।** काठगोदाम जीआरपी पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी के जुहरखुरानी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। जानकारी देते हुए जीआरपी थानाध्यक्ष नरेश कोहली ने बताया कि बीते गुरूवार की रात्रित वह अपनी टीम के साथ काठगोदाम रेलवे स्टेशन परिसर में चेकिंग पर थे। इसके साथ ही टीम शांति व्यवस्था के लिए संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ले रही थी। इसी दौरान रेलवे स्टेशन काठगोदाम के प्लेटफार्म संख्या-1 पर संदिग्ध अवस्था में एक युवक घूमता हुआ दिखाई दिया जो टीम को देख भागने लगा। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया। जिसकी तलाशी लेने पर एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अजय पाल निवासी बिहारीपुर, थाना दातागंज जिला बदायूं उत्तर प्रदेश के रुप में हुई है। बताया जा रहा कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम, जहर खुरानी, चोरी, गैंगस्टर अधिनियम व मारपीट के मुकदमे दर्ज हैं।

# कारों में भिड़ंत, तानी रिवॉल्वर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते गुरुवार को रामपुर रोड में दो कारों की आमने सामने भिडंत हो गयी। जिसके बाद दोनो कार चाल.

### हवाई फायर वाले वाले युवक पर दर्ज हुआ मुकदमा

कों में विवाद हो गया। तभी एक कार चालक ने तैश में आकर अपने कुछ साथियों को मौके पर बुला लिया। मौके पर पहचे एक युवक ने दूसरे कार चालक की कनपटी में रिवॉल्वर तान दी। जिसके बाद उसने हवा में फायरिंग करने लगा। पीड़ित ने आरा. ेपी युवक के खिलाफ तहरीर सौंप कर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने पीड़ित कार चालक की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार जीबी पंत मार्ग हल्द्वानी निवासी शौर्य कक्कड़ ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि 26 जून को वह सुबह लगभग साढ़े तीन बजे रामपुर रोड से अपनी कार संख्या यूके04एएच-4624 से हल्द्वानी की तरफ किसी काम से आ रहा था। तहरीर में उसने कहा कि सरगम सिनेमा हॉल, पेट्रोल पंप के सामने एक टाईगन कार अचानक सामने से आई और उसने यू-टर्न ले लिया। जिस कारण उनका वाहन सामने से यू-टर्न ले रही कार से टकरा गयी। इस हादसे में शौर्य और कुनाल मिश्रा को चोट आ गई। आरोप है कि टक्कर होते ही दूसरी कार में सवार दो लोग बाहर निकले और उन्होंने अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। तभी मौके पर पृथ्वी चौधरी और कुछ अन्य लोग वहां पहुंचे और उसके व दोस्त के साथ मारपीट-गाली गलौज करने लगे। तभी घटना की सूचना पर शौर्य के दो साथी विशाल और तुषार मौके पर पहुंचे और पृथ्वी नाम के युवक से कुनाल को अस्पताल पहुंच. ाने की अपील की। लेकिन वह नहीं माने। जैसे ही शौर्य, विशाल और तुषार घायल कुनाल को अस्पताल ले जाने को गाड़ी में बिठाने लगे तभी पृथ्वी नाम के युवक ने फायर झोंक दिया और इसके बाद शौर्य के कनपटी पर रिवॉल्पर तान दी। इतना ही नही आरोप है कि आरोपियों ने चारों दोस्तों पर पत्थर बरसाए और उन्हें घायल कर दिया। तभी घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आरोपी वहां से फरार हो गये। इधर कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## दो साल के लिए सुरक्षा करार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड उपनल और संतोष उद्यम एचपीसीएल बॉटलिंग संयत्र सितारगंज उधमसिंह नगर के मध्य दो साल के लिए सुरक्षा संबंधित करार अनुबंध ललित बिंदल संतोष उद्यम के प्रधान कार्यालय गाजियाबाद में हुआ। यह करार 1 जुलाई से 30 जून 2027 तक पुनर्वास महानिदेशालय के मार्फत किया गया। करार में संतोष उद्यम एचपीसीएल की तरफ से ललित बिन्दल के मालिक व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य संचालक अधिकारी सुनील कुमार सिंह और उपनल की तरफ सीनियर प्रोजेक्ट आफिसर कर्नल आलोक पाण्डे ने हस्ताक्षर किये। उनके साथ महेश चंद्र लोहनी लिपिक उपनल भी मौजूद रहे।

# सीएम ने उपराष्ट्रपति धनखड़ से की भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को आर्मी हेलीपैड हल्द्वानी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश के उपराष्ट्रपति जगदीप

### विकास योजनाओं पर हुई चर्चा

धनखड़ से शिष्टाचार भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। उपराष्ट्रपति धनखड़ उत्तराखंड के तीन दिवसीय प्रवास के समापन के बाद दिल्ली लौटने से पूर्व हल्द्वानी पहुंचे थे। इस अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह भी मौजूद रहे। हेलीपैड परिसर में हुई इस मुलाकात में उत्तराखंड राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों एवं विकास योजनाओं पर



विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री श्री धामी ने उपराष्ट्रपति के उत्तराखंड दौरे के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यात्रा से राज्य को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिली है। वहीं, उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सैनिक परंपरा एवं विकास के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपराष्ट्रपति को राज्य के स्थानीय उत्पादों के अंब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के विभिन्न उत्पाद स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट किए। उल्लेखनीय है कि उपराष्ट्रपति का यह दौरा विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों से जुड़ा रहा, जिसमें उन्होंने राज्य के लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर प्रदेश की उपलब्धियों की सराहना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री धामी ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त गुरमीत सिंह के साथ संयुक्त रूप से जमरानी बांध परियोजना का हवाई सर्वेक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, विधायक सरिता आर्य, मेयर गजराज बिष्ट, दर्जा मंत्री दीपक मेहरा, आयुक्त दीपक रावत, आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिक. ारी वंदना, एसएसपी पीएन मीणा, स्टेशन कमांडर कर्नल जतिन ढिल्लन सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रति. निधि मौजूद रहे।

# मुकेश वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अमेरिका के बर्मिंघम में 27 जून से 6 जुलाई तक आयोजित होने



वाले वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में भारत की ओर से उत्तराखंड पुलिस सीआईडी हल्द्वानी मे उपनि. रीक्षक मुकेश पाल प्रतिनिधित्व करेंगे। मुकेश पाल अमेरिका के लिए रवाना हो चुके हैं। फोन पर हुई बात. चीत में श्री पाल ने बताया कि इससे पूर्व उन्होंने 2024 में अमेरिका के कोलंबिया में आयोजित वर्ल्ड चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया था। वहीं, 2023 में कनाडा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस गेम्स में दो रजत पदक जीतकर भारत की शान को दोगुना कर दिया था। मुकेश पाल वर्तमान में उत्तराखंड पुलिस में सीआईडी कुमाऊं हल्द्वानी में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वह खेल कोटे से भर्ती हुए खिलाड़ी हैं और कॉमनवेल्थ सहित रूस, आयरलैंड, इंग्लैंड, कैलिफोर्निया, लॉस एंजेलिस, चीन, कनाडा, साउथ अफ्रीका और कोलंबिया जैसी बड़ी प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर कई पदक जीत चुके हैं। उन्होंने इंजरी और फिटनेस की चुनौतियों के बावजूद हार नहीं मानी और फिर से भारत के लिए पदक जीतने का लक्ष्य लेकर बर्मिंघम पहुंचे हैं। मुकेश पाल को आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, एसएसपी पीएन मीणा सहित पुलिस महकमे के वरिष्ठ अधिकारियों, शहरवासियों, प्रदेशवासियों और देशवासियों का लगातार आशीर्वाद और शुभकामनाएं मिल रही हैं।

# पेंशनर्स की समस्याओं से कराया अवगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसजीएचएस के तहत गोल्डन काड्र्स की अनुमान्य सुविधाओं के संबंध में गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन हल्द्वानी शाखा के 20 सदस्यीय पदाधिकारियों के शिष्टमंडल ने शहर के एक निजी चिकित्सालय का भ्रमण किया तथा चिकित्सालय प्रबंधन के डीडी जोशी के यूनिट हेड के रूप मे तैनाती होने पर एक सूक्ष्म औपचारिक मुलाकात कर पेंशनर्स की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने चिकित्सा प्रबंधन से अनुरा. ेध किया कि गोल्डन काड्र्स के तहत जो सुविधा चिकित्सालय में उपलब्ध है, उसका डिस्प्ले बोर्ड अस्पताल के बाहर लगा दिया जाये तथा सभी गोल्डन कार्डधारक को गवर्नमेंट पेंशनर्स की अनुमन्य सुविधाओं के तहत गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा मुहैय्या करायी जाये। यूनिट हेड जोशी ने अपनी टीम के अन्य सदस्य मनोज जोशी एवं डा. नवनीत के साथ पेंशनर्स डेलीगेशन का स्वागत कर महत्पूर्ण जानकारी साझा की तथा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में गवर्नमेंट पेंशनर्स अध्यक्ष लीलाधर पांडे, आरएस कैडा, विजय तिवारी, पीसी जोशी, सुरेश पंत, जीवन पंतोला, रमेश पांडे, भुवन पांडेय, नवीन जोशी, जेएस खोलिया, डीडी भट्ट, सुधीर पांडेय आदि शामिल रहे।

# सीएम के दौरे पर पार्षद ने किया विरोध, पुलिस ने हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के आवास विकास, सुभाष नगर, दमुवाडूंगा, कुसुमखेड़ा, भगवानपुर और छड़ैल जैसे क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा जारी किए गए बेदखली नोटिसों के खिलाफ शुक्रवार को विरा. ेध तेज हो गया। क्षेत्रीय पार्षद रोहित कुमार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हल्द्वानी आगमन पर नोटिसों को वापस लेने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें सीएम के पहुंचने से पहले ही तिको. निया क्षेत्र से हिरासत में ले लिया। मुख्यमंत्री उपराष्ट्रपति से मुलाकात के सिलसिले में हल्द्वानी आए थे, इसी दौरान रोहित कुमार ने नोटिस के खिलाफ आवाज उठाने का प्रयास किया। विरोध प्रदर्शन को रोकते हुए पुलिस ने उन्हें तत्काल हिरासत में ले लिया, हालांकि सीएम के प्रस्थान के



बाद उन्हें छोड़ दिया गया। पार्षद रोहि. हत कुमार ने कहा कि प्रशासन द्वारा गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को भेजे गए नोटिसों ने हजारों लोगों की नींद उड़ा दी है। बेघर होने की आशंका से लोग गहरे असंतोष और मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि ऐसे सभी नोटिसों को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए और वर्षों से रह रहे लोगों को मुफ्त मालिकाना हक दिया जाए, जिससे वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें और बेदखली का डर खत्म हो। रोहित कुमार ने दो टूक कहा कि जब तक गरीबों के साथ अन्याय होता रहेगा, वे सड़कों पर आवाज उठाते रहेंगे। प्रशासन को समझना होगा कि ये सिर्फ मकान नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगी और उनके वर्षों के संघर्ष की बुनियाद हैं।

# नोटिसों पर सुहानुभूतिपूर्वक विचार हो: भट्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सांसद अजय भट्ट ने हल्द्वानी के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण को लेकर दिए जा रहे हैं नोटिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर नोटिस पर तत्काल रोक लगाते हुए सहानुभूति पूर्ण विचार किए जाने की मांग की है। भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उनको पत्र के माध्यम से बताया कि जनपद नैनीताल के हल्द्वानी नगर के दमुवादूंगा, सुभाष नगर, आवास विकास, भगवानपुर आदि क्षेत्रों में लगभग 40 से 50 सालों से निवास कर रहे अनेक परिवारों को अतिक्रमण सम्बन्धी नोटिस प्राप्त हुए हैं, जिससे उनमें भारी असमंजस और भय का वातावरण व्याप्त है। इन क्षेत्रों में अधिकांश निवासी पर्वतीय जिलों जैसे-अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चम्पावत एवं नैनीताल के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों से स्थानांतरित होकर आए हैं। इन नागरिकों ने अपने जीवन की सम्पूर्ण पूंजी लगाकर वैध रूप से भूमि क्रय कर रजिस्ट्री कराकर मकान निर्माण किया है तथा वर्षों से शान्ति व अनुशासन के साथ यहां निवास कर रहे हैं। इनमें कई परिवार ऐसे हैं, जिनके सदस्य भारतीय सेना एवं अर्धसैनिक बलों में सेवारत् हैं या पूर्व में देश सेवा कर चुके हैं। ऐसे में उनके परिवारों को अचानक प्राप्त हुए अतिक्रमण नोटिस से वे अत्यन्त मान. सिक तनाव एवं भय मे हैं, जो कि किसी भी दृष्टिकोण से न्यायोचित प्रतीत नहीं होता हैं।

# दुकानों के किराए में 10 प्रतिशत छूट की अवधि तीन माह बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम की दुकानों का किराया जमा करने पर मिलने वाली 10 प्रतिशत छूट की अवधि तीन माह बढ़ाने की मांग को लेकर देवभूमि व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को मेयर गजराज बिष्ट से मिला। व्यापारी नेताओं ने मेयर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा दुक. ानों के किराए के बिल हाल ही में वितरित किए गए हैं, जबकि छूट की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। प्रतिनिधियों का कहना था कि अधिकतर किरायेदारों को बिल एक सप्ताह पूर्व ही प्राप्त हुए



हैं, और वर्तमान में बाजार में मंदी के हालात हैं। ऐसे में अधिकतर दुकानदार समय पर किराया जमा नहीं कर पा रहे हैं। व्यापारी नेताओं ने मांग की कि छूट की अवधि को तीन माह तक बढ़ाया जाए, जिससे व्यापारी आसानी से किराया जमा कर सकें और उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह चढ्डा, प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बगड़वाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष मुकेश ढींगरा सहित अन्य पदा. धिकारी मौजूद रहे।

# प्रधानाचार्या के वार्षिक अधिवेशन में शैक्षणिक नेतृत्व पर मंथन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** स्कूली शिक्षा को सफल बनाने में प्रधानाचार्यों की महत्ती भूमिका है। शैक्षणिक नेतृत्व व वार्षिक शैक्षणिक योजना में प्रधानाचार्य का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रधानाचार्य किसी भी स्कूल की योजना निर्धारण मे भी सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। प्रभावी शैक्षणिक नेतृत्वकर्ता के अंदर क्या मुख्य गुण-कौशल होने चाहिए, इन बिन्दुओं पर वार्षिक अधिवेशन में विस्तारपूर्वक मंथन हुआ।

श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन द्वारा संचाचिल एसजीआरआर पब्लिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों के वार्षिक अधिकवेशन में वक्ताओं ने मुख्य रूप से इन बिन्दुओं को रेखांकित किया। प्रधानाचार्यर् एक शैक्षणिक नेतृत्वकर्ता विषय पर आधारित कार्यक्रम में प्रधानाचार्यों की भूमिका, जिम्मेदारी व नीति निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि, वीना रावत, आजीवन सदस्य, श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन ने कहा कि मिशन के चेयरमैन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज कुशल प्रशासक के रूप में हम सभी के प्रेरणास्त्रोत हैं।

### जनता चाहती थी जीरो रोस्टर खत्म हो, भाजपा की चाल से व्यवस्था उलझी: कांग्रेस

**देहरादून।** उत्तराखंड में पंचायत चुनावों को लेकर उच्च न्यायालय के निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस ने कहा है कि जनता की भावना थी कि भाजपा की ओर से किया गया जीरो रोस्टर रद्द हो और पिछड़े, वंचित, महिला वर्ग को उनका हक फिर से मिले। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री नवीन जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार ने आरक्षण को खघ्त्म करने और लोकतंत्र की मूल आत्मा को चोट पहुँचाने का प्रयास किया, जिससे गांव की आवाज दबाई गई और सामाजिक न्याय पर कुठाराघात हुआ। जोशी ने कहा, कि कांग्रेस सरकार में न केवल पंचायतों को समय पर चुना जाएगा, बल्कि हर वर्ग को उसका अधिकार और प्रतिनिधित्व मिलेगा।

# आढ़त बाजार पुनर्विकास परियोजना के क्रियान्वयन पर मंथन

## प्राधिकरण के अधिकारियों सहित परियोजना से प्रभावित दुकानदार भी हुए शामिल

■ एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने की बैठक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिरकण उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने आढत बाजार पूर्नविकास परियोजना के क्रियान्यवयन के सम्बन्ध में बैठक ली। जिसमें परियोजना से प्रभावित दुकानदारों को भी आमंत्रित किया गया। बैठक में कई बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

बैठक में प्राधिकरण सचिव मोहन सिंह बर्निया, संयुक्त सचिव गौरव चटवाल,वित्त नियंत्रक संजीव कुमार, अधीशासी अभि सुनील कुमार, अवर अभि सुनील उपरेती,



लेखपाल नजीर अहमद, वास्तुविद प्रशान्त नौटियाल, आढत बाजार एसोशिऐशन के अध्यक्ष राजेन्द्र गोयल, सचिव विनोद गोयल एवं गांधी रोड व आढत बाजार के अन्य दुकानदार उपस्थित रहे।

**इन अहम बिंदुओं पर हुई चर्चा**

सर्वप्रथम निर्माणाधीन आढत बाजार का प्रस्तुतीकरण वास्तुविद व परामर्श दायी संस्था द्वारा किया गया। जिसमें सभी लाभर्थियों को परियोजना के ले आउट, दुक. ानों के डिजाइन इत्यादि के विषय में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। साथ ही प्राधिकरण उपाध्यक्ष को अवगत कराया गया कि आढत बाजार कार्य में 70 प्रतिशत प्लॉटिंग व 90 प्रतिशत पार्किंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

बैठक में यह निर्धारित किया गया कि परियोजना के प्रथम चरण में शासन द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार बडे साईज के प्लॉटों को आढत बाजार के अढतियों के लिये आरक्षित रखा जायेगा। साथ ही अन्य आढत व्यवसायियों हेतु भूमि की उपलब्धता के अनुसार पृथक से अवंटन प्रक्रिया को द्वितीय चरण के अन्तर्गत किया जाना निर्धारित किया गया। जिसके लिए आढत बाजार एसोसियेशन से पृथक से प्रस्ताव आमंत्रित किया गया।

एक जुलाई से भूखण्ड आवंटन की प्रक्रिया प्रारम्भ किये जाने के भी निर्देश दिये गये। आवंटन की प्रक्रिया प्राधिकरण द्वारा पुनर्वास नीति के आधार पर की जायेगी।

आढत बाजार से सम्बन्धित प्रतिनिधियों ने यह अनुरोध किया कि प्राधिकरण द्वारा आवंटित भूखण्ड का 10 वर्ष तक किसी प्रकार का क्रय विक्रय न किया जाये।

आवंटन से सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण के लिए संयुक्त सचिव मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में एक समति का गठन भी किया गया।

## एमडीडीए ने ध्वस्त की बीघा अवैध प्लॉटिंग

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की ओर से प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत एक ही व्यक्ति के अलग-अलग स्थानों में अवैध रूप से की जा रही प्लॉटिंग पर संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

मासूम अली की ओर से जीएसआर क्रिकेट एकेडमी के निकट शिमला बाई-पास रोड देहरादून में दो अलग- अलग स्थानों पर लगभग 18 से 20 व 10 बीघा में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर प्राधिकरण ने ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। इस कार्यवाही में सहायक अभियन्ता अभिषेक भारद्वाज,अवर अभियन्ता अभिजीत थलवाल,सुपरवाईजर सुरेश और पुलिस फोर्स मौजूद रही।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गभर्वती को रेफर करने के मामले में डीएम ने बैठाई जांच

■ हादसे में नवजात समेत चार लोगों की हो गई थी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** किच्छा के गांव बरा निवास गर्भवती रमा देवी पत्नी राकेश को सीएसी किच्छा और जिला अस्पताल रुद्रपुर से रेफर करने के मामले में डीएम ने मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। एसडीएम किच्छा को जांच अधिकारी बनाया गया है। इन दोनों अस्पतालों से प्रसूता को यह कहकर रेफर किया गया था कि उन्हें ऑपरेशन की आवश्यकता है। जबकि एसटीएच में उसकी नॉर्मल डिलीवरी हो गई। बता दें हल्द्वानी से नवजात को घर लाते समय हल्द्वानी में हुए हादसे में नवजात समेत चार लोगों की मौत हो गई थी।

बता दें कि बीते रविवार को ग्राम बरा की गर्भवती महिला रमा देवी प्रसव के लिए किच्छा सीएचसी आई थी। आरोप है कि यहां महिला चिकित्सक ने उसे रुद्रपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। परिजनों का आरोप था कि यहां डॉक्टर ने उस पर निजी अस्पताल ले जाने का भी दबाव बनाया था। वहीं रुद्रपुर जिला अस्पताल से भी रमा देवी को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। सुशीला तिवारी अस्पताल में रमा देवी ने नार्मल डिलीवरी से नवजात को जन्म दिया। बीते बुधवार को घर वापस आते समय उफनाई नहर में कार गिरने से रमा देवी के नवजात समेत उसके पति राकेश, जेठानी नीतू देवी और मां कमला देवी की मौत हो गई थी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम नितिन सिंह भदौरिया ने किच्छा एसडीएम गौरव पांडे को जांच के आदेश दिए है। एसडीएम जांच के बाद डीएम को रिपोर्ट करेंगे। जिले के दो अस्पतालों से प्रसूता को रेफर करने के मामले में किच्छा एसडीएम को मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए गए हैं। डीएम ने कहा जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# शहर का माहौल बिगाड़ने की हो रही साजिश

## पूर्व विधायक ठुकराल ने भाजपा के जनप्रतिनिधियों पर लगाए गंभीर आरोप

■ कुछ जनप्रतिनिधियों को रात में सपने भी ठुकराल के आते हैं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल ने अपने कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर हिंदुत्व को लेकर उन पर उठाए गए सवालों पर पलटवार करते हुए भाजपा के जनप्रतिनिधि के खिलाफ जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुछ जनप्रतिनिधि शहर में हिंदु मुस्लिम की राजनीति करके शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। ठुकराल ने कहा कि हिंदुत्व की बात करने वाले जनप्रतिनिधि सिर्फ जनता को गुम. राह कर रहे हैं।



ठुकराल ने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने दो सौ से अधिक मंदिरों का नव निर्माण और जीर्णोद्धार कराया और अनेक गुरूद्वारों का भी जीर्णोद्धार भी कराया। दो सौ से अधिक देवी देवतओं व महापुरूषों की मूर्तियां विभिन्न स्थानों पर अपने निजी खर्च से स्थापित कराई गईं। ठुकराल ने कहा कि मैंने ही 2 अक्टूबर 2011 को रुद्रपुर दंगे के दौरान शहर को बचाया। अब ये कहते हैं कि रुद्रपुर मेरा नहीं है। ठुकराल ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में हिंदुओं के भारी मात्र में यही जनप्रतिनिधि मकान तुड़वा रहे हैं। भगवानपुर कोलड़िया बस स्टेशन के समाने राम मनोहर लोहिया मार्केट, समोसा मार्केट, रोडवेज स्टेशन के पीछे दरिया नगर, फाजलपुर महरोला के प्रीत विहार लोक विहार, अपना इन्क्लेव तराई विहार में हिंदुओं के मकान व दुकाने इसी जनप्रति. निधि ने हिंदुओं को गुमराह करके तुड़वाई हैं। ठुकराल ने कहा कि हिंदुओं को गुमराह करने वाले जनप्रतिनिधि के घर व कार्यालय के सीसी कैमरों का निरीक्षण व जांच कराई जाए कि कौन-कौन स्क्रेप ठेकेदार बनकर इनके पास बैठता हैं और इनके इर्द गिर्द रहता है।

ठुकराल ने कहा कि जिस बाजार ने समर्थन दिया उस बाजार के सगे नहीं हुए, जिस मजार पर जीत की चादर चढ़ाई उस मजार के सगे नहीं हुए। ठुकराल ने कहा कि आजकल कुछ जनप्रति. निधियों को रात में सपने भी ठुकराल के आते हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक हिंदुत्व की बात है। हिंदु बनने के लिए हिंदू जैसे कार्य भी करने चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझ जैसा हिंदूवादी बनने के लिए तथाकथित अवसरवादियों को सात जन्म और लेने पड़ेंगे। ठुकराल ने कहा अयूब अंसारी जो पहाड़गंज में निर्माण करा रहा था, उसको भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष किसने बनवाया। नुरूद्दीन को पहाड़गंज से पार्षद का टिकट किसने दिया था। सिडकुल की फैक्ट्रियों में मालिकों व प्रबंध तंत्र पर स्क्रैप का व मैन पावर का कार्य दिलाने हेतु अनैतिक दबाव डालकर मुस्लिमों को पार्टनर कौन बना रहा है। ठुकराल ने कहा कि मुझे दो अक्टूबर के दंगे में विरोधियों से मिलकर फंसाने वाले और मुस्लिम गवाहों से मीटिंग कर उन्हें धन का प्रलोभन देकर मेरे विरूद्ध गवाही हेतु उकसाने वाला यही जनप्रतिनिधि है।

# हादसे में वीडीओ और चालक घायल

■ तेज गति से जा रहे डंपर ने मारी टक्कर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर/गदरपुर।** गोपालनगर मार्ग स्थित एनएच हाइवे पर मार्ग दुर्घटना में खंड विकास अधिकारी काशीपुर व उनका ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को करीब 11:30 खण्ड विकास अधिकारी काशीपुर कमल किशोर पांडेय जब अपने वाहन से काशीपुर से रुद्रपुर की तरफ जा रहे थे तभी अचानक गोपालनगर के पास नेशनल हाइवे पर किसी वाहन के टकराने से खंड विकास अधिकारी का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें सवार खंड विकास अधिकारी कमल किशोर पांडेय व उनका ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा गया है।

वहीं जिस वाहन से यह दुर्घटना घटित हुई है, वह वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली गई वहीं जांच शुरू कर दी है।

आसपास के लोगों द्वारा बताया गया कि तेज गति से जा रहे डंपर द्वारा खंड विकास अधिकारी की गाड़ी को जोरदार टक्कर मारी गई थी, जिससे उनकी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और खंड विकास अधिकारी व उनका ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# मारपीट मामले में पांच पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** मारपीट के आरोप में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मारपीट में दो लोग घायल हो गए थे।

विनय कुमार पुत्र जोगेन्द्र राजभर ग्राम नारायणपुर कोठा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह नारायणपुर कोठा स्थित एक कंपनी में काम करता है। 17 जून को उसी कंपनी में काम करने वाले रविंद्र पुत्र नन्हे गिरी निवासी दोपहरिया से उसका विवाद हो गया था। कंपनी के प्रोपराइटर ने समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया था। शाम को वह कंपनी से बाहर निकला तो रविंद्र व उसके साथी राकेश कश्यप, कुलविन्दर, रवि कश्यप, करन ने मिलकर उसे लोहे की रॉड से पीटा।

उसे पिटता देख रामेश्वरपुर निवासी अक्षित चुघ बचाने आए। आरोपियों ने अक्षित चुघ का सिर फाड़ दिय। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# 'हैप्पी क्लास रुम' विषय पर हुई कार्यशाला

■ कक्षा में आने वाली विभिन्न स्थिति प्रबंधन की तकनीकों को विस्तार से समझाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आरएएन पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय 'हैप्पी क्लास रूम' था, जिसमें लगभग 60 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

कार्यशाला की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात कार्यशाला की मुख्य स्रोत व्यक्ति डा. गायत्री कंवर, प्राचार्या बीएलएम स्कूल, घोड़ा पड़ाव, हल्द्वानी एवं डा. टीना सिंह प्राचार्या - सर्व संस्कृति स्कूल, बिलासपुर, रामपुर का स्वागत पौधरोपण के माध्यम से किया गया।

स्रोत व्यक्तियों ने शिक्षकों के साथ कई रचनात्मक गतिविधियों का संचालन किया, जिनके माध्यम से शिक्षकों को कक्षा में आने वाली




विभिन्न स्थिति प्रबंधन की तकनीकों को समझाया गया। कार्यशाला में शिक्षकों को भावनात्मक बुद्धिमत्ता के महत्व पर बल दिया गया और यह बताया गया कि किस प्रकार से एक शिक्षक विद्यार्थियों की भावनाओं को समझते हुए कक्षा का सकारात्मक वातावरण बनाए रख सकता है।

विद्यालय के संस्थापक विंग कमांडर एचके राय ने इस अवसर पर कहा कि एक खुश रहने वाला व्यक्ति ही दूसरों को खुश रख सकता है। अत: सभी शिक्षकों को मुस्कान के साथ कक्षा में प्रवेश करना चाहिए, तभी वास्तव में 'हैप्पी क्लास रूम' की संकल्पना साकार हो सकेगी।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना भनोट ने सभी शिक्षकों और स्रोत व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों के व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास में सहायक होती हैं और विद्यालयी नवातावरण को बेहतर बनाती हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि कक्षा को एक खुश हाल कक्षा बनाना शिक्षकों का कर्तव्य है, जिससे विद्यार्थियों में सीखने की रुचि बढ़े और वेमान. सिक रूप से भी संतुलित रहें।

## एक नजर

### जनता दरबार में महापौर ने सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा के निवास पर आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं रखीं। महापौर ने कई समस्याओं के निस्तारण के लिए मौके से ही सम्बंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में सड़क, नाली और जलभराव से सम्बंधित समस्याएं छायी रही। वार्ड नं- एक की जेपी नगर फेस 1 कालोनी के लोगों ने महापौर से पार्क में अतिकमण की समस्या उठाते हुए कहा कि मोहल्ले में स्थित पार्क में वहीं के निवासी छोटे लाल मौर्या ने मकान के छत्ते को लगभग तीन फिट अवैध रूप से पार्क की तरफ निकाल रखा है। कालोनीवासियों ने इसको लेकर छोटे लाल से बात की तो वह अभद्रता पर उतारू हो गया। महापौर ने मामले में कार्यवाही का आश्वा. सन दिया। इसके अलावा संजय नगर खेड़ा के लोगों ने नाली निर्माण कराने और जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था करने के साथ ही स्कूल के पास सिगरेट, तबांकू उत्पादों की दुकान को बंद कराने की मांग की। इसके अलावा विभिन्न बस्तियों के लोगों ने भी महापौर को समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर महापौर विकास शर्मा ने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समाधाान उनकी प्राथमिकता है।



### वर्षों पुराने सल्तानपुर के नाम को न बदले जाने की पुरजोर मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** उत्तराखण्ड शासन ने नगर पंचायत सुल्तानपुर का नाम बदलकर कौशल्यापुरी करने का आदेश दिया है। जिसका नगर पंचायत सुल्तानपुर के समस्त सभासदों ने पुरजोर विरोध करते हुए नाम न बदलने की मांग की है। सभासद जौनी मौर्य, सुंदरी देवी, किरन, मिक्की किरन, शाहिद हुसैन, मौ. शमीम खाँ ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त पत्र मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, निदेशक/सचिव शहरी विकास, जिलाधिकारी सहित तमाम उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर जनभावनाओं का सम्मान करते हुए वर्षों पुराने सल्तानपुर के नाम को न बदले जाने की पुरजोर माँग की है।

### 29 जून को होगी यूके पीएससी पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** परगना मजिस्ट्रेट तुषार सैनी द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि उत्तराखंड राज्य सेवा/ प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 (यूके पीएससी पीसीएस) दो पालियों में 29 जून को खटीमा में 6 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। 29 जून को डिग्री कॉलेज रोड स्थित शिक्षा भारती सेकेंडरी स्कूल, मॉडल स्कूल राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, हिंद पब्लिक स्कूल, सिटी कान्वेंट स्कूल राम कुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तथा अटल उत्कृष्ट थारु राजकीय इंटर कॉलेज में उक्त परीक्षा 10 बजे से 12 बजे तक तथा 2 बजे से 4 बजे तक दो पालियों में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु उक्त विद्यालयों में तथा विद्यालयों के परिसरों एवं विद्यालयों के 200 मीटर की परिधि में धारा 163 बीएनएसएस प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक लागू रहेगी।

### कीटनाशक दवा का छिड़काओं कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** भीषण गर्मी एवं बरसात में मच्छरों एवं कीटाणुओ के बढ़ते प्रकोप से नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए नगर पालिका पालिका प्रशासन द्वारा नगर में कीटनाशक दवाओं के साथ-साथ फार्मिंग कराई जा रही है। भीषण गर्मी और बरसात में मच्छरों एवं कीटाणुओं के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए पालिका प्रशासन द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में कीटनाशक दावों के साथ-साथ फार्मिंग कराई जा रही है। नगर पालिका प्रशासन की टीम द्वारा गली-गली कीटनाशक दवाओ के साथ-साथ सायंकाल मशीन से फार्मिंग की जा रही है ताकि कीटाणुओं एवं मच्छरों के प्रकोप को कम किया जा सके तथा आमजन को राहत पहुंचाई जा सकें।भीषण गर्मी के कारण आमजन कीटाणुओं एवं मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं। पालिका प्रशासन उठाए गए कदम की नागरिकों ने प्रसंशा की है।

### टैक्स बार की बैठक में कई मुद्दों पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर टैक्स बार की एक बैठक मंगलार रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता एडवोकेट पूरन चंद्र पाण्डे ओर संचालन सचिव गौरव गोला ने किया। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें जूलाई माह में अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण पर चर्चा हुई।तीन साल से ज्यादा समय तक एक ही जगह पर बैठे अधिकारियों और कर्मचारियों के नियमानुसार अनिवार्य स्थानांतरण पर जोर दिया गया।साथ ही रामनगर में प्रवास करने वाले अधिकारियों को रामनगर न भेजने की बात कही गई।इस मामले में एक शिष्टमंडल जल्दी ही ज्वाइंट कमिश्नर राज्य कर कार्यालय हल्द्वानी और जिलाधिकारी नैनीताल से मुलाकात करेगा। समाधान वाले डीलर को प्रोत्साहित करने के साथ उनकी लिमिट 75 लाख से बढ़ाकर बड़े राज्यों की तरह 1.5 करोड़ करने की मांग की गई ताकि समाधान योजना का लाभ अधिक से अधिक व्यापारियों को मिल सके।उनके पंजीयन सस्पेंड करने ओर खोलने पर आ रही दिक्कतों पर भी चर्चा की गई।इसके साथ रामनगर में बढ़ते जाम से निजात दिलाने को अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने पर भी बल दिया गया।रोडवेज के गेट पर गाड़ी खड़ी रहने से आने जाने पर रानीखेत रोड पर जाम लगता है जिसके लिए रोडवेज में गाड़ी गेट से 100 मीटर अंदर खड़ी करने का सुझाव बार की तरफ से दिया गया। साथ ही आने जाने के दो गेट बनाने का भी सुझाव दिया गया जिससे रोडवेज को गाड़ी से रानीखेत रोड में जाम ना लगे एक ही तरह जाने वाली दो गाड़ियों में 15 मिनट का अंतराल करने की बात कही गई जिससे ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को लाभ मिल सके।बार के उप सचिव मनु अग्रवाल द्वारा रामनगर अस्पताल को बेस अस्पताल का दर्जा और पीरुमदारा में हॉस्पिटल के उच्चीकरण के लिए सुझाव दिए गए।साथ ही अस्पताल में सभी प्रकार के डॉक्टर की नियुक्ति की मांग भी की गई, कई व्यापारियों के फूड लाइसेंस के संदर्भ में आ रही दिक्कतों पर भी चर्चा की गई।इस दौरान बैठक में उपाध्यक्ष प्रबल बंसल, एडवोकेट फैजुल हक,फिरोज अंसारी,विशाल रस्तोगी, मनोज अग्रवाल, जीशान मलिक, मनोज बिष्ट, शोभित अग्रवाल, संजीव अग्रवाल,सागर भट्ट, भोपाल रावत सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।


# गोदाम में भड़की आग, लाखों की क्षति

■ रुद्रपुर व सिडकुल के दमकल कर्मियों ने बमुश्किल काबू पाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप की फुलसुंगा नई बस्ती में सिडकुल में सप्लाई होने वाले सामान के गोदाम में अज्ञात कारणों से आग भड़क गई। अचानक लगी आग से गोदाम में रखा लाखों रुपये कीमत का सामान जल कर नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस सहित रुद्रपुर व सिडकुल के दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गोदाम से निकल रहे काले धुंए से आग बुझाने के काम में काफी दिक्कतें भी आईं।

जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैंप की फुलसुंगा नई बस्ती तीन पानी में मान सिंह खड़ायत पुत्र धन सिंह का यूनिवर्सल वेल्डिंग सिस्टम नाम से गोदाम है। यहां रखा सामान सिडकुल की कई फैक्ट्री में सप्लाई किया जाता है। बताया जाता है कि गत सायं गोदाम स्वामी ने गोदाम बंद किया



था। कुछ देर बाद वहीं से गुजरते लोगों ने गोदाम से काला धुंआ निकलते देखा।

उन्होंने इसकी जानकारी गोदाम स्वामी को दी। जिसने तत्काल वहां आकर लोगों की मदद से गोदाम का शटर उठाया और घटना से दमकल विभाग को अवगत कराया। सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस के साथ ही रुद्रपुर और सिडकुल दमकल विभाग के कर्मी वहां आ पहुंचे और उन्होंने आग बुझाने का काम शुरू किया।

इस दौरान गोदाम से निकल रहे काले धुंए से आग बुझाने के काम में काफी दिक्कतें भी आईं। दमकल और पुलिस कर्मियों ने जान जोखिम में डालकर गोदाम के अन्दर जाकर स्थिति का जायजा लिया और गोदाम में रखे सुरक्षित कपड़े के बंडलों को गोदाम से बाहर निकालना शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

आशंका व्यक्त की जा रही है कि शार्ट सर्किट के कारण आग लगी है। इधर गोदाम स्वामी का कहना है कि आग के पूरी तरह से बुझने और निरीक्षण करने के बाद ही हुए नुकसान का पता चल सकेगा। उन्होंने बताया कि गोदाम में भारी मात्र में फाइबर,प्लास्टिक, रबर व सेफ्टी आईटम रखे हुए हैं।

टीम में दमकल विभाग के फायरमैन नरेश कुमार, मदन सिंह, नवल प्रभात, गौरव सिंह, गौरी बघरी, सरिता, चन्द्र प्रकाश, गिरीश बिष्ट, नरेन्द्र सिंह, पुष्कर शाही आदि शामिल थे। वहीं ट्रांजिट कैम्प थाने के एसआई अकरम अहमद, एएसआई संतोष रौडियाल, का. राजेन्द्र, दिनेश ध्यानी व जगमोहन गौड़ शामिल थे।

# गोशन स्कूल के अथर्व व निशू का जवाहर नवोदय में चयन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर के गोशन स्कूल के दो विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय विद्यालय रुद्रपुर में चयन हुआ है।

शुक्रवार को विद्यालय के प्रबंधक डा. सुरेश चंद्र जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत छात्र अथर्व रस्तोगी पुत्र रोबिन रस्तोगी एवं साधना रस्तोगी का कक्षा-6वीं एवं निशू राणा पुत्री मनोज सिंह राणा एवं फूलकुमारी का कक्षा-11वीं में चयन हुआ है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश काण्डपाल ने कहा कि दोनों ही विद्यार्थियों की सफलता हमारे क्षेत्र एवं विद्यालय के लिए प्रेरणा एवं विशेष उपलब्धि है। इस दौरान अध्यक्षा सरोज जोशी, प्रधानाचार्य प्रकाश काण्डपाल, हेम काण्डपाल, शिवदत्त जोशी, नीरज जोशी, विजय नागर, सुनील पुजारी, सिम. रनदीप कौर, आदि ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की

# मजार पर पड़ रहे लेंटर को प्रशासन ने रोका



■ प्रशासन की अनुमति के बाद लिमिटेड डालने की बात कही गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम बंडिया में स्थित एक मजार पर टीन शेड को हटाकर लेंटर डालने की तैयारी की सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रशासन ने लेंटर डालने से रोक दिया। हिंदुत्ववादी संगठन के द्वारा स्थानीय प्रशासन और पुलिस को सूचना दी गई कि तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बंडिया में सरकारी भूमि पर मजार का निर्माण किया जा रहा है जिस पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने मौका मुआयना किया। जहां ज्ञात हुआ कि उक्त स्थान पर पहले से ही स्थापित सैयद बाबा की मजार पर से टीन शेड को हटाकर लेंटर डालने का कार्य किया जा रहा था।

मजार की देखरेख करने वाले लोगों से भूमि के संबंध में जानकारी ली गई और संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई तो पता चला कि उक्त भूमि वर्तमान में भूमि धर व्यक्ति के पूर्वजों द्वारा पूर्व में ही दान में दिया हुआ है। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की सरकारी भूमि पर अवैद्य अतिक्रमण होना नहीं पाया गया। वहीं प्रशासन द्वारा अनुमति लेने के बाद पक्की छत डालने की बात करते हुए मौके पर काम को रुकवा दिया गया।

जानकारी के मुताबिक ग्राम बंडिया में विगत लगभग 30-40 वर्ष पूर्व से ही सैयद बाबा की मजार बनी हुई है जिसकी देखरेख वर्तमान में सैयद अली साबिर मुतवल्ली निवासी ग्राम बंडिया द्वारा की जा रही है। उक्त मजार में ग्राम बंडिया, जमौर तथा मझोला आदि स्थानों के मुस्लिम समुदाय के साथ ही कुछ हिंदू समुदाय के लोग भी जाते हैं। उक्त भूमि पर 20x20 फिट की मजार बनी हुई है तथा भूमि का क्षेत्रफल लगभग एक बीघा है। वहीं मजार के अतिरिक्त स्थान पर आम आदि के पेड़ लगे हुए हैं। जानकारी के मुता. बिक उक्त भूमि के मालिक ग्राम बंडिया निवासी बैजनाथ हैं।

# नदी किनारे चल रही अवैध शराब की भट्टी तोड़ी

■ मौके से साठ लीटर शराब व उपकरण बरामद

■ शराब तस्कर मौके से हुआ फरार, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नदी किनारे चल रही अवैध कच्ची शराब की भट्टी पर चौकी पुलिस ने छापा मार कार्रवाई करते हुए मौके से शराब बनाने के उपकरण तथा शराब बरामद की। छापे की भनक लगता ही शराब तस्कर मौके से फरार हो गया।

शुक्रवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में प्रतापपुर चौकी पुलिस द्वारा चौकी प्रतापपुर के ग्राम कच्ची खमरिया में देवहा नदी के किनारे



टिब्बा के पास शीशम के पेड़ के नीचे लगी कच्ची शराब की भट्टी पर पुलिस द्वारा छापा मार कार्रवाई की गई। छापे के दौरान पुलिस ने मौके से एक रबर की ट्यूब में भरी 60 लीटर कच्ची शराब तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। पुलिस ने बताया कि छापे के दौरान शराब तस्कर मन्नी सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी कच्ची खमरिया पुलिस टीम को देखकर मौके से भाग गया।

मौके पर करीब 1000 लीटर लहन को नष्ट किया गया । फरार मन्नी सिंह पुत्र प्रीतम सिंह के विरुद्ध थाना नानकमत्ता में अभियोग पंजीकृत कराया गया। पुलिस टीम में चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक राजेंद्र पंत, सिपाही नीरज नेगी, गिरीश चंद्र, राज कुंवर सिंह शामिल हैं।

# गुरुद्वारा नानकसर ठाठ में गुरुमत शिक्षा समर कैंप का समापन

■ एक माह तक चले कैंप में सैकड़ों बच्चों ने ग्रहण किया गुरुमत ज्ञान

■ भावी पीढ़ी को सतमार्ग पर चलने को प्रेरित करते हैं कैंप: बाबा प्रताप सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुरुद्वारा नानकसर ठाठ गजरौला में बाबा कुंदन सिंह, गुरमत संगीत विद्यालय के तत्वावधान में पिछले एक माह से चल रहे गुरमुख शिक्षा समर कैंप का आज विधिवत समापन हो गया।

समापन अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह ने कहा कि हमारे आने वाली पीढ़ी को बुराइयों से दूर रहते हुए सत मार्ग पर चलने की प्रेरणा ऐसे ही गुरुमत शिक्षा शिवरों से प्राप्त होती है।

हमारी आने वाली नस्लों को



अपनी मातृभाषा, गुरुओं की शिक्षा का ज्ञान और आध्यात्मिकता के महत्व के साथ-साथ खुद को स्वावलंबी बनने की शिक्षा जरूरी है। समापन अवसर पर प्रतिभागी बच्चों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया व प्रतिभाग करने वाले बच्चों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

समापन अवसर पर कुलविंदर सिंह किंदा,जगतार सिंह बाजवा, जोरावर सिंह भुल्लर, सतनाम सिंह बल, गुरदेव सिंह, गुरमुख सिंह,परमजीत सिंह, बलविंदर सिंह, कश्मीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कैंप में छह सौ बच्चों ने किया प्रतिभाग

**बाजपुर।** बाबा कुंदन सिंह संगीत विद्यालय के तत्वाधान में एक माह तक चले गुरमत शिक्षा कैंप में क्षेत्र भर के 600 बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए गुरबाणी, गुरुमुखी, संगीत आदि की शिक्षा ग्रहण की।

प्रसिद्ध कथावाचक हरपाल सिंह खालसा, रागी हरजिंदर सिंह, ज्ञानी इंद्रजीत सिंह, कविशर जोगा सिंह खालसा, गुरपिंदर सिंह, सुखमन कौर, हरमीत कौर, अगमजोत कौर आदि ने शिक्षक के रूप में सेवाएं प्रदान की।

# रोगियों को मिलनी चाहिए चिकित्सा सेवाः डीएम

**अस्पताल में भर्ती रोगियों को बाद में पता चला कि आत्मीयता से उनका हाल चाल जानने वाला और कोई नहीं, नए जिलाधिकारी मनीष कुमार हैं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिला चिकित्सालय में दाखिल रोगियों को कल रात उस समय सुखद आनंद की अनुभूति हुई,जब उनका आत्मीयता के साथ हाल-चाल जानने वाला और कोई नहीं जिले के नए डीएम मनीष कुमार है। चिकित्सालय के डॉक्टरो व अन्य कर्मियों को लगा कि उन्हें भी अब कोई देखने वाला तथा मरीजों को लगा कि अब उनकी सुध लेने वाला नया जिलाधिकारी आ गया है। जिन्हें आए हुऐ केवल एक हफ्ता ही हुआ है। उन्होंने जिले में अपनी नई जवाबदेह ऐसी कार्य संस्कृति की शुरुआत की है जिससे लोगों को लगने लगा है कि अब उनके भी दिन फिरने वाले हैं।

गुरुवार की रात को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करने का उद्देश्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की कार्य संस्कृति को और अधिक जवाबदेह बनाना था। डीएम का साफ कहना था कि अस्पतालों का स्वरूप ऐसा हो जहां लोग विश्वास के साथ आए कि वहां से ठीक होकर जाएंगे। रोगों से ग्रसित व्यक्ति एवं उनके तीमारदार मुरझाए हुए चेहरे लेकर जब अस्पताल में दाखिल होते हैं ओर प्रसन्न मुद्रा में ष्धन्यवाद डॉक्टर साहबष कहकर जाए तो यही हमारी कार्य



संस्कृति होनी चाहिए। मरीज को लेकर ही अस्पताल का वजूद होता है।

इसके एवज में ही स्वास्थ्य महकमा को सम्मान से जीने का अवसर मिलता है। यदि इसी मरीज को बेहतर एवं विश्वसनीय उपचार न मिले तो इससे बड़ा दुर्भाग्य दूसरा कोई नहीं हो सकता। जबकि शासन उन्हें स्वस्थ रखने के लिए हर प्रकार की सुविधा दे रहा है। यदि रोगी पूर्ण संतुष्ट होकर लौटता है तो हमें खुशी होनी चाहिए कि हमारे कारण रोगी को नया जीवन मिला है। हालांकि सीएमओ देवेश चौहान के आने के बाद जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में काफी बदलाव देखा गया है। यही वजह थी वह डीएम के सामने रोगियों की ओर बेहतर सेवा के लिए और संसाधनों की मांग करना का साहस कर सके। उन प्रस्तावो को डीएम ने मौके में ही स्वीकृत कर दिया। डीएम के इस निरीक्षण से जिला अस्पताल की कार्य संस्कृति में और बदलाव आने की लोग उम्मीद कर रहे है। इस अवसर पर सीडीओ डा. जीएस खाती, सीएमओ डा. देवेश चौहान, चिकित्साअधीक्षक समेत अन्य डॉक्टर भी मौजूद थे।

### हर क्षेत्र में टॉप में रहना चाहिए मॉडल जिला

**चंपावत।** डीएम मनीष कुमार ने हर कार्यक्रम में जिले को उत्तराखंड की टॉप सूची में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

ऐसा ही एक लक्ष्य सीएमओ को दिया है जिसमें जिले को पूर्ण टीवी मुक्त किया जाना है, डीएम का मानना है कि ऐसी साफ सुथरी आबो हवा में टीवी क्यों हो रही है इस पर भी चिंतन मनन करने की आवश्यकता है।

# लोक सेवा आयोग की परीक्षा को लेकर डीएम ने ली बैठक

**जनपद के पांच केंद्रों में संपन्न होगी परीक्षा, तैयारी पूरी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** आगामी रविवार को आयोजित होने वाली उत्तराखंड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार द्वारा पूर्वाह्न 10:00 से 12:00 बजे एवं अपराह्न 02:00 से 04:00 बजे तक उत्तराखंड सम्मिलित राज्य/सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 की लिखित परीक्षा का आयोजन जनपद के पांच केंद्रों में किया रहा है,जिसकी आवश्यक तैयारियों के सम्बन्ध में एक बैठक जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में एडीएम योगेन्द्र सिंह ने बताया कि परीक्षा रविवार को दो पालियों में सम्पन्न होगी,परीक्षा 05 केंद्र में आयोजित होगी जिनमें एस. डी. एस. जी. आई. सी. पिथौरागढ़, द एशियन अकादमी स्कूल बाडाबे,रोड,मल्लिकार्जुन स्कूल ऐचोली, विवेकानंद विद्या मन्दिर, इण्टर कॉलेज जाखनी एवं के. एन. उप्रेती हवअज मॉडल इण्टर कॉलेज बनाए गए है जिनमें कुल 1798 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा दी जायेगी।जिस हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की गयी है व कुछ सेक्टर मजिस्ट्रेटों को रिजर्व में भी रखा गया है। नामित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा तिथि को मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे। परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित किए जाने हेतु मनजीत सिंह, उपजिलाधिकारी पिथौरागढ़ को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है, नामित जोनल मजिस्ट्रेट नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य/परीक्षा प्रभारी से समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षा को निर्बाध रूप से संपादित किए जाने हेतु समुचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।


बैठक में आयोग से आए प्रतिनिधि समीक्षा अधिकारी, हर्षित भट्ट सहायक समीक्षा अधिकारी जीवन सिंह ने परीक्षा से संबंधित जानकारी जिलाधिकारी को दी गयी। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर मनजीत सिंह, सीएमओ डा. एसएस नबियाल, नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट, विद्यालयों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# इंटीग्रेटिंग एसटीईएम एक्रॉस करिकुलम कार्यशाला सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** होली चाइल्ड स्कूल में समस्त पाठ्यक्रम में एसटीईएम को समाहित करना विषय पर एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन यस पब्लिकेशन से पधारे प्रख्यात रिसोर्स पर्सन प्रतीक गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सम्मानित प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य (प्रशासन) प्रदीप जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (शैक्षणिक) मंजू अधिकारी तथा समस्त शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

श्री गोयल ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से कक्षा शिक्षण व पाठ योजनाओं में एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित) शिक्षा के महत्व को सुंदर ढंग से रेखांकित किया। उन्होंने विभिन्न विषयों में एसटीईएम अवधारणाओं को समाहित करने



की प्रभावी रणनीतियां प्रस्तुत कीं, जिससे शिक्षण को अधिक रोचक, संवादात्मक एवं प्रासंगिक बनाया जा सके। प्रतिभागियों को एस.टी.ई.एम. सिद्धांतों को शामिल करते हुए पाठ योजनाएं तैयार करने की उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई, जो विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच, समस्या समाधान एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करेंगी।

यह कार्यशाला ज्ञानवर्धक, सहभागितापूर्ण एवं शिक्षकों के लिए एक बेहतरीन मंच सिद्ध हुई, जहां उन्होंने श्रेष्ठ शिक्षण पद्धतियों को साझा किया एवं एक-दूसरे से सीखने का अवसर प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मिंटू दुबे ने श्री गोयल के योगदान की सराहना करते हुए नवाचारयुक्त शिक्षा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराया। यह कार्यशाला अत्यंत सफल रही एवं शिक्षकों को अपनी शिक्षण पद्धतियों व पाठ योजनाओं में एस.टी.ई.एम. शिक्षा को एकीकृत करने हेतु प्रेरित किया, जिससे अंततः विद्यार्थियों को सर्वांगीण लाभ प्राप्त हो सके।

# सुरक्षा मानक पूरे न होने पर क्रिस्टल लैंड वाटर पार्क सील

**तहसीलदार ने मौके पर जाकर किया निरीक्षण संचालक नहीं दिखा पाया सुरक्षा मानक प्रमाण पत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** बीते दिवस नेशनल हाइवे से सटे वाटर पार्क में नाबालिग की डूबने की घटना का मामला अधिकारियों के संज्ञान में आते ही जांच के निर्देश दिए गए।

शुक्रवार को तहसीलदार सितारगंज हिमांशु जोशी द्वारा वाटर पार्क का अपने राजस्व कर्मचारियों के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में स्लाइडिंग का सेफ्टी प्रमाण पत्र व अन्य सुरक्षा मानक-गार्ड आदि की तैनाती नहीं पाए जाने,तथा संचालक द्वारा सुरक्षा मानक प्रमाण पत्र उपलब्ध न करा




पाने एवं भविष्य में संभावित दुर्घटना के होने की आंशका को देखते हुए क्रिस्टल लैंड वाटर पार्क को सील कर दिया गया है।

यहां कानूनगो मोहिदउद्दीन, पटवारी अमित शाही मौजूद रहे। दूरभाष पर जानकारी देते हुए पटवारी अमित शाही ने वाटर पार्क के सील होने की जानकारी दी। जबकि दूरभाष पर तहसीलदार से मामले की जानकारी लेनी चाही परन्तु सम्पर्क नहीं हो पाया।

## एक नजर

### हर सोमवार दो घंटे आम लोगों से सीधा संवाद करेंगे जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** सरकार जनता के द्वार की अवधारणा को जिलाधिकारी मनीष कुमार प्रत्येक सोमवार को जिला मुख्यालय में सुबह 11:00 बजे से 1:00 बजे तक आम लोगों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को मौके में है हल करेंगे। इस मौके पर जिले के सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### पंचायती चुनाव में हाईकोर्ट द्वारा लगाए गए स्टे को किया बहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव को लेकर जो राजनीतिक सरगर्मियां शुरू हुई थी वह उत्तराखंड हाई कोर्ट के एक आदेश के बाद ठंडी पड़ गई थी। पिछले तीन दिनों से न्यायालय द्वारा इस संबंध में नया आदेश जारी करने की संभावनाओं को लेकर लोग तमाम तरह के कयास लगा रहे थे। लेकिन आज न्यायालय द्वारा चुनाव में लगी रोक को हटा लेने से विभिन्न पदों के लिए अपनी तैयारी करने में लगे प्रत्याशियों के चेहरे फिर खिल गए हैं।हालांकि अभी तक प्रशासनिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। बहरहाल लोग चुनाव की तैयारीयों के लिए मैदान में फिर उतर चुके हैं।

### बिना अनुमति के अधिकारी नहीं छोड़ेंगे जिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया है कि वर्तमान में जनपद अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन- 2025 की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। निर्वाचन के सफल सम्पादन हेतु जनपद में तैनात प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, साथ ही मानसून अवधि 2025 प्रारम्भ हो गई है। जनपद पिथौरागढ़ आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील जनपद है।

अतः उपरोक्त के दृष्टिगत विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि अग्रिम आदेशों / मानसून अवधि में अधोहस्ताक्षरी की पूर्वानुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। इस अवधि में सामान्य अवकाश हेतु विचार नहीं किया जाएगा। अपरिहार्यता/आकस्मिकता की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी की पूर्वानुमति उपरान्त ही किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत किया जायेगा। विभागीय अधिकारी उक्तानुसार अपने-अपने अधीनस्थ कार्यालयों में अनुश्रवण करवाना सुनिश्चित करें।

### नेपाल सीमा से लगे चूका गांव में विकास की संभावनाओं को तलाशने गया दल लौटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिला प्रशासन द्वारा नेपाल सीमा से लगे चूका गांव के समग्र विकास के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों की गठित टीमों द्वारा चयनित गांवो का भ्रमण कर लोगों से वार्ता करते हुए वहां की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई तथा लोगों से भी जानकारी ली गई कि किस प्रकार के कार्यक्रम इस क्षेत्र में फलीभूत हो सकते हैं।

सहकारिता विभाग के सहायक निबंधक सुभाष गहतोड़ी के नेतृत्व गई आधा दर्जन लोगों की टीम ने गांव का विस्तृत भ्रमण कर विकास की संभावना को तलाशा। दल द्वारा जिला प्रशासन को सौंपी की रिपोर्ट में कहा गया है कि क्षेत्र में विद्युत की कोई सुविधा नहीं है। यहां आम, लीची, कटहल, अमरूद की व्यापक खेती की जा सकती है। खनन क्षेत्र होने के कारण यहां लोगों को व्यवसायिक खनन का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। गांव में लोगों के पक्के व कच्चे मकान है। पर्यटन की दृष्टि से यह गांव काफी महत्वपूर्ण है। जहां राफ्टिंग, वेडिंग पोस्ट, के अलावा डेयरी, कुकुट पालन, मत्स्य पालन, शहद उत्पादन आदि की अपार संभावना है। क्षेत्र में 5ळ की मोबाइल कनेक्टिविटी न होने के कारण यहां कोई भी साइबर सेंटर स्थापित नहीं किया जा सकता है। धूरा क्षेत्र में अदरक के बीच का उत्पादन के अलावा यहां मौनपालन की अपार संभावनाएं हैं। इस टीम में वीडियो पूरन गोस्वामी, एडीओ शोभित अग्रवाल, अवर अभियंता प्रदीप पुरोहित, धूरा सहकारी समिति के सचिव ललित चौड़ाकोटी, आरएसआई कोर्ट केंद्री केके टम्टा समेत तमाम लोग शामिल थे।

# खटीमा में खकरा नाले की सफाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा नेत्री रेनू भंडारी के नेतृत्व में वार्ड नंबर 6 के निवासियों ने शुक्रवार को उप जिला अधिकारी तुषार सैनी को एक प्रार्थना पत्र सौंप कर बरसात में जल भराव के कारण होने वाले नुकसान से बचने के लिए खकरा नाले की सफाई की मांग की।

प्रार्थना पत्र में उन्होंने लिखा है कि बारिश के दौरान खकरा नाले के आसपास के सभी घर पानी से प्रभावित हो जाते हैं जिससे उनको काफी नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने बरसात के समय में जल भराव से होने वाले नुकसान से बचने के लिए तथा जल निकासी को दुरुस्त किए जाने के दृष्टिगत का खकरा नाले की सफाई की गुहार लगाई है।

# सांसद बलूनी का किया आभार प्रकट

**युवा भाजपा नेता अतुल पांडेय के नेतृत्व में व्यापारियों ने की मुलाकात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर/गूलरभोज।** गूलरभोज नगर पंचायत स्थित पूर्वोत्तर रेलवे की भूमि पर बनी खोखा फड़ व्यवसायी की दुकानों की नीलामी के आदेश आने के बाद गूलरभोज के व्यापारियों में दुकानें उजड़ने का डर व्याप्त था, जिसको लेकर व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय से गुहार लगाई थी। क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे के अथक प्रयासों से इस नीलामी प्रक्रिया को सांसद अनिल बलूनी के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री से रुकवा दिया गया। जिस



पर व्यापारियों द्वारा क्षेत्रीय विधायक का भव्य स्वागत एवं आभार व्यक्त कार्यक्रम को आयोजित किया गया ।

दूरभाष के माध्यम से राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद अनिल बलूनी से कार्यक्रम के दौरान वार्ता भी की गई। इसी क्रम में गूलरभोज के व्यापारियों ने सांसद अनिल बलूनी का आभार प्रकट करने का विचार बनाया और क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय के सुपुत्र एवं युवा भाजपा नेता अतुल पांडे के सामने अपनी बात को रखा, जिस पर लगभग दो दर्जन से अधिक व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल ने युवा नेता अतुल पांडेय के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचकर राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद अनिल बलूनी का धन्यवाद कर आभार प्रकट किया। जिस पर सांसद अनिल बलूनी द्वारा इस पूरे कार्य को किए जाने का श्रेय क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे को दिया। उन्होंने कहा अरविंद पांडे जननायक है और जनता के दर्द को समझते हैं और उन्ही के कहने पर उन्होंने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकार कर इस काम को करवाया। उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार प्रकट कर धन्यवाद किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी तरुण दुबे, संजीव भटेजा, ओमप्रकाश डोगरा, रमेश सागर, गिरीश दुबे, इंदर सिंह राठौर, राजकुमार यादव, राजू पाठक, दीपक चावड़ा, रवि पाल, रोबिन सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर की कांबिंग

**ऑपरेशन मानसून कार्यक्रम किया संचालित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी रेंज,सर्पदुली रेंज,सुरक्षा इकाई, रामनगर वन प्रभाग की कोसी रेंज और कोतवाली पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से ऑपरेशन मानसून के अर्न्तगत वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर संयुक्त फ्लैग मार्च किया गया।

कार्बेट के डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला ने बताया कि वर्तमान में मानसून सत्र प्रगति पर है।जिसके तहत ऑपरेशन मानसून कार्यक्रम सचालित किया जा रहा है। वर्षाकाल में वन क्षेत्रों में के कई



हिस्सो तक पहुंचना कठिन हो जाता है और कई जगहों पर वन क्षेत्रों में मोटर मार्ग जगह-जगह अवरुद्ध हो जाते है, जिस के कारण क्षेत्रीय कर्मचारियों को कई वन क्षेत्रों में पहुँचने में कठिनाई होती है साथ ही वनस्पति का काफी बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में वन एवं वन्यजीवों के अपराध सम्बन्धी गतिविधियों को सम्भावना भी बढ़ जाती है। ऐसी दशा में अपेक्षित रहता है कि वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा की दिशा में पूर्णतः सजग रहा जाये। वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए अधिक सर्तकता बरतते हुये अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए प्रगावी कब उठाये जायें।

वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ किये जाने एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण के उध्द्देश्य से कार्केट टाइगर रिजर्व को बिजरानी, तर्पदुली, सुरक्षा इकाई,रामनगर वन प्रभाग की कोसी रेज और पुलिस बल के साथ एक फ्लैग मार्च किया गया।बिजरानी रेंज के रेंजर भानु प्रकाश हर्बोला ने फ्लैग नार्च के उद्देश्य से अवगत कराते हुए वर्षाकाल में होने वाली अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने एवं उन्हें विफल करने के लिए निर्देशित किया गया गया। उन्होंने वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रेरित कर उन्हे कार्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वन एव वन्यजीवों की सुरक्षा के तहत विशेष सधन गश्त करने के लिए निर्देशित किया गया।

सांवल्दे परिसर से सभी वन कर्मियों को हिम्मतपुर डोटियाल, कानिया चोरपानी कोटद्वार रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग सं०-309. आम्डण्डा, रिगौड़ा, लदुवा क्षेत्र के भाग का सघन चौकिंग करते हुए स्थानीय ग्रामवासियों को जगह-जगह रूक कर स्थानीय लोगों से वन एवं वन्यजीव संरक्षण की दिशा में सहायता करने के लिए आग्रह किया गया। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल वन विभाग को सूचित करने के लिए कड़ा गया। टीम द्वारा उक्त फ्लैग मार्च के दौरान स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप टेण्ट लगाकर रह रहे घूमन्तु समुदाय के लोगों से भी पूछताछ की गयो।गर्जिया चौकी पहुं. चने पर सभी कर्मियों को वन एवं वन्यजीवों के महत्व को समझाते हुए सुरक्षा में रहयोग करने की अपील की गयी। इस दौरान रेंजर भानु प्रकाश हर्बोला,रेंजर उमेश आर्या,कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस,सरत सिंह विष्ट, धर्मपाल सिंह नेगी,प्रमोद सत्यवती, कृष्ण चन्द्र पन्त आदि शामिल रहे।

# तीन सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई न होने पर गुरिल्लाओं में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नौकरी, पेंशन और आश्रित हितों को लाभ दिए जाने को लेकर शुक्रवार को एसएसबी गुरिल्ला स्वयंसेवकों की आपातकाल बैठक कीर्तिनगर स्थित भोलू भरदारी पार्क में आहुत की गई। बैठक में कीर्तिनगर ब्लाक, हिंडोलाखाल ब्लाक और श्रीनगर गढ़वाल क्षेत्र के गुरिल्ला शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिल प्रसाद भट्ट ने कहा कि सरकार बीते 19 वर्षों से केवल आश्वासन देती आई है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ब्लाक अध्यक्ष कीर्तिनगर हिम्मत सिंह मेहर ने कहा कि वे शांतिपूर्ण और देशभक्ति भाव से वर्षों से संघर्षरत हैं, लेकिन अब सब्र की सीमा टूट रही है। मीडिया प्रभारी अनिल प्रसाद भट्ट ने कहा कि नैनीताल हाईकोर्ट भी उत्तराखंड के एसएसबी गुरिल्लाओं के पक्ष में निर्णय दे चुका है, जिसमें मणिपुर की तर्ज पर उन्हें नियुक्ति, पेंशन और ग्रेच्युटी देने की बात कही गई थी। मौके पर बृजमोहन गुसाईं, जवाहर सिंह बिष्ट, दयाल सिंह सजवाण, लक्ष्मी भट्ट, सुंदर मणी पोखरियाल, राजेंद्र भंडारी, रघुवीर समेत अन्य मौजूद रहे।

# मानसून सीजन को लेकर केदारनाथ यात्रा में बरतें सतर्कता

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने केदारनाथ यात्रा पर आ रहे समस्त श्रद्धालुओं से निवेदन किया कि मानसून सीजन को देखते हुए अत्यंत सतर्कता एवं सावधानी के साथ यात्रा करें। उन्होंने कहा कि पर्वतीय मार्गों पर फिसलन, भूस्खलन और पत्थर गिरने की संभावना बनी रहती है। अतः सभी यात्री प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी की जा रही एडवाइजरी का पालन करें। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से सभी यात्रियों से अपील की कि वे अपने वाहनों की गति धीमी रखें और किसी भी स्थिति में लापरवाही न बरतें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सभी वाहन चालकों को पर्याप्त विश्राम के उपरांत ही यात्रा आगे बढ़ानी चाहिए, जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं न्यूनतम की जा सकें। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए है कि संवेदनशील स्थलों पर क्रश बैरियर्स, चेतावनी बोर्ड, पैराफिट्स, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा कर्मियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता न हो।

# कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी के नरेंद्रनगर तहसील सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और यात्रा की तैयारी से जुड़ी जानकारियां साझा कीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले तीन से चार दिनों के भीतर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण की जाएं, ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा या अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

बैठक के दौरान सीओ नरेंद्रनगर सुरेंद्र सिंह ने गंगोत्री और नीलकंठ कांवड़ यात्रा मार्गों की स्थिति, पैदल यात्रा के रास्ते, डाक कांवड़ के लिए निर्धारित



मार्ग और ट्रैफिक प्लान की विस्तृत जानकारी दी। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह ट्रैफिक प्लान आमजन की जानकारी के लिए प्रसारित किया जाए ताकि स्थानीय लोग और यात्री पहले से अवगत रहें। साथ ही, पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि जो कांवड़ यात्री निर्धारित मार्ग से हटकर यात्रा करते हैं, उन्हें रास्ते में ही बैरियर से वापस भेजा जाए और रानीपोखरी-गुजराड़ा मार्ग को पूर्ण रूप से बंद कर वन-वे व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए। बैठक में नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती के अधिशासी अधिकारी ने पार्किंग की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें पूर्णानंद स्टेडियम, जिला विकास प्राधिकरण और नगरपालिका की पार्किंग शामिल हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पार्किंग टिकट में पार्किंग स्थान का नाम, पर्ची नंबर और साइनेज स्पष्ट रूप से दर्ज हो।

साथ ही, मुनिकीरेती और तपोवन क्षेत्र में शौचालय, बिजली, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं और निराश्रित पशुओं को पकड़कर गोसदन में भेजा जाए। जिला खाद्य पूर्ति अधिकारी को भंडारों की व्यवस्था पर निगरानी रखने और वहां फायर सेफ्टी, स्वच्छता, फूड सिक्योरिटी, रेट लिस्ट की उपलब्धता और ओवर चार्जिंग जैसी शिकायतों से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

# शेरवुड ने देश को दीं कई नामी हस्तियां

## सदी के महानायक बिग बी और मानेक शॉ शेरवुड कॉलेज की देन

**अफज़ल फौजी**

**नैनीताल।** उत्तर भारत के सबसे प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक स्कूलों में शुमार शेरवुड कॉलेज नैनीताल ने अपनी शैक्षिक यात्रा के 156 वर्ष पूरे कर लिए हैं। हरे-भरे पहाड़ों के बीच स्थित यह शिक्षण संस्थान न केवल अपनी भव्यता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि अपने गौरवशाली पूर्व छात्रों और अनुशासित शैक्षिक परंपराओं के लिए भी जाना जाता है। 1869 में ब्रिटिश मिशनरियों द्वारा स्थापित यह विद्यालय प्रारंभ में डायोसिसन बॉयज स्कूल के नाम से जाना जाता था। जिसे वर्ष 1873 में शेरवुड कॉलेज नाम मिला। यह स्कूल लगभग 300 एकड़ में फैला है और इसकी वास्तुकला औपनिवेशिक काल की भव्यता को दर्शाती है। विद्यालय में अत्याधुनिक सुविधाओं से युकत विज्ञान प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर लैब, विशाल पुस्तकालय, खेल परिसर और छात्रावास हैं , जो छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आदर्श वातावरण प्रदान करते हैं। शेरवुड कॉलेज ने बीते डेढ़ शताब्दी में देश और दुनिया को कई महान शख्सियतें दी हैं, जिनमें अमिताभ बच्चन, बॉलीवुड के महानायक, जिन्होंने 1958-1959 में यहां पढ़ाई की और बेस्ट ऑलराउंडर स्टूडेंट का खिताब हासिल किया। फील्ड मार्शल एसएचएफजे मानेकशॉ, भारतीय सेना के सबसे सम्मानित सैन्य अधिकारी थे। परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा, जिन्होंने 1947 के कश्मीर युद्ध में अद्वितीय वीरता दिखाई। जनरल वीएन शर्मा, भारतीय थल सेना के पूर्व प्रमुख एनके किदवई, पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ राजनेता इनके अलावा, वीर चक्र विजेता मेजर समर बहादुर और अनेक बहादुर सैनिक, प्रशासनिक अधिकारी, वैज्ञानिक, लेखक, और कलाकार इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। फाउंडर्स डे शेरवुड कॉलेज का एक प्रमुख आयोजन होता है, जिसे हर साल भव्यता के साथ मनाया जाता है, इस अवसर पर पूर्व छात्र भी शामिल होते हैं, जो नए छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा करते हैं और प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। यह आयोजन पुराने और नए छात्रों के बीच एक मजबूत सेतु का काम करता है। विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेल, संगीत, रंगमंच, वाद-विवाद और सामाजिक सेवा पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है, यही कारण है कि शेरवुड से निकले छात्र न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि व्यक्तित्व के हर क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभरते हैं। आज भी शेरवुड कॉलेज में कई पूर्व छात्र शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं, जो अगली पीढ़ी को मार्गदर्शन और मूल्यों की शिक्षा दे रहे हैं। यह परंपरा दर्शाती है कि यह संस्थान न केवल ज्ञान देता है, बल्कि जीवन के मूल्यों और राष्ट्र सेवा की भावना भी छात्रों में भरता है। शेरवुड कॉलेज केवल एक स्कूल नहीं, बल्कि एक परंपरा, एक प्रेरणा और एक विचार है, जिसने हजारों युवाओं को जीवन में कुछ बड़ा करने की दिशा दी है, 156 वर्षों की इस गौरवशाली यात्रा में इस संस्थान ने शिक्षा, संस्कृति और चरित्र निर्माण की जो मिसाल कायम की है, वह आने वाले वर्षों में भी देश को उत्कृष्ट नागरिक देने का कार्य करती रहेगी।







### छात्रों से उपराष्ट्रपति ने कहा-आप ऐसे स्थान पर हैं, जहां दिग्गजों ने कदम रखे

**नैनीताल।** शेरवुड कालेज के पूर्व छात्रों की विरासत को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने छात्रों से कहा आप ऐसे स्थान पर हैं जहां दिग्गजों ने कदम रखे हैं। मेजर सोमनाथ शर्मा भारत के पहले परमवीर चक्र विजेता इस राष्ट्र का सर्वोच्च सैन्य सममान यहीं के छात्र थे। फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ 1971 की ऐतिहासिक विजय के शिल्पकार जिन्होंने यह जीत राष्ट्र को दिलाई वे भी यहीं से शिक्षित हुए। आप उस विरासत में जी रहे हैं इसे कभी न भूलें और अगर मैं अन्य क्षेत्रों की बात करूं तो अनेक नाम हैं लेकिन मैं एक नाम अवश्य लूंगा अमिताभ बच्चन का क्योंकि उनकी पत्नी जया बच्चन राज्यसभा की प्रतिष्ठित सदस्य हैं। अमिताभ बच्चन हमें हमेशा याद दिलाते हैं कर्म ही पूजा है। कार्य करने की कोई उम्र नहीं होती आपको निरंतर योगदान करते रहना है। उन्होंने कहा कि उनकी अद्भुत उपलबधियां आपकी विरासत हैं। उनकी उपलबधियां आपकी नींव हैं लेकिन इससे भी अधिक उनकी विरासत अब आपकी जिमेदारी है। आपको नए मानक स्थापित करने होंगे।

### बच्चों पर दबाव न डालें अभिभावक: धनखड़

**नैनीताल।** समारोह में अभिभावकों से अपील करते हुए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मातृत्व-पितृत्व वह सबसे बड़ी जिमेदारी है जो केवल आपके बच्चों के प्रति ही नहीं बल्कि पूरी मानवता के प्रति है। इसलिए अपने बच्चों पर दबाव न डालें। यह मत तय करें कि उनका जीवन का उद्देश्य कया होगा। यदि आप तय करेंगे तो वे सब केवल पैसे या पैसे के पीछे दौड़ेंगे। फिर वैज्ञानिक कहां से आएंगे?, खगोलशास्त्री कहां से आएंगे? वे लोग कहां से आएंगे जो पूरे विश्व की दिशा तय करते हैं।

### दुनिया तेज़ी से बदल रही है

**नैनीताल।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने छात्र-छात्राओं से कहा-दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। हमें परिवर्तन से पीछे नहीं रहना है। हमें वही परिवर्तन लाना है जिसकी आवश्यकता है वही बदलाव गढ़ना है जो हम चाहते हैं और भारत वह बदलाव चाहता है जो संपूर्ण पृथ्वी के लिए कल्याणकारी हो, इसलिए हमने जी-20 में विश्व को एक सूत्र दिया-एक पृथ्वी-एक परिवार-एक भविष्य।

### आप भविष्य के निर्माता हैं: राज्यपाल

**नैनीताल।** समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह समय आपका है। आप न केवल इस महान परंपरा के उत्तराधिकारी हैं बल्कि आप ही भविष्य के निर्माता भी हैं।

### गौरांश भट्ट और इशांत से मिले उपराष्ट्रपति

नैनीताल के शेरवुड स्कूल के 156वें स्थापना दिवस के मौके पर शुक्रवार को आयोजित समारोह में शामिल होने पहुंचे देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कार्यक्रम समापन के बाद एक भावुक पल साझा किया। बता दें शेरवुड स्कूल के गेट के बाहर खड़े दो स्कूली बच्चों को देखकर उपराष्ट्रपति ने अपनी कार रुकवाई और बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने दोनों बच्चों से नाम और स्कूल की जानकारी ली और उन्हें प्रोत्साहित किया। इन बच्चों में इशांत और गौरांस थे जोकि सेंट जेवियर्स स्कूल नैनीताल के छात्र थे, ने कहा कि उन्हें देश के उपराष्ट्रपति से मिलकर बेहद खुशी हुई।

## भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए 2 जुलाई को हल्द्वानी में होगा एक दिवसीय कैंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण द्वारा नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम एवं नगर पालिका परिषद रामनगर क्षेत्रान्तर्गत भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए 2 जुलाई 2025 को एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप पूर्वान्ह 11 बजे से प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय, हल्द्वानी (उपजिलाधिकारी कार्यालय परिसर) में आयोजित होगा। जिला विकास प्राधिकरण नैनीताल के सचिव विजयनाथ शुक्ल ने बताया कि इस कैंप में प्राप्त भवन मानचित्रों का मौके पर ही निस्तारण कर स्वीकृति प्रमाण पत्र निर्गत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भवन मानचित्रों की स्वीकृति के लिए विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। ऐसे मामलों (क्रिटिकल मामलों को छोड़कर) में संबंधित विभागों की उपस्थिति में मौके पर ही अनापत्ति जारी कर मानचित्रों का निस्तारण किया जाएगा। शुक्ल ने बताया कि कैंप का उद्देश्य जनसामान्य को भवन मानचित्र स्वीकृति में सुविधा प्रदान करना है। इस दौरान नगर निगम हल्द्वानी, तहसील कार्यालय, नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, जल संस्थान, विद्युत, उद्यान, अग्निशमन सहित संबंधित विभागों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं सक्षम प्रतिनिधियों से समय पर कैंप में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की है, ताकि आम जनता को त्वरित सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## एक नजर...

### फर्जी दस्तावेज़ों से बनवाया मकान

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल निवासी पवन जाटव ने नेपाली मूल के लोगों पर भारती के फर्जी दस्तावेज बनाकर सरकारी अतिक्रमण कर मकान बनाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि मल्लीताल निवासी पवन जाटव ने एसएसपी को शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि बीते कई वर्षों से नेपाल से आए लोगों ने नैनीताल शहर व ल खुर्पाताल के एक तोक में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। नेपाली मूल के लोगों गलत तरीके से भारत के फर्जी दस्तावेज बना कर यहां घर भी बना लिए हैं। जबकि भारत में बिना भारत सरकार को जानकारी दिये कोई विदेशी नागरिक न ही जमीन खरीद सकता है और न ही दस्तावेज बना सकता है। जिसको लेकर माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है। उन्होंने कहा है कि पूर्व में कई गई शिकायत की जांच से वह संतुष्ट नहीं हैं इसलिए दोबारा जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। दूसरी ओर शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस की ओर से देवी रॉय, हिमाल कुमार, विनोद रॉय, गौरी देवी व राजवती देवी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### महिला के अकाउंट से कैश निकालने की कोशिश

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र की एक महिला के चैक से अज्ञात व्यक्ति द्वारा रूपये निकालने की कोशिश की है। बैंक व महिला की सूझबूझ से महिला के खाते से रूपये निकलने से बच गए। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी मुन्नी देवी के पास शुक्रवार को बैंक से कॉल आया जिसमें उनकी ओर से 7 लाख का चैक किसी व्यक्ति को भुगतान किए जाने की बात पूछी गई। जिस पर महिला ने उनकी ओर से किसी भी व्यक्ति को चैक देने की बात से इंकार कर दिया, जिसके बाद वह खुद बैंक पहुंच गई। जिसके बाद उन्होंने उनके खाते से किसी को भुगतान न करने की अपील की। जिस पर बैंक ने अकाउंट से भुगतान रोक दिया वहीं महिला ने पुलिस को भी मामले की जानकारी देते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मामले में महिला का चैक बैंक में लगाने वाले का पता किया जा रहा है।

### विधायक के रिश्तेदार को हूटर बजाना महंगा पड़ा

**नैनीताल।** यूपी के विधायक के रिश्तेदार को नैनीताल में हूटर बजाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने वाहन से हूटर हटाते हुए युवक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कालाढूंगी रोड से नैनीताल को यूपी 86एकयू-9009 वाहन हूटर बजाते हुए नैनीताल की ओर आ रहा था। बारापत्थर पुलिस चौकी में वाहनों की कतार के दौरान भी वाहन हूटर बजाते हुए आगे निकल गया। इस दौरान पुलिस को किसी विधायक या मंत्री के आने का आभास हुआ। लेकिन चौकी के समीप जब वाहन रोक पूछताछ की गई तो वाहन में कोई मंत्री या विधायक नहीं था। वाहन चालक ने बताया कि वाहन उसका है और उसके रिश्तेदार विधायक हैं। जिसके चलते उन्होंने हूटर लगाया है। कोतवाली में तैनात एसआई दीपक कार्की ने बताया कि वाहन से हूटर निकाल लिया गया है। जिसके बाद हाथरस यूपी निवासी सूर्या नंदन के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

### अनियंत्रित होकर पालिका परिसर में गिरी बुलेरो

**नैनीताल।** नैनीताल के मल्लीताल स्थित पंतपार्क के समीप शुक्रवार को अनियंत्रित होकर बुलेरो नगरपालिका परिसर में आ गिरी। गनीमत है कि आसपास कोई भी वाहन की चपेट में नहीं आया जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी में दो लोग सवार थे जो गाड़ी गिरते ही वहां से फरार हो गए। मामले में पालिकाध्यक्ष डा. सरसवती खेतवाल का कहना है कि वाहन के गिरने से पालिका की संपति का जो भी नुकसान हुआ है उसकी वाहन चालक से उसकी भरपाई कराई जाएगी।

### कुलपति का कुटा ने आभार जताया

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने विश्वविद्यालय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम को भव्य तथा ऐतिहासिक बताते हुए इसकी कामयाबी के लिए विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत का पुष्प गुच्छ, भागवत गीता तथा देवदार का पौधा भेंटकर उनका विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। बता दें कि कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा राज्यपाल उत्तराखंड लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह तथा उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत को विशिष्ट अतिथि के रूप में एक साथ पधारने पर कूटा ने हर्ष व्यक्त किया। उप राष्ट्रपति की उपस्थिति से कार्यक्रम अति गरिमामय हुआ तथा कार्यक्रम ऐतिहासिक तथा भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की सफलता कूटा द्वारा कुलपति प्रो.रावत को बधाई दी। इस अवसर कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी समेत डीएसबी परिसर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.संजय पंत, कूटा के महासचिव डा. विजय कुमार तथा कुविवि के क्रीड़ाधिकारी डा. नागेंद्र प्रसाद शर्मा शामिल रहे।

### अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधा रोपण आंदोलन 257 वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत गुरना देवी मंदिर परिसर पिथौरागढ़ स्थित गुरना वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए।

## बारिश में मलबा और बोल्डर गिरने से सड़कें बंद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में मानसूनी बारिश के चलते शुक्रवार देर शाम तक जिले की चार सड़कें पिछले पांच दिन से बंद है। जबकि गुरुवार की रात हुई बारिश के चलते सात नई सड़कों पर मलवा और बोल्डर आने से बंद है। जिन्हें खोलने के लिए लगातार विभागों द्वारा प्रयास जारी है। जिले में मानसूनी बारिश शुरू हो गई है। इस कारण सड़कों पर मबला आना शुरू हो गया है। गुरुवार की रात हुई बारिश के बाद 11 सड़कों पर यातायात बाधित रहा। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि बंद सड़कों में कपकोट-कमी, भानी-हरसिंग्याबगड़, बैसानी-पौसारी, रमाणी-कनौली, कपकोट-पिंडारी, बदियाकोट-बोरबलड़ा, बदियाकोट-कुंवारी, खड़लेख-भनार, कपकोट-पोलिंग, मुनार-गांसी तथा मिकिलाखलपट्टा मोटर मार्ग शामिल है। उन्होंने बताया कि बंद सड़कों को खोलने के लिए विभाग द्वारा लगातार प्रयास जारी है। इधर ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही भीषण बारिश से सरयू नदी व गोमती नदी उफान पर रही। शुक्रवार की सुबह दिनों नदियों का जलस्तर डेंजर जोन तक आ पहुंचा। सुबह की पाली में नदियों का पानी घाटों तक आ पहुंचा। हालांकि दिन चढ़ते ही नदियां कम होती गई। शुक्रवार को पूरा दिन कभी धूप कभी छांव में व्यतीत हुआ। जबकि शाम होते ही आसमान में काले बदल छाने लगे।

## पंत पार्क से गुरुद्वारा तक दुकानें लगाने दी जाएं

### रेहड़ी पटरी हॉकर्स एसोसिएशन ने नगर पालिका के सामने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** रेहड़ी पटरी हॉकर्स एसोसिएशन नैनीताल ने शुक्रवार को नगर पालिका के सामने धरना प्रर्दशन किया। जिसमें उन्होंने नगरपालिका परिषद प्रशासन से अपने टोकन वापसी और पंत पार्क से गुरूद्वारा परिसर तक दुकाने लगाने की मांग की।

बता दें कि शुक्रवार को रेहड़ी पटरी हॉकर्स एसोसिऐशन ने नगर पालिका नैनीताल के सामने अपनी मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने मांग की बीते तीन सालों से नगर पालिका ने फड़ करोबारियों के टोकन नवीनीकरण के लिए जामा किए थे लेकिन पालिका ने अभी तक टोकनों का नवीनीकरण कर वापस नहीं किए हैं। टोकन की मांग के लिए पालिका को काई बार लिखित रूप से अवगत कराया गया हैए लेकिन पालिका ने काई सुनवाई नहीं की। इसके साथ ही कोर्ट के आदेश पर फड़ व्यवसायी वीआईपी पार्किंग से गुरूद्वारा परिसर तक फड़ करोबारी दुकान लगाते थे। पुलिस प्रशासन व नगरपालिका ने फड़ व्यवसायियों को वहां से हटाकर नगरपालिका के समीप बिठा दिया है जिससे उनका करोबार पट हो गया है। कारोबारियों ने पूर्व पालिका के ईओ को ज्ञापन दिया था जिसमें उन्होंने पूर्व की भांति दुकान लगाने की अनुमति मांगी थी, मांग पूरी न होने पर कारोबारियों ने पालिका के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान फड़ कारोबारी संजय कुमार, मंजु वर्मा, बबीता देवी, ललित लाल, भावना बिष्ट, विजय कुमार, जमीर अहमद, तिलक कुमार, विनोद कुमार व रूपवती आदि मौजूद रहे। म्मामले में पालिका के ईओ (द्वितीय) विनोद जीना ने बताया कि फड़ व्यवसायियों की बात को जिलाधिकारी वंदना सिंह तक पहुंचायी जाएगी। जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार ही फड़ व्यवसायियों को दुकाने लगाने दी जाएंगी।




## चिन्यालीसौड़ में बाघ ने बछड़े और बैल को बनाया शिकार

**चिन्यालीसौड़/ उत्तरकाशी।** प्रखंड चिन्यालीसौड़ में अक्सर जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। ताजा मामला चिन्यालीसौड़ के धानपुर व जेस्टवाड़ी का है यहां बाघ ने एक बछड़े व एक बैल का शिकार कर अपना निवाला बना लिया। इस घटना के बाद ग्रामीण काफी सहमें हुए है। उन्होंने वन विभाग से मदद की गुहार लगाई है।



नगर पालिका चिन्यालीसौड़ के वार्ड 6 में गुलाब सिंह अपने पशुओं को रात में घास देकर अपने घर आया तभी वहां घात लगाए बैठे बाघ ने बछड़े पर हमला कर दिया। बाघ के हमलों में बछड़े की मौत हो गई। स्थानीय लोगों का मानना है कि बाघ ने आस- आस पास ही डेरा डाला हुआ है। जिस कारण लोग काफी डरे हुए है। ग्रामीणों को डर है कि कभी भी बाघ उन पर हमला कर सकता है। इसीलिए लोग अपने खेतों की तरफ भी नहीं जा रहे है। ग्रामीणों द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता सुमन बडोनी को रात ही सूचना दी गई जिस पर रात ही बन विभाग धरासू के कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंचे । ग्रामीणों ने वन विभाग से इलाके में पिंजरा लगाने की मांग की है। विकासखंड चिन्यालीसौड़ के जेस्टवाड़ी गांव में भी गुरुवार रात्रि जयेंद्र कोहली के बैल पर बाघ ने हमला किया। वन क्षेत्राधिकारी जगमोहन सिंह गंगाडी ने बताया कि बाघ ने अलग अलग समय पर अलग अलग जगह पशुओं पर हमला बोला उन्होंने पिंजरा लगाकर बाघ को पकड़ने की बात कही।

### गुलदार की खोजने में वन विभाग फैल

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र के पट्टी भदूरा स्थित ओनालगांव में गुलदार की सक्रियता को लेकर ग्रामीणों की चिंता के बीच वन विभाग द्वारा लगाए गए सुरक्षा उपकरणों और सघन गश्त के बावजूद अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। बीते रविवार की शाम गांव में एक चार वर्षीय बालक पर हुए गुलदार के हमले के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ था, लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। वन रेंजर हर्षराम उनियाल ने जानकारी दी कि घटना के तुरंत बाद सोमवार को गांव में गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दो फॉक्स लाइट और तीन ट्रैप कैमरे लगाए गए थे। इनका उद्देश्य गुलदार की लोकेशन को ट्रेस करना और उसकी गतिविधियों को रिकॉर्ड करना था, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि न तो कैमरों में गुलदार की कोई तस्वीर कैद हुई है और न ही गश्त कर रही टीम को गुलदार कहीं दिखाई दिया है। उन्होंने कहा कि विभाग की टीम प्रतिदिन गांव में भ्रमण कर रही है, लेकिन अब तक गुलदार की मौजूदगी का कोई संकेत नहीं मिला है।

## राज्यभर में नशा रोकथाम के लिए 15 दिनी छापेमारी अभियान

**नई टिहरी।** राज्य में नशामुक्ति को लेकर चल रही मुहिम को और अधिक प्रभावी और व्यापक बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति की सातवीं बैठक आयोजित की गई। बैठक सभी जिलों के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और संबंधित विभागों के अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। टिहरी जनपद से जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने जिला कलेक्ट्रेट नई टिहरी के वीसी कक्ष से बैठक में भाग लिया। मुख्य सचिव ने बैठक के दौरान दो टूक कहा कि नशे के विरुद्ध लड़ाई में अब सतही नहीं, बल्कि जड़ तक पहुंचने की जरूरत है।

## सीएस प्रकरण में निर्णय ले सरकार

### उत्तराखण्ड हाईकोर्ट में अवमानना याचिका पर सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाई कोर्ट ने उपनल कर्मचारियों के मामले पर पूर्व के आदेश का अनुपालन नहीं करने पर मुख्य सचिव आनंद वर्धन के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि इनके प्रकरण पर चार सप्ताह में निर्णय लें। बता दें शुक्रवार को हुई सुनवाई पर राज्य की तरफ से एडवोकेट जनरल एसएन बाबुलकर ने कोर्ट का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि अभी राज्य में पंचायत चुनाव होने वाले है। इसलिए कोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने हेतु समय दिया जाए।

जिसपर कोर्ट नें राज्य सरकार को आदेश का अनुपालन करने हेतु चार सप्ताह का और अतरिक्त समय दिया। अब मामले में अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। मामले के अनुसार हाईकोर्ट ने उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण से जुड़े प्रकरण में पूर्व में आदेश देकर कहा था कि इनके नियमतिकरण करने के लिए सरकार विचार करें लेकिन तय समय सीमा के भीतर कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। कोर्ट के आदेश का अनुपालन नही करने पर पूर्व में तत्कालीन सचिव के खिलाफ अवमानना की याचिका दायर की गई। इसी बीच सरकार ने उनका तबादला कर उनकी जगह आईएएस अधिकारी आनंद वर्धन को विभाग का जिममा संभालने के आदेश दिए गए। अब विभाग का अधिकरियों बदलने की वजह कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं हो पा रहा है जिस पर कोर्ट ने कहा कि नवनियुक्त सचिव को पक्षकार बनाए। उन्हें नोटिस जारी कर के अपना जवाब कोर्ट में प्रस्तुत करें। मामले के अनुसार वर्ष 2018 में कुंदन सिंह और अन्य की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए नियमावली बनाने तथा उनके वेतन से टैक्स न वसूलने और न्यूनतम वेतन देने के साथ ही एरियर भुगतान का आदेश दिया था। इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। इसके बावजूद याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि राज्य सरकार ने आदेश का पालन नहीं किया और नियमावली नहीं बनाई। साथ हीए वर्षों से कार्यरत उपनल कर्मचारियों को हटाकर नियमित भतर्ह प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

### अतिक्रमण चिन्हित कर ध्वस्त कराएं एसडीएम रुड़की

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने हरिद्वार के ग्राम नूरपुर पंजनहेड़ी में दो लोगो के द्वारा सार्वजनिक रास्ते के ऊपर अतिक्रमण कर के लेंटर जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खण्डपीठ ने एसडीएम रुड़की को निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण को चिन्हित कर विधि अनुसार ध्वस्त कर के उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। मामले के अनुसार ग्राम के जागरूक नागरिक सौरभ सरकार ने उच्च न्यायलय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि रुड़की के ग्राम नूरपुर में आम रास्ते के ऊपर प्रदीप चौहान व अतुल चौहान ने अतिक्रमण कर एक दूसरे के घर आने जाने के लिए फ्लाई ओवर की तरह पुल का निर्माण कार्य कर दिया है। जिसकी वजह से आमजन व वाहनों को आने जाने में दिक्कत हो रही है। जब इसकी शिकायत डीएम व एसएसपी से की गई तो उनकी शिकायत पर कोई कार्यवाही नही हुई। इस मुद्दे का हल निकालने के लिए उन्हें उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। जनहित याचिका में उनके द्वारा कोर्ट से प्रार्थना की है कि अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाए।

### 4 जुलाई तक रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाए

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रुड़की तहसील के शिखर ग्राम सभा की भूमि पर हुए अवैध कब्जे को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने उपजिलाधिकारी को निर्देश जारी कर कहा कि ग्राम सभा की भूमि में किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर 4 जुलाई शुक्रवार तक अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही कर रिपोर्ट कोर्ट में पेश करे। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खण्डपीठ में हुई। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 4 जुलाई शुक्रवार की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार रुड़की तहसील के शिखर गांव की रहने वाली 71 वर्षीय कुंता देवी ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि शिखर गांव में ग्राम सभा की भूमि में कब्जा कर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिससे शिखर गांव को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। याचिकाकर्ता का कहना है जब इसकी शिकायत उनके द्वारा आला अधिकारियों की गई तो अतिक्रमणकारियों ने उनके साथ मारपीट करने के साथ ही उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया। याचिका में उच्च न्यायालय से प्रार्थना की गई है कि गांव की जमीन जो सार्वजनिक उपयोग के लिए है उसे अतिक्रमणकारियों से खाली कराया जाए।

## कुमाऊं विश्वविद्यालय ने लगाई एक और छलांग

### जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी से किया करार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि विश्वविद्यालय ने जापान के जापान एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेकनोलॉजी (जेएआईएसटी) के साथ एक महत्वपूर्ण सहमति पत्र (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक, अनुसंधान एवं सांस्कृतिक सहयोग को मजबूती प्रदान करेगा। इस समझौते के अंतर्गत कुमाऊँ विश्वविद्यालय के 3 से 4 स्नातक विद्यार्थियों को जापान एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेकनोलॉजी में इंटर्नशिप या एक वर्षीय पाठ्यक्रम में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा।




उल्लेखनीय है कि इन विद्यार्थियों से उस एक वर्षीय कार्यक्रम के दौरान प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क और शिक्षण शुल्क नहीं लिया जाएगा। एक वर्षीय कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को जेएआईएसटी से स्नातकोत्तर उपाधि (मास्टर्स डिग्री) प्रदान की जाएगी जिससे वे भविष्य में उसी संस्थान में पीएचडी के लिए पात्र हो सकेंगे। यह अवसर उन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी होगा जो वैश्विक स्तर पर उच्च शिक्षा एवं शोध कार्य करना चाहते हैं। इस समझौते में केवल विद्यार्थियों का नहीं बल्कि शिक्षकों का आदान-प्रदान भी शामिल है। दोनों संस्थान आपस में शिक्षकों को आमंत्रित कर शैक्षणिक विचारों, अनुभवों और अनुसंधान पद्धतियों का साझा मंच मुहैया कराएंगे। बता दें कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत जब दिल्ली विश्वविद्यालय में कार्यरत थे तभी उन्होंने जेएआईएसटी के साथ इस प्रकार के अकादमिक सहयोग की पहल की थी जिसके अंतर्गत कई विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधियाँ प्राप्त हुईं। अब प्रो. रावत ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय में भी इस प्रकार का अंतरराष्ट्रीय सहयोग स्थापित कर यह सिद्ध किया है कि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा और वैश्विक सहयोग उनकी प्राथमिकता में सर्वोपरि हैं। यह कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के दूरदर्शी नेतृत्व और अकादमिक प्रतिबद्धता को परिलक्षित करने के साथ उनकी समर्पण भावना और व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह समझौता न केवल कुमाऊँ विश्वविद्यालय के लिएए बल्कि उत्तराखंड राज्य के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलबधि है इससे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शोधार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने का अवसर प्राप्त होगा। कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि जापान के साथ यह सहयोग आने वाले समय में दोनों संस्थानों के बीच गहरे और स्थायी शैक्षणिक संबंध स्थापित करेगा तथा विश्वविद्यालय की वैश्विक रैंकिंग और प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### खेल मंत्रालय ने 'माई भारत पोर्टल पर शुरु किया व्हाट्सएप चैटबॉट

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेल मंत्रालय ने भारत के युवाओं के लिए डिजिटल जुड़ाव बढ़ाने और सेवाओं तक पहुंच को सुव्यवस्थित करने के एक प्रगतिशील कदम के तहत 'माई भारत' पोर्टल के साथ व्हाट्सएप एकीकरण शुरू किया है। व्हाट्सएप चैटबॉट अब माई भारत पोर्टल पर लाइव है और इसे सीधे व्हाट्सएप (7289001515) के द्वारा भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यह मंच बातचीत करने का अधिक आसान, वास्तविक समय और उपयोगकर्ता के अनुकूल तरीका प्रदान करता है। इसमे सभी पंजीकृत माई भारत उपयोगकर्ताओं को अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम, स्वयंसेवा के अवसर, सीवी निर्माण, मेंटरशिप, संगठन में शामिल होने किसी भी मुद्दे की रिपोर्ट करने और माय भारत सहायता तक पहुंचने की सुविधा मिलती है। व्हाट्सएप चैटबॉट में सत्र शुरू करने के लिए व्यक्ति को 7289001515 नंबर पर 'हॉय' संदेश भेजना होगा।

### हैम्पशायर ने टी-20 ब्लास्ट के लिए लिन को किया अनुबंधित

**लंदन, वार्ता।** हैम्पशायर ने अपने शेष टी-20 ब्लास्ट ग्रुप मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज क्रिस लिन को अनुबंधित किया है। हॉक के पास ग्रुप चरण में छह और गेम हैं और लिन का आगमन दक्षिण अफ्रीकी जोड़ी लुआन-ड्रे प्रीटोरियस और डेवाल्ड ब्रेविस के अंतर्राष्ट्रीय कॉल-अप अर्जित करने के बाद हुआ है। दक्षिण अफ्रीका को 28 जून से जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है। लिन ने नॉर्थम्प्टनशायर स्टीलबैक के लिए पहले ब्लास्ट में खेला है और इस प्रारूप में आठ हजार से अधिक रन के साथ 292 टी-20 मैच खेले हैं।

# आईसीसी ने 6 नियमों में बदलाव किए

- खेल को ज्यादा तेज, निष्पक्ष और रोचक बनाने की कवायद: टेस्ट में 60 सेकेंड में ओवर शुरू करना होगा, दो चेतावनी के बाद 5 रन कटेंगे

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने हाल ही में पुरुष क्रिकेट के 6 नियम बदले हैं, ताकि खेल को ज्यादा तेज, निष्पक्ष और रोचक बनाया जा सके। टेस्ट क्रिकेट में ये नियम नई वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप (2025-27) के लिए लागू हो चुके हैं। वहीं, सीमित ओवर (वनडे और टी-20) फार्मेट में ये नियम 2 जुलाई 2025 से प्रभावी होंगे। आईसीसी ने सभी देशों से नियमों में किए गए बदलावों की जानकारी साझा की है। आईसीसी ने टेस्ट क्रिकेट में अब स्टाप क्लाक नियम लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत फील्डिंग टीम ओवर शुरू करने में 60 सेकेंड से अधिक देर करती है तो उसे दो बार वार्निंग दी जाएगी। इसके बाद भी अगर यह नियम टूटा तो पेनल्टी के तौर पर उसके 5 रन काट लिए जाएंगे। टी-20 और वनडे क्रिकेट में यह नियम एक साल पहले ही लागू हो चुका है। आईसीसी ने तीनों फार्मेट के लिए शार्ट रन का नियम भी बदला है। जानबूझकर शार्ट रन लेने पर पहले 5 रन का जुर्माना लगता था। अब अगर बल्लेबाज एक्स्ट्रा रन चुराने के लिए जानबूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर फील्डिंग टीम से पूछेंगे कि वे पिच पर मौजूद दोनों में से किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं। 5 रन के जुर्माना वाला नियम भी लागू रहेगा। गेंद पर सलाइवा (लार) लगाने पर बैन जारी रहेगा। हालांकि, गलती से सलाइवा लगाने पर बाल बदलना अनिवार्य नहीं होगा। अंपायर सिर्फ तभी गेंद बदलेंगे, जब उसकी स्थिति में भारी बदलाव हो, जैसे कि गेंद बहुत गीली हो या उसमें एक्स्ट्रा चमक हो। यह फैसला अंपायर के विवेक पर निर्भर होगा। अगर उसे लगता है कि गेंद की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है तो इसे नहीं बदला जाएगा। यह नियम भी तीनों फार्मेट के लिए है। आईसीसी ने कोरोना काल (2020) के दौरान गेंद पर लार लगाने को बैन कर दिया था। आईसीसी ने कैच का नियम भी बदला है। अगर कैच आउट रीव्यू में गलत साबित होता है, लेकिन गेंद पैड पर लगी हो तो टीवी अंपायर एलबीडब्ल्यू की भी जांच करेंगे। अगर बैटर एलबीडब्ल्यू आउट है तो उसे आउट दे दिया जाएगा। यह नियम भी तीनों फार्मेट के लिए है। साफ्ट सिग्नल (अंपायर का लिया रिव्यू) लिया गया है और नो बाल पर कैच पर सही है तो बल्लेबाजी टीम को नो-बाल का एक रन एक्स्ट्रा मिलेगा। कैच सही नहीं है तो नो बाल का एक रन और दौड़कर बनाए गए रन भी मिलेंगे। पहले कैच के डाउट होने पर फील्ड अंपायर थर्ड अंपायर को रैफर करता था और टीवी अंपायर बताता था कि ये नो बाल थी, तो कैच की जांच नहीं होती थी। लेकिन अब उसकी जांच की जाएगी।

# भारत में होंगे 2029 के विश्व पुलिस और अग्निशमन सेवा खेल

- भारत ने मेजबानी से संबंधित बोली में जीत हासिल की, इन खेलों का आयोजन अहमदाबाद में होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निशमन सेवा खेलों की वर्ष 2029 की मेजबानी से संबंधित बोली में जीत हासिल की है और इन खेलों का आयोजन अहमदाबाद में किया जायेगा। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को स्वयं इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर दी।

उन्होंने कहा कि भारत को प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल 2029 की मेजबानी मिलना हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। भारत ने 2029 में होने वाले विश्व पुलिस और अग्निशमन सेवा खेलों 2029 की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। बर्मिंघम में आयोजित समारोह में भारत ने वियतनाम को पछाड़कर इन खेलों के लिए बोली जीती। यह प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट गुजरात के अहमदाबाद शहर में आयोजित किया जायेगा। इससे भारत में खेल संस्कृति को नई ऊंचाई मिलेगी और विश्वभर के पुलिस और अग्निशमन सेवा के खिलाड़ियों के लिए यह भव्य मंच साबित होगा। शाह ने भारत को प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निशमन सेवा खेल 2029 की मेजबानी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन खेलों की मेजबानी मिलना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विस्तृत खेल ढांचे के निर्माण की वैश्विक मान्यता को दर्शाता है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत को प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल 2029 की मेजबानी मिलना हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है।

# टी-20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया से बदला लिया: रोहित शर्मा



- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवम्बर की फाइनल हार का गुस्सा पूरी टीम के मन में था

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में ऑस्ट्रेलिया को हराने को लेकर बात की है। उन्होंने कहा सुपर-8 मैच में ऑस्ट्रेलिया को हारकर पूरी टीम ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल का बदला लिया था।

रोहित शर्मा ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवम्बर की फाइनल हार का गुस्सा उनके और पूरी टीम के मन में था। इसके बाद टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराया था। इस मैच में रोहित ने 92 रनों की पारी खेली थी। जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। रोहित रोहित ने कहा 2023 वर्ल्ड कप में हमने शानदार खेल दिखाया लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने हमें हरा दिया। 19 नवम्बर की चिढ़न हमेशा से मेरे और टीम के मन में थी। उन्होंने कहा, गुस्सा तो हमेशा था।

ऑस्ट्रेलिया ने हमारा 19 नवम्बर खराब कर दिया था। ड्रेसिंग रूम में 2023 फाइनल की बात होती थी टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच पर रोहित ने बताया, ड्रेसिंग रूम में हम इस बारे में बात करते थे। मन में ये ख्याल तो रहता है, लेकिन जब आप बल्लेबाजी करने उतरते हैं, तो इन सबके बारे में ज्यादा नहीं सोचते। हमने पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 205/4 का स्कोर बनाया।

# सीनियर्स हारे, पर भारतीय अंडर-19 ने इंग्लैंड को धोया



- 442 रनों के जवाब में इंग्लैंड यंग लायंस 211 रन पर हो गई ढेर

**होव, वार्ता।** भारत की अंडर-19 टीम इन दिनों इंग्लैंड के दौरे पर है, जहां उन्हें इंग्लैंड की अंडर-19 टीम के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इसकी शुरुआत आज होव में होगी। उससे पहले 24 जून को भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड के यंग लायंस के खिलाफ 50 ओवर का प्रैक्टिस मैच खेला। इस मैच में भारत के युवा खिलाड़ियों ने इंग्लैंड की टीम को धो दिया। आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली टीम ने 50 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 442 रन बनाए।

जवाब में इंग्लैंड यंग लायंस की टीम 41.1 ओवर में 211 रन पर सिमट गई। भारतीय अंडर-19 टीम ने इसी के साथ इंग्लैंड यंग लायंस पर 231 रन की जीत के साथ इंग्लैंड की अंडर-19 टीम को चेतावना दे दी है कि उन्हें हल्के में लेने की कोशिश न करें। भले ही सीनियर टीम इंग्लैंड की सीनियर टीम के खिलाफ लीड्स टेस्ट हार गई हो, लेकिन आयुष म्हात्रे एंड कंपनी का इरादा कुछ और ही है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और 33 रन तक टीम ने अपने दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे। कप्तान म्हात्रे एक रन और 14 साल के वैभव सूर्यवंशी 17 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद विहान मल्होत्रा और मौलयाराजसिंह चावड़ा ने तीसरे विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी निभाई। विहान 31 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, चावड़ा ने 18 गेंद में पांच चौके की मदद से 23 रन की पारी खेली। अभिज्ञान कुंडू छह रन बनाकर आउट हुए। एक तरफ जहां भारतीय सीनियर टीम के लोअर आर्डर ने लीड्स टेस्ट में निराश किया था, वहीं दूसरी तरफ भारतीय अंडर-19 के लोअर आर्डर ने तूफान मचा दिया। छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए राहुल कुमार और इसके बाद आए कनिष्क चौहान ने छठे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी निभाई। राहुल 60 गेंद में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 73 रन और कनिष्क 67 गेंद में पांच चौके और पांच छक्के की मदद से 79 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए अंब्रिश ने 47 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 72 रन की पारी खेली। हालांकि, पार्टी इसके बाद शुरू हुई। लाफबोरो में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए हरवंश पंगलिया नाम की आंधी आई। जब वह बल्लेबाजी के लिए उतरे तो भारत का स्कोर सात विकेट पर 251 रन था। 52 गेंद पर आठ चौके और नौ छक्के की मदद से 103 रन जड़ दिए। वह नाबाद रहे। मोहम्मद एनान चार रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हेनिल पटेल एक रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह भारत ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 442 रन बनाए।

# वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के चार विकेट झटक कर मैच पर पकड़ बनाई

### दूसरे दिन स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 92 रन पर चार विकेट हुए

**बारबाडोस, वार्ता।** तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर जेडन सील्स की अगुवाई में वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में 92 रन के स्कोर पर चार विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली है।

इससे पहले वेस्टइंडीज ने बल्लेबाज शाई होप (48) और कप्तान रोस्टन चेस (44) के बीच जुझारू साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में बनाये गये स्कोर के आधार 10 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत एक बार फिर खराब रही और उसने 27 के स्कोर पर उस्मान ख्वाजा (15) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद 34 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट सैम कॉन्स्टास (पांच) रन के रूप में गिरा। जॉश इंग्लिस (12) को जेडन सील्स ने बोल्ड आउट किया। कैमरन ग्रीन (15) को जस्टिन ग्रीव्स ने रॉस्टन चेज के हाथों कैच आउट कराया। ऑस्ट्रेलिया 65 रन पर चार विकेट गवां कर दबाव में थी। ऐसे संकट के समय ट्रैविस हेड और ब्यू वेबस्टर की जोड़ी ने पारी को संभाला और दिन का खेल समाप्त होने के समय तक चार विकेट खोकर 92 रन बना लिए। स्टंप के समय बो वेब्स्टर (नाबाद 19) और ट्रैविस हेड (नाबाद 13) क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स, शमार जोसेफ, अल्जारी जोसेफ और जस्टिन ग्रीव्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# विंबलडन चैंपियन क्रेजिकोवा चोट के कारण ईस्टबोर्न से बाहर



**लंदन, वार्ता।** विंबलडन चैंपियन बारबारा क्रेजिकोवा ने जांघ की चोट के कारण ईस्टबोर्न से नाम वापस ले लिया है। चेक गणराज्य की खिलाड़ी को अपने दोनों मैचों में तीन सेटों तक जाना पड़ा, जिसमें उन्होंने क्रमश: पहले और दूसरे राउंड में ब्रिटेन की हैरियट डार्ट और जोडी बर्रेज को हराया।

क्वार्टर फाइनल में उनका सामना फ्रांस की वरवारा ग्रेचेवा से होना था, लेकिन मैच शुरू होने से पहले ही उन्होंने नाम वापस ले लिया। दो बार की प्रमुख एकल चैंपियन क्रेजिकोवा ने बुधवार को शुरू में समस्या महसूस की जो रात भर में और खराब हो गई। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि मुझे नाम वापस लेने का बहुत दुख है, क्योंकि मेरी दाहिनी जांघ में कुछ दर्द है। मुझे लगता है कि अगले कुछ दिनों में विंबलडन के साथ आराम करना और यह देखना बेहतर होगा कि क्या हो रहा है और उसका समाधान करना है। क्रेजसिकोवा मंगलवार को विंबलडन में मौजूदा महिला चैंपियन के रूप में खेल की शुरुआत करेंगी, ने पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक आराम करने के बाद इस साल सिर्फ छह मैच खेले हैं। वह पिछले सप्ताह क्वींस में अपना पहला राउंड मैच हार गई थी, फिर उसने डार्ट और बरेज दोनों के खिलाफ मैच प्वाइंट बचाए। दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी ने पिछले साल विंबलडन फाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को हराया था।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी क्लब अल-नासर के साथ किया नया करार

**लिस्बन, वार्ता।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी क्लब अल-नासर के साथ दो साल का नया करार किया है, जिसके बाद वह अपने 42वें जन्मदिन के बाद तक सऊदी प्रो लीग क्लब के साथ बने रहेंगे। पुर्तगाल के 40 वर्षीय कप्तान मैनचेस्टर यूनाइटेड को खराब परिस्थितियों में छोड़ने के बाद दिसम्बर 2022 में रियाद स्थित टीम में शामिल हुए थे। उनका पिछला अल-नासर करार जून के अंत में समाप्त होने वाला था। एक्स पर एक पोस्ट में, रोनाल्डो ने लिखा कि एक नया अध्याय शुरू होता है। वही जुनून, वही सपना। आइए साथ मिलकर इतिहास बनाएं।

# आईओसी ने 2036 ओलंपिक की बिडिंग प्रोसेस रोकी

### प्रसिडेंट ने कहा कि मेजबान चुनने का सही समय नहीं भारत ने 8 महीने पहले दावेदारी पेश की थी

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंटरनेशनल ओलिंपिक काउंसिल (आईओसी) ने 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की बिडिंग प्रोसेस पर रोक लगा दी है। इससे गेम्स के लिए भारत की मेजबानी पर फैसला टल गया है।

आईओसी की प्रेसिडेंट क्रिस्टी कावेंट्री ने कहा कि एग्जीक्यूटिव बोर्ड के सभी सदस्यों ने इस प्रोसेस को रोकने और इसकी समीक्षा करने का फैसला लिया है।

हम इस पर दोबारा विचार करने के लिए एक कार्य समूह गठित करेंगे।श 41 साल की क्रिस्टी लुसाने में एग्जीक्यूटिव बोर्ड की पहली बैठक ली। पिछले साल एक अक्टूबर को भारत सरकार ने एक अक्टूबर को लेटर आफ इंटेंट के जरिए आईओसी से गेम्स का आयोजन कराने की इच्छा जाहिर की थी। इस पर अगले साल तक फैसला होने की उम्मीद की जा रही थी। 2032 तक के मेजबान तय हैं, 2036 के लिए बिडिंग होगी 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लास एंजिलिस में होने हैं। अब तक 2 एशियाड, एक कामनवेल्थ गेम्स करा चुका है भारत भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है।

देश ने आखिरी बार 2010 में कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। इससे पहले भारत में 1982 और 1951 के एशियन गेम्स भी कराए जा चुके हैं।

# विंडीज के सील्स पर लगा जुर्माना



- सील्स को खिलाड़ियों और उनके सहायक कर्मियों के लिए अपमान जनक भाषा के प्रयोग का दोषी पाया गया

**बारबाडोस, वार्ता।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी के आज एक बयान के अनुसार सील्स को खिलाड़ियों और उनके सहायक कर्मियों के लिए अपमानजक भाषा, क्रियाकलाप तथा हाव-भाव से आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया।

इसके तहत उन पर मैच फीस के 15 प्रतिशत जुर्माने के अलावा अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। यह पिछले 24 महीने की अवधि में उनका दूसरा अपराध है। यह घटना बुधवार को पहले टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पारी के 55वें ओवर में उस समय हुई जब कप्तान पैट कमिंस को आउट करने के बाद सील्स ने उन्हें पवेलियन की ओर इशारा किया। इससे पहले तीन दिसंबर 2024 को जमैका में बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में सील्स को इसी तरह के अपराध के लिए दोषी पाये जाने पर एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया था। सील्स ने अपराध और मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के जवागल श्रीनाथ द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया।

# विश्वकप की तैयारियों का आगाज करेगी भारतीय टीम

### इंग्लैंड से आज होगा टी-20 मैच में सामना



**नाटिंघम, वार्ता।** अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारियों की शुरुआत के लिए भारतीय महिला टीम के पास इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से अच्छा मौका नहीं होगा।

हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम आगामी पांच मैचों की सीरीज के जरिये इंग्लैंड की प्लेइंग कंडीशंस में खुद को ढालना चाहेगी। यहां दोनों का तीन वनडे मैचों की सीरीज में भी आमना-सामना होना है। विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का वक्त है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम प्रबंधन इंग्लैंड की पिचों की प्रख्रति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सायली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शेफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी। भारत का यह इस साल का पहला टी-20 मैच है और आफ स्पिन आलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी आलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम की इस दौरे की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट सिवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हाज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं।

## पूर्व राज्यमंत्री एवं बीएसएम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता स्वः मनोहर लाल शर्मा की

# श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जनसमूह, सियासी दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पूर्व राज्य मंत्री एव बीएसएम शिक्षण संस्थान के चौयरमेंन, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट की श्रद्धांजलि सभा में सियासी दिग्गजों, सांसद, पूर्व मुख्यमंत्री-विधायकों व अनेक जनप्रतिनिधियों सहित जनसमूह श्रद्धांजलि देने पहुंचा।



श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि पंडित मनोहर लाल शर्मा के निधन से समाज को एक बड़ा नुकसान होने के साथ हमारी भाजपा को भी बड़ा नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि पंडित मनोहर शर्मा ने पूरी जिंदगी शिक्षा के उत्थान के लिए कार्य किया लाखों को बच्चों को यहां से पढ़ाया। वह समाजके लिए हर समय आगे खड़े रहे। गरीब बच्चों को पढ़ाने व आगे बढ़ाने के लिए हमेशा काम करते रहे। अपने समाज के लिए भीआगे की पंक्ति में खड़े होकर मदद की वहीं हर समाज के सुख दुख में हमेशा खड़े रहे और जिस तरह से आज यहां श्रद्धांजलि सभा में जन समूह बड़ा है यह उनके कर्मों का ही फल है कि उन्होंनेलोगों के सुख-दुख में मदद की हर क्षेत्र में आगे बढ़कर काम किया समाज सेवा की इसलिए उनके प्यार में लोग आज इतनी बड़ी तादाद में यहां पहुंचे हैं।



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व हरिद्वार सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंडित मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट का इस दुनिया से चले जाना समाज के लिए एक बड़ी स्थित है इसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने अपने सियासी जीवन में भी बहुत उतार-चढ़ाव देखे लेकिन कभी वह किसी के बुरे में नहीं रहे। डॉक्टर निशंक ने कहा किउनके चले जाने से हमारी भाजपा को भी बड़ा आघात लगा है और पार्टी को जो उनके आने से मजबूती मिली थी उम्मीद है कि आगे उनके बच्चे इसी तरह काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा किपंडित मनोहर शर्मा ने हर समाज के लिए काम किया समाज सेवा की इसीलिए आज यहां एक बड़ा जन समूह हमारा है इसमें सभी वर्ग के लोग हैंउन्होंने जिस तरह से शिक्षा क्षेत्र में आगे आकर एक बड़ा संस्थान बनाया जूनियर से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट फार्मेसी इंजीनियरिंग पॉलिटेक्निक सब कुछ खड़ा कियायह उनकी सहनशीलता और शिक्षा के प्रति लगन का ही नतीजा है। उन्होंने कहा कि पंडित मनोहर शर्मा जैसा सामाजिक-सियासी व्यक्ति का दुनिया से चले जाना सबके लिए है क्षति है। पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक मदन कौशिक ने पंडित मनोहर लाल शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके निधन से सभी दुखी हैं। और जो सहयोग उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्र की जनता को दिया वह बहुत ही अनुकरणीय है, इसके अलावा उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए भी क्षेत्र एवं समाज की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजनीति और शिक्षा के साथ-साथ वह सामाजिक क्षेत्र में भी बेहद सक्रिय थे। लगभग 83 वर्षीय पंडित मनोहर लाल शर्मा का जन्म निकटवर्ती ग्राम नागला इमरती में हुआ था। बचपन से ही उनके अंदर समाज व राष्ट्र सेवा का भाव जागृत था, जिसे उन्होंने आगे बढ़ते हुए जीवन पर्यंत जीवित रखा। आज उनका चले जाना क्षेत्रवासियों के लिए बेहद दुखद है इस कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा।



**❖पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक मदन कौशिक, विधायक प्रदीप बतरा, विधायक ममता राकेश, विधायक हाजी फुरकान, विधायक विरेंद्र जाति, राज्यमंत्री शोभाराम प्रजपति, राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी, राज्मंत्री देशराज कर्णवाल व अनेक जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर दी पुष्पांजलि**







श्रद्धांजलिदेने वालों में विधायकप्रदीप बत्रा शविधायक ममता राकेश, विधायक वीरेन्द्र कुमार जाति, विधायक फुरकान अहमद श मेयर अनीता अग्रवाल श शराज्य मंत्री देशराज करणवाल,पूर्व राज्य मंत्री सुबोध राकेश, राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति शराज्य मंत्री श्यामवीर सैनी श पूर्व राज्यमंत्री राव इंतजार, राव शेर मुहम्मद, नगर विधायक प्रदीप बत्रा, पूर्व चेयरमैन चौधरी इस्लाम , डॉक्ष् शमशाद, , राजीव शर्मा ,रजनीश शर्मा, विनय शर्मा विशाल शर्मा संजू शर्मा ,रामकुमार कुमा,कुलबीर ,अमित शर्मा, शैलेंद्र पंत, कामिल भाई वरिष्ठ पत्रकार अख्तर मलिक ,रियास कुरैशी,वरिष्ठ पत्रकार संदीप तोमर श नफीसुल हसन श वरिष्ठ पत्रकार रमन त्यागी,ठाकुर योगेन्द्र पाल सिंह,काजी सादात मसूद, पार्षद धीरज पाल,सूरज नेगी चन्द्र प्रकाश बाटा ,जेपी शर्मा , रुड़की प्रेस क्लब अध्यक्ष बबलू सैनी, राम कुमार शर्मा,पूर्व सांसद राजेंद्र कुमार बाडी, फुरकान अहमद, मेयर अनीता अग्रवाल, राज्यमंत्री शोभाराम प्रजापति, श्यामवीर सैनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय पालीवाल, वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर चौरब जैन, भाजपा नेता सुबोध राकेश, एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० नैयर काजमी, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेत्री रश्मि चौधरी, समाजसेवी ईश्वर लाल शास्त्री, शायर अफजल मंगलौरी, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, परवेज आलम तारिक भाई, अजय कौशिक,सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद एवं शहर के हर वर्ग के जिम्मेदार गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## बुग्गावाला में हाथियों के झुंड फसल कर रहे हैं बर्बाद, किसान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** बुग्गावाला के खानपुर रेंज अंतर्गत कुड़का वाला गांव में एक बार फिर जंगली हाथियों ने विभागीय गश्त की पोल खोल दी है। देर रात खेतों में घुसे हाथियों ने किसान शाहनवाज की सब्जी की फसल को रौंदकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया। इस घटना से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है और वन विभाग की निष्क्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, घाड़ क्षेत्र में पहले से ही किसान प्राकृतिक आपदाओं और वन्यजीवों के हमलों से परेशान हैं। फसलें उगाना अब एक जोखिम भरा काम बन गया है। किसान अपनी मेहनत से जो थोड़ी-बहुत फसल बचा भी लेते हैं, वह भी जंगली जानवरों के हमलों में बर्बाद हो जाती है। शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती, जिससे किसानों की निराशा और गहरी होती जा रही है। कुड़कावाला के किसान शाहनवाज ने बताया कि खेती ही उनके परिवार की जीविका का एकमात्र साधन है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर विवाह तक, हर जरूरत खेती से पूरी होती है। ऐसे में जब फसलें बर्बाद होती हैं, तो किसान की पीड़ा शब्दों में नहीं बयां की जा सकती। उन्होंने कहा कि यह सरकार और वन विभाग की आंखें खोलने वाला हादसा है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया, तो किसानों का भरोसा सरकार से उठ जाएगा। समस्या गहरी है, समाधान जरूरी है। यदि किसानों की सुनवाई अब भी नहीं हुई, तो इसका असर आने वाले समय में केवल खेतों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जन-विश्वास की नींव तक हिल जाएगी।खानपुर रेंज के क्षेत्राधिकार मोहन सिंह रावत ने बताया की जंगल से हाथी आबादी की और आ रहे है जिनके लिए लगातार गस्त किया जा रहा है ओर जिन किसानो की फसलो का नुकसान हुआ है उनको मुआवजा दिलाने के लिए रिपोर्ट भेजी जा रही है।



## संरक्षित प्रजाति के कछुए के मांस के साथ झोलाछाप गिरफ्तार

**लक्सर।** संरक्षित प्रजाति के कछुए का शिकार किए जाने की सूचना पर पुलिस ने एक झोलाछाप के ठिकाने पर छापा मारा। मौके से कछुए का मांस और धारदार हथियार बरामद किए गए। पुलिस ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रायसी चौकी प्रभारी कमलकांत रतूड़ी को मुखबिर से एक व्यक्ति द्वारा कछुए का शिकार कर उसका मांस निकालने की सूचना मिली थी। सूचना पर उन्होंने कांस्टेबल महेंद्र चौहान और अनिल वर्मा के साथ निरंजनपुर में एक निर्माणाधीन मकान पर छापा मारा। मौके पर कछुए के अवशेष और 30 किलो मांस मिला।

## करंट से भैंस की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** रायसी गांव में ऊर्जा निगम की लापरवाही एक निर्दोष पशु की जान पर भारी पड़ गई। गुरुवार सुबह एक लोहे के खंभे में करंट दौड़ने से 8 महीने की गाभिन भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना गांव के निवासी मच्छर पुत्र हुकमा कश्यप के साथ हुई, जिनकी भैंस गली में खुलकर घूम रही थी और खंभे के संपर्क में आते ही करंट की चपेट में आ गई। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त खंभे में पहले भी कई बार करंट आ चुका है और इसको लेकर ऊर्जा निगम को कई बार शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। घटना के बाद मौके पर पशुपालन विभाग की टीम पहुंची। ऊर्जा निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर करंट की समस्या को ठीक किया और भैंस स्वामी को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। लोगों ने कहा कि खंभे में पहले से था करंट, शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई। भैंस मालिक मच्छर का कहना है कि उसकी भैंस की कीमत करीब 1 लाख रुपये थी, वह मुआवजे को लेकर एसडीएम लक्सर से शिकायत करेगा। एसडीओ रायसी ने बताया कि मामला संज्ञान में है, उक्त मामले में रिपोर्ट तैयार की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## नवनियुक्त इमलीखेड़ा चिकित्सा प्रभारी डॉ. राव अकरम ने ली स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नवनियुक्त इमलीखेड़ा चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राव अकरम ने स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की।

स्वास्थ्य विभाग ने रुड़की सिविल अस्पताल में तैनात डॉक्टर राव अकरम को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमलीखेड़ा का चिकित्सा प्रभारी नियुक्त किया हैं।डॉक्टर राव अकरम ने चिकित्सा प्रभारी का पद ग्रहण करने के बाद सभी ब्लॉक इमलीखेड़ा की एलएचयू ,एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक ली। बैठक में चिकित्सा प्रभारी ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अपने-अपने काम को लगन और ईमानदारी से करने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों की देखभाल और अस्पताल की स्वच्छता पर भी जोर दिया।उन्होंने कहा कि अपना सभी रिकॉर्ड भी अपडेट रखें।इसी के साथ प्रसव से पहले एवं प्रसव के बाद किलकारी प्रोग्राम टीम की ट्रेनिंग कराई। कार्यक्रम के दौरान फार्मेसी अधिकारी ब्रिजेश कुमार ने नवनियुक्त चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राव अकरम का स्वागत किया।और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बारे में जानकारी दी।इस मौके पर मनीष सैनी, रविंद्र प्रताप, अरविंद सैनी, लता, राधा, बबीता, राखी, अलका, पूनम, अनुपम ,योगेश सैनी, विजय शर्मा,आदि स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहें।

## नई नवेली पत्नी से विवाद के बाद युवक ने खाया जहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** बुग्गावाला क्षेत्र के बंजारेवाला गांव में नवविवाहित दंपती के बीच हुए विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया।

जानकारी के अनुसार बंजारेवाला गांव निवासी सचिन पुत्र राजपाल की शादी विगत रविवार को हरिद्वार में हुई थी। शुरुआती चार दिन सामान्य रूप से बीत गए, लेकिन गुरुवार को सचिन और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद सचिन की पत्नी घर छोड़कर कहीं चली गई। इससे आहत होकर शुक्रवार सुबह सचिन ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ती देख परिजनों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल सचिन की हालत स्थिर है और अब वह खतरे से बाहर है। इस पूरे मामले को लेकर परिजनों द्वारा अभी तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। वरिष्ठ उप निरीक्षक बुग्गावाला, सुनील रमोला ने बताया कि पुलिस को अब तक इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलती है तो मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बारात की बग्घी में उतरा करंट दो घोड़ों ने तड़पकर तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** बरात में गई बग्घी से बिजली का तार छूने के कारण करंट उतर गया। करंट लगने से दो घोड़ों की मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार को मंगलौर कस्बे के माजिद अपनी दो घोड़ों की बग्घी लेकर लिब्बरहेड़ी गांव में एक विवाह समारोह में गए थे। गांव में बारद्वारी के समय बिजली के तार नीचे लटक रहे थे जिन्हें हटाने का प्रयास भी किया गया। इसी दौरान तार छूने से बग्घी में करंट दौड़ गया और बग्घी में जुड़े दोनों घोड़ों की मौत हो गई। गनीमत रही कि उस दौरान बग्घी में कोई नहीं था। माजिद ने पूर्व पालिकाध्यक्ष चौधरी इस्लाम के साथ एसडीओ अभिनव सैनी से मिलकर मुआवजा दिलाने की मांग की है

## कर्मचारी का डेबिट कार्ड बदलकर 40 हजार निकाले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के सेवानिवृत कर्मचारी का डेबिट कार्ड बदलकर उनके खाते से 40 हजार रुपये की रकम निकाल ली गइ। कर्मचारी ने रुड़की सिविल लाइंस कोतवाली पहुंचकर पूरा वाकया बताया और रकम वापस दिलाने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के मोहनपुरा निवासी बाबू हुसैन बीआरओ से रिटायर्ड हैं। उन्होंने शहर के एक बैंक में अपना खाता खोला हुआ है। बृहस्पतिवार को वे अपने खाते से पैसे निकाले के लिए डेबिट कार्ड लेकर निकले और सिविल लाइंस क्षेत्र के एक एटीएम में रुपये निकालने के लिए पहुंचे लेकिन रुपये नहीं निकल पाए। इसके बाद वे ढंढेरा स्थित एक एटीएम में पहुंचे। यहां रुपये निकालते समय उन्हें कुछ परेशानी हो रही थी। तभी एक युवक केबिन में घुसा और उनकी मदद की बात कहने लगा। युवक की बातों में आकर बाबू हुसैन ने उसे अपना कार्ड दे दिया। इसके बाद उसने सफाई से उनका डेबिट कार्ड बदल दिया और फिर रुपये निकालने का नाटक करने लगा। इसके बाद युवक ने कहा कि एटीएम में कुछ खराबी है और वह दूसरी जगह जाकर पैसे निकाल लें।बाबू हुसैन वहां से निकल गए और कुछ दूर जाते ही उनके मोबाइल पर 40 हजार रुपये की रकम निकलने का मैसेज आ गया। जिस पर उन्हें कार्ड बदले जाने का अहसास हुआ। कोतवाली पहुंचकर उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

## अवैध तमंचे के साथ एक युवक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध यूवक को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन लगाम को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा सभी थाना क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम व अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर 27 जून 2025 को संदिग्ध वाहन व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम निखिल उर्फ भयानक पुत्र मुकेश उम्र 19 वर्ष निवासी मुंडा खेड़ा खुर्द कोतवाली लक्सर बताया।

## नायब तहसीलदार भगवानपुर के वकील विरोधी बयान को लेकर अधिवक्ताओं में रोष, तहसील पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** शुक्रवार को अधिवक्ता एसोसिएशन भगवानपुर द्वारा तहसील के नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया और तहसील कार्यालय पर ताला बंदी की गई गत मंगलवार को ब्लॉक सभागार भगवानपुर में बीडीसी सदस्य एव प्रधान की बैठक में तहसील के नायब तहसीलदार अनिल कुमार गुप्ता द्वारा वक्तव्य दिया गया कि दाखिल खारिज व डोल बंदी आदि कार्यो के लिए फरियादी वकीलों को फीस ना दे बल्कि सीधे तहसील के कर्मचारियों से संपर्क करें जिसके विरोध में अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया और कहा कि यह अधिवक्ता समाज का अपमान है इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा और जब तक नायब तहसीलदार अपने वक्तव्य को वापस नहीं ले लेते तब तक धरना जारी रहेगा वकीलों के धरने स्थल पर तहसीलदार भगवानपुर दयाराम पहुंचे और वकीलों को आश्वासन दिया कि वे जल्द ही जिलाधिकारी से वार्ता कर उचित समाधान निकालेंगे वकीलों ने मांग कर कहा कि सभी पटवारियों ने रिश्वत लेने के लिए अपने गुर्गे रखे हुए हैं जो आम जनता से वसूली कर रहे हैं और गरीबों का खून चूस रहे हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं जिस पर तहसीलदार दयाराम ने तत्काल कार्रवाई करने के लिए कहा है अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट जितेंद्र सैनी, चौ.अनुभव,जनेश्वर प्रसाद ,अनिल टेकचंद सैनी,सचिन चौधरी,हिमांशु कश्यप, आकिल



हसन, हंसराज सैनी ,सुनील धीमान,सुनील परालिया,कुलदीप सैनी, कुलदीप चौहान,अमित शर्मा ,प्रदीप कुमार,नरेशपाल,अरविश चौहान, आसिम इकबाल,कपिल धीमान ,योगेश सैनी ,रामकुमार ,नरपाल आर्य,ऋतुराज सिंह,सतीश कुमार ,शादाब ,संजीव वर्मा,जाहिद राव ,आशिफ,देवांशु कांबोज,आकाश गर्ग, तरुण बंसल, नदीम ,कादिर,शशि कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# स्थायी शांति की जरूरत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह कहना बिल्कुल सही है कि जब तक जटिल मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता, तब तक चीन सीमा पर स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकती। असल में इस समय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए चीन गए हैं। गुरुवार को हुई बैठक से इतर उन्होंने चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डॉन्ग जून के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में स्थापित व्यवस्था को पुनः सक्रिय कर सीमा विवादों के स्थायी समाधानों पर बल दिया। शुक्रवार को भारतीय रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी किया जिसमें कहा गया कि भारत-चीन सीमा पर शांति सौहार्द बनाए रखने की बेहद जरूरत है। अच्छी बात यह है कि श्री सिंह ने द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए दोनों पक्षों द्वारा किए जा रहे कार्य पर संतोष प्रकट किया। रक्षा मंत्री ने सीमा प्रबंधन पर जोर दिया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने परस्पर लाभ के साथ-साथ एशिया और दुनिया में स्थिरता के लिए सहयोग बढ़ाने पर भी बल दिया। जैसाकि हम जानते हैं 2020 में सीमा पर उस समय गतिरोध उत्पन्न हो गया था, जब वहां सैनिक झड़प हो गई थी। तभी से ही अविश्वास का माहौल बना हुआ है। हालांकि अभी जमीन पर काम होना बाकी है, लेकिन जिस तरह दोनों मंत्रियों ने मौजूदा व्यवस्थाओं के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव कम करना, सीमा प्रबंधन और सीमांकन मुद्दों पर प्रगति हासिल करने के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहयोग की बात की है वह एक अच्छा संकेत है। भारतीय रक्षा मंत्री चीन के रक्षा मंत्री के साथ ही बल्कि रूसी रक्षा मंत्री बेलारूस, तजाकिस्तान, कजाकिस्तान के रक्षा मंत्रियों से भी मिल रहे हैं और आपसी सहयोग के रास्ते भी तलाश रहे हैं। साथ ही वह ऑपरेशन सिंदूर के विषय में भी भारत के दृष्टिकोण को रख रहे हैं और बता रहे हैं कि आखिर भारत को ऑपरेशन सिंदूर अभियान क्यों चलाना पड़ रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि जिस तरह इस समय तनाव बना हुआ है, इजरायल हमास संघर्ष, रूस-यूक्रेन और अब हाल ही में ईरान-इजरायल संघर्ष से इस बात का और महत्व बढ़ गया है कि भारत चीन के बीच तनाव को कम किया जाए। क्योंकि दुनिया और अधिक तनाव झेलने की स्थिति में नहीं है अगर और कोई संघर्ष छिड़ जाता है तो यह पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि चीन व भारत अपने बीच पनप रही अविश्वास की खाई को समय के साथ-साथ बढ़ाने के बजाए इसको कम करने का काम करें। इसी में भारत चीन ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया का हित छिपा है। यूं भी हम सभी ने देख लिया कि कोई भी युद्ध समस्याओं को जन्म ही देता है। किसी समस्या का समाधान देता दिखाई नहीं देता। चीन इस बात को जितनी जल्दी समझे, उतना ही बेहतर है, क्योंकि जहां तक बात भारत की है, भारत हमेशा से ही विस्तारवादी नीति के खिलाफ रहा है और कभी भी उसने किसी देश पर हमला नहीं किया। यही अपेक्षा भारत दूसरे देशों से भी अपने प्रति करता है। भारत ने साफ कह दिया है कि कोई भी दोस्ती एकतरफा नहीं हो सकती। समानता के आधार पर अपनाया गया फार्मूला ही कारगर साबित होगा।


## विदेश भेजने के नाम पर रूसी सेना में भर्ती



प्रधानमंत्री मोदी के अमृत काल में विदेश भेजने के नाम पर जमकर धंधा चल रहा है और देश के युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल कर उन्हें धोखे से यूक्रेन से लड़ने के लिए रूसी सेना में भर्ती कराया जा रहा है, अमृत काल में जिस तरह के काम हो रहे है, वह बेहद चिंताजनक है, देश के युवाओं को विदेश जाने के नाम पर बहला फुसला कर उनसे मोटी रकम ऐंठी जा रही है और उन्हें धोखे से रूस भेजकर सेना में भर्ती कर सीधे युद्ध के मैदान में भेजा जा रहा है, क्या सरकार रूस से पूछेगी कि बिना अनुमति के हमारे लोगों को वहां की सेना में भर्ती क्यों किया गया और क्या सरकार ने अपने लोगों को वापस लाने का कोई प्रयास किया है। सरकार ने धोखेबाज एजेंटों पर कार्रवाई नहीं की।

**-अमरिंदर सिंह बरार, लोकसभा सांसद, कांग्रेस**

# वो आपातकाल था तो ये क्या है...






पवन सिंह

अगर आप सजग न रहे तो सत्ता और मीडिया का खतरनाक गठजोड़ आपको नफरती बना देगा। मीडिया आपमें शोषक के प्रति ही सहानुभूति पैदा कर देगा और जिसका शोषण हो रहा है, उसे अपराधी करार देगा। 2014 के बाद से भारत के मेन स्ट्रीम मीडिया ने सत्ता के साथ गलबहियां करके यही किया है। मीडिया ने अघोषित आपातकाल, अन्याय, गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी और शर्म जैसे विषयों को गौरव का विषय बना दिया और तुर्रा यह कि मीडिया आपको 1975 के उस आपातकाल की ओर ले गया, जिसका समर्थन ऐसे लोगों ने किया था, जो आज फर्जी राष्ट्रवाद का सिंदूर लगा कर टहल रहे हैं।

जनता के प्रति जवाबदेह न होना। 11 सालों में एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस न करना। उत्तर प्रदेश और बिहार में नौकरियां मांगने व रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर धरना दे रहे और प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं पर बर्बर लाठीचार्ज कर देना। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारी छात्रों को उनके किराए के मकानों में घुसकर पीटना, वरिष्ठ नागरिकों से रेल की सुविधा छीन लेना, पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर देना। किसी भी आम आदमी की पीड़ा को पूरी तरह से नजर अंदाज कर देना। इसे संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का हनन माना जाना चाहिए या नहीं। अखबारों और चैनलों के मालिकों को खरीद लेना। जनता के सरोकारों के विषयों/खबरों को पूरी तरह से न्यूज चैनलों से गायब कर देना इसे इमरजेंसी की किस श्रेणी में रखा जाए या यह चर्चा केवल 1975 वाली दो साल की इमरजेंसी पर ही होगी या 11 सालों से अघोषित इमरजेंसी पर होगी? अपने ही देश के नागरिकों को सत्ता के लिए आपस में लड़ाकर रखना। हेट स्पीच पर केवल एक पक्षीय कार्रवाई को अघोषित इमरजेंसी माना जाए या न माना जाए? न्यायिक व्यवस्था और उसकी न्यायिक परिभाषा को धूलधूसरित कर देना, रिटायर्ड जजों को लालच या धमकी देना और फिर पद से नवाजा जाना। यह किस तरह की इमरजेंसी के तहत आएगा?

निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता वर्तमान में शून्य हो चुकी है। एक पूरी की पूरी संवैधानिक संस्था को ही लगभग खिलौना बनाकर रख देना। इसे क्या नाम दिया जाए? बार-बार वोटर लिस्ट में व्यापक गड़बड़ियां करके अपने पक्ष में खेल खिलवाना। क्या माना जाए? पहले हर विदेशी दौरों पर मीडिया साथ जाता था और उस दौरे से देश को क्या लाभ होंगे, किन-किन विषयों पर बात हुई। उसकी जानकारी साझा होती थी। यह सब 11 सालों से बंद क्यों हुआ? सिर्फ गाना-बजाना। ढोल-मंजीरा लेकर नचनिया बने पत्रकारों के झुंडों को प्रश्रय देना। इसे इमरजेंसी के खांचे में फिट किया जा सकता है कि नहीं? यूट्यूब चैनलों पर जो पत्रकार खबरों और विश्लेषणों को आम जनता से साझा कर रहे हैं। उन्हें ब्लाक क्यों किया जा रहा है? ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसी एजेंसियां भ्रष्टाचार रोकने के अपने मूल उद्देश्य से भटक कर सत्ता बनाएं रखने में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगीं, इसे कौन सा आपातकाल माना जाए? विकास के नाम पर जंगलों को एक तरफा काट देना। लोगों की जमीनों का बल पूर्वक अधिग्रहण कर लेना। लोगों की झुग्गी-बस्तियों को बुल्डोजरों तले चंगेज खान की तरह रौंद देना। पीड़ितों पर ही FIR करा कर जेल भेज देना। आदिवासियों की सैकड़ों की संख्या में हत्या और मीडिया की आश्चर्यजनक व रहस्यमय चुप्पी को किस आपातकाल के संदर्भ में देखा जाए?

कुछ रोज पहले सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई कि लाखों बेकसूर जेलों में हैं, जो कि भयावह है। यह क्या है? एक उदाहरण पेश है-एनडीटीवी के मालिक प्रवण राय पर सरकार के इशारे पर दर्ज केस हुआ और छापा पड़ा। फिर जांच शुरू हुई। मीडिया का एक दूसरा वर्ग जो घुटने टेक कर टेकचंद बन चुका था, अब बारी एनडीटीवी की थी, क्योंकि अघोषित आपातकाल में ऊंची आवा. जें और सवाल पसंद नहीं किए जाते। लगा कि एनडीटीवी ने मालिकान ने बहुत बड़ा आर्थिक घोटाला किया है। प्रणव राय ने आखिरकार हार मान ली और एनडीटीवी एकमेव राष्ट्रीय उद्योग. पति ने टेकओवर कर लिया। धीरे-धीरे सारे असल पत्रकार वहां से भगा दिए गए या खुद ही छोड़कर चले गए। यहां तक भी ठीक था, लेकिन एकमेव राष्ट्रीय उद्योगपति के चैनल खरीदते ही प्रणव राय के केस में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल हो गई। केस खत्म हो गया।।असल सवाल वहीं का वहीं खड़ा है कि अगर प्रणव राय दोषी थे तो छूटे क्यों? अगर दोषी नहीं थे तो यह सब हुआ हुआ क्यों? 2014 के बाद आपको ऐसे दर्जनों केस मिल जाएंगे। अगर आप खिलाफ थे और विपक्ष में थे तो ईडी थी, सीबीआई थी, इनकम टैक्स था, लेकिन फिर वे सारे के सारे भ्रष्टाचारी अचानक उधर से इधर आ जाते हैं और फिर सब कुछ समाप्त। ऐसा भारत के इतिहास में कब होता था? इसे कौन सा आपातकाल माना जाए?

दरअसल, 1975 वाली घोषित इमरजेंसी से सबसे ज्यादा नाराज कौन था? घोषित इमरजेंसी से सबसे ज्यादा तकलीफ किसको थी? आम आदमी को तो कोई दिक्कत नहीं थी।।ट्रेनें एकदम राइट टाइम चलने लगी थीं, सरकारी कार्यालयों में लोग बिलकुल राइट टाइम आने लगे थे, घूस मांगने की हिम्मत जवाब दे गई थी। अनाज में मिलावट और घटतौली बंद हो गई थी। फिर परेशान कौन था? परेशान थे जमींदार। परेशान थे सामंतवादी। जमींदारों और भूस्वामियों की संपत्तियों पर आंच आई और उनका प्रभाव कम हुआ। तमाम जमीनें भूमि विहीन किसानों, खेतिहरों को मिलीं। निजी बैंक खोल कर जनता का पैसा हड़पने वाले परेशान हुए, क्योंकि 1969 में 14 प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया था (1980 में 6 और बैंकों का राष्ट्रीय करण हुआ) इससे बैंकों के दिवालिया होने का खतरा खत्म हुआ छोटे किसानों को भी कृषि, छोटे उद्योगों और ग्रामीण क्षेत्रों को ऋण प्राथमिकता से मिलने लगे और साहूकारों की दुकान बंद हुई। अब इससे नाराज कौन था? निजी बैंकर और उद्योग. पतियों ने अपना नियंत्रण बैंकों पर से खो दिया और इसे सरकारी हस्तक्षेप माना। रूढ़िवादी अर्थशास्त्री परेशान थे उनका मानना था कि इससे नौकरशाही का प्रभाल बढ़ेगा।

जबकि गरीब, किसान और समाजवादी विचारधारा वाले लोग इसे समानता और आर्थिक न्याय की दिशा में कदम मानते थे। पूर्व राजघरानों को मिलने वाले प्रिवी पर्स (विशेष भत्ते) को समाप्त कर दिया गया जो स्वतंत्रता के समय राजाओं के साथ हुए समझौते का हिस्सा था। इससे नाराज कौन था? अंतिम और अकाट्य सत्य यह है कि होमी जहांगीर भाभा की हत्या में अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA की जो भूमिका थी, वह भयावह थी। CIA की पूरी योजना ही इस आजाद देश को तबाह करने की थी और समय रहते ही रूस द्वारा इनपुट्स मिले और आपातकाल लगा। बाद में उसके लिए माफी भी मांग ली गई और आम जनता ने बाद में बंपर वोटों से वापस आपातकाल लगाने वालों को सत्ता सौंप दी।

फिलहाल उपरोक्त अनेक सुधारों से भारत के गरीबों के बीच से एक बहुत बड़ा वर्ग उभरा, वह था मध्यम और उच्च मध्यम वर्ग, जो आज 1975 को गालियां बकता हुआ वहीं पहुंच चुका है जहां से वह मध्यम वर्ग के सुख तक आया था। अब तय आपको करना है कि घोषित आपातकाल सही था या अघोषित आपातकाल। 500 रुपये और चार पूड़ी लेकर अगर आप बिना सोचे-समझे भीड़ के साथ नाच-गा रहे हैं तो फिर इसी में मस्त रहिए, क्योंकि कुछ लोगों को घी हजम नहीं हुआ करता।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खाद्य तेल की मदद से ई-कचरे से चांदी निकालें

**हर मोबाइल फोन में लगभग 100-200 मिलीग्राम चांदी होती है। इसी तरह, एक सामान्य लैपटॉप में 350 मिलीग्राम चांदी उपयोग होती है, और वर्तमान में भारत में लगभग पांच करोड़ लैपटॉप हैं। यदि भारत में मोबाइल फोन और लैपटॉप इतनी संख्या में हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि पूरी दुनिया में इनकी संख्या कितनी होगी। अनुमान है कि मोबा. इल-लैपटॉप या ऐसी ही अन्य चीजों में पूरे विश्व में लगभग 7275 मीट्रिक टन चांदी लगती है, लेकिन (इन उपकरणों के खराब होने पर इनसे) बमुश्किल 15 प्रतिशत चांदी ही वापस निकालकर पुनर्चक्रित की जाती है।**

सोने के बाद चांदी सबसे कीमती धातु मानी जाती है। कई परिवारों में खुशी के मौकों पर सोने-चांदी की चेन-अंगूठियां ली-दी जाती हैं (या पहनी जाती हैं)। बेशक, चांदी सोने से सस्ती है, लेकिन जब उद्योग और ऊर्जा उत्पादन में उपयोग की बात आती है तो चांदी सोने को पछाड़ देती है। पूरे भारत में चांदी का इस्तेमाल छतों पर लगे सौर पैनलों के माध्यम से सौर ऊर्जा को कैद करने में किया जाता है। इससे पूरे देश में सालाना लगभग 108 गीगावॉट स्वच्छ एवं हरित बिजली पैदा होती है। यह मात्रा कोयले से पैदा होने वाली बिजली की लगभग 10 प्रतिशत है। इसके अलावा, भारत की लगभग 1.4 अरब आबादी द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले मोबा. इल फोन में विद्युत चालन और भंडारण के लिए चांदी का इस्तेमाल किया जाता है। हर मोबाइल फोन में लगभग 100-200 मिलीग्राम चांदी होती है। इसी तरह, एक सामान्य लैपटॉप में 350 मिलीग्राम चांदी उपयोग होती है, और वर्तमान में भारत में लगभग 5 करोड़ लैपटॉप हैं।

यदि भारत में मोबाइल फोन और लैपटॉप इतनी संख्या में हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि पूरी दुनिया में इनकी संख्या कितनी होगी। अनुमान है कि मोबाइल-लैपटॉप या ऐसी ही अन्य चीजों में पूरे विश्व में लगभग 7275 मीट्रिक टन चांदी लगती है, लेकिन (इन उपकरणों के खराब होने पर इनसे) बमुश्किल 15 प्रतिशत चांदी ही वापस निकालकर पुनर्चक्रित की जाती है।

जब कोई फोन या कंप्यूटर खराब हो जाता है या फेंक दिया जाता है तो उसमें मौजूद चांदी भी कूड़े में चली जाती है। काश। हम इन बेकार उपकरणों से यह चांदी वापिस निकाल पाते। यह तो साफ है कि स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में चांदी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस संदर्भ में मारिया स्मिरनोवा एक हालिया रिपोर्ट स्प्रॉट सिल्वर रिपोर्ट में लिखती हैं कि जैसे-जैसे अधिक. ाधिक देश सौर पैनलों का उपयोग करके अक्षय ऊर्जा बनाएंगे, वैसे-वैसे चांदी की मांग में लगातार वृद्धि होगी।

वे आगे बताती हैं कि भले ही कुछ समूह सौर ऊर्जा के लिए अन्य धातुओं (जैसे लीथियम, कोबाल्ट और निकिल) का उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं, फिर भी स्वच्छ और हरित ऊर्जा उत्पादन में चांदी एक प्रमुख भूमिका निभाती है और, इस साल चांदी की मांग में लगभग 170 प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके अलावा, कारों, बसों और ट्रेनों में ईंधन के रूप में पेट्रोल की जगह सौर ऊर्जा का उपयोग होना शुरू हुआ है। स्मिरनोवा आगे बताती हैं कि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का अनुमान है कि 2035 तक, दुनिया भर में बिकने वाली हर दूसरी कार इलेक्ट्रिक होगी।

इसका मतलब होगा कि हमें और चांदी चाहिए होगी। इसी संदर्भ में, फिनलैंड के प्रोफेसर टिमो रेपो और उनके साथियों ने अपने शोधपत्र में चांदी को पुनःचक्रित करने की एक कुशल रासायनिक विधि प्रस्तुत की है। इस विधि में कार्बनिक वसीय अम्लों (जैसे लिनोलेनिक या ओलिक एसिड) का उपयोग चांदी निकालने में किया गया है। यह कार्बनिक वसीय अम्ल तिलहन, मेवों और वनस्पति तेलों जैसे जैतून का तेल या मूंगफली का तेल में पाए जाते हैं, जिनका दैनिक भोजन में उपयोग होता है।

गौरतलब है कि इलेक्ट्रॉनिक कचरे से चांदी को पुनरू प्राप्त करना आसान नहीं हैरू प्रबल अम्लों और साइनाइड के उपयोग की वजह से इस प्रक्रिया में विषाक्त पदार्थ पैदा हो सकते हैं। अन्य धातुओं और मिश्र धातुओं से चांदी को अलग करने की पारंपरिक विधियों का उपयोग करने की बजाय उपरोक्त समूह ने सूरजमुखी, मूंगफली और अन्य तेलों में प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले साधारण असंतृप्त वसीय अम्लों के उपयोग से चांदी को अलग करके पुनरू हासिल करने की एक विधि विक. सित की है। समूह ने पाया कि इनका पुनर्चक्रण किया जा सकता है और इस प्रकार यह कार्बनिक विलायक और जलीय माध्यम से बेहतर हैं। शोधकर्ताओं ने इस विधि को शहरी खनन में भी कारगर पाया है, जहां कबाड़ या कचरे में फेंके गए कंप्यूटर के मदरबोर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों के कचरे से चांदी पुनरू निकाली जा सकती है। शोध दल का निष्कर्ष है, हवसीय अम्ल बहुमूल्य बहु-धातु अपशिष्ट के निपटान का उन्नत माध्यम बन सकते हैं।

**-डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**
**(स्रोत फीचर्स)**


# सिंगापुरः एक भीड़ भरे शहर में हरियाली की तलाश

**पर्यावरण से जुड़े कई लोग इस बात से भी नाराज हैं कि सरकार की योजना से जुड़ा डैटा आसानी से नहीं मिलता, जिससे आपसी सहयोग में बाधा आती है। भले ही एनपार्क्स कहता है कि ज्यादातर योजनाएं साझेदारी से चलती हैं, लेकिन आंकड़े साझा न किए जाने को लेकर असहमति बनी हुई है। कई बार सरकार लुप्तप्राय प्रजातियों की जानकारी इसलिए नहीं देती कि कहीं उनका शिकार न होने लगे लेकिन पारदर्शिता की कमी लोगों के बीच अविश्वास पैदा करती है। 2024 में विशेषज्ञों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा मिलकर तैयार किए गए सिंगापुर टेरेस्ट्रियल कंजर्वेशन प्लान में सुझाव है कि पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं में बेहतर संवाद और आम लोगों की अधिक भागीदारी होनी चाहिए।**

सिंगापुर मात्र 730 वर्ग किलोमीटर का द्वीप देश है, आबादी करीब 60 लाख। इसके घनी शहरी बसाहट के बीच कुछ नाजुक प्राकृतिक क्षेत्र भी हैं, जिन्हें बचाने की जरूरत है। ऐसा ही एक जंतु जोहोरा सिंगापोरेन्सिस है। यह एक दुर्लभ, निशाचर, मीठे पानी का केकड़ा है और केवल सिंगा. पुर के आरक्षित क्षेत्रों में जलधाराओं के आसपास पाया जाता है।

2008 में जब इसकी संख्या तेजी से घटने लगी, तब यह पर्यावरणीय चिंता का विषय बन गया। एक छात्र द्वारा इसे ढूंढने के असफल प्रयासों ने सरकार और वैज्ञानिकों को सतर्क किया। इसके बाद सरकार के नेशनल पार्क्स बोर्ड ने वैज्ञानिकों और संगठनों के साथ मिलकर इस केकड़े को बचाने के लिए प्रजनन और पुनर्वास कार्यक्रम शुरू किया। आज भी यह केकड़ा संकटग्रस्त है, लेकिन इन प्रयासों से इसके जीवित रहने की संभावना कुछ बेहतर हुई है।

तेज विकास के दबाव के बीच सिंगापुर की हरियाली को बचाने की कोशिश काबिल-ए-तारीफ है। 1819 में जब यह एक ब्रिटिश व्यापारिक केंद्र बना था, तब से अब तक देश के ज्यादातर मूल वर्षावन खत्म हो चुके हैं। अब केवल थोड़ा-सा हिस्सा बचा है, जिसे सेंट्रल कैचमेंट नेचर रिजर्व में संरक्षित किया गया है। सिंगापुर के सामने एक बड़ी चुनौती बढ़ती आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ-साथ अपनी प्राकृतिक धरोहर को बचाए रखना भी है। भले ही देश में जन्म दर घट रही है, लेकिन विदेश से आने वाले मजदूरों और छात्रों के कारण आबादी लगातार बढ़ रही है। यहां की एक-तिहाई आबादी प्रवासी है। लगभग 80 प्रतिशत लोग सरकार द्वारा बनाए गए बहुमंजिला मकानों में रहते हैं। 2025 तक करीब 1 लाख नए मकान बनाने की योजना है, जिनमें से कुछ वन्य क्षेत्रों में बनेंगे। तेजी से हो रहे विकास को लेकर पर्यावरणविदों में चिंता बढ़ रही है। सरकार भले ही एक करोड़ पेड़ लगाने और एक लाख कोरल ट्रांसप्लांट करने जैसे दीर्घकालिक उपायों का वादा कर रही है, लेकिन आलोचकों का मानना है कि ए कोशिशें शायद काफी नहीं हैं। इस स्थिति में कई सवाल उठते हैं-इन परियोजनाओं के दौरान कितने पेड़ काटे जा रहे हैं? क्या सैकड़ों साल पुराने जंगल आधुनिक घरों के लिए खत्म किए जा रहे हैं और क्या इतने बड़े पैमाने पर कोरल ट्रांसप्लांट करना वास्तव में मुमकिन है? पर्यावरण से जुड़े कई लोग इस बात से भी नाराज हैं कि सरकार की योजना से जुड़ा डैटा आसानी से नहीं मिलता, जिससे आपसी सहयोग में बाधा आती है। भले ही एनपार्क्स कहता है कि ज्यादातर योजनाएं साझेदारी से चलती हैं, लेकिन आंकड़े साझा न किए जाने को लेकर असहमति बनी हुई है। कई बार सरकार लुप्तप्राय प्रजातियों की जानकारी इसलिए नहीं देती कि कहीं उनका शिकार न होने लगे लेकिन पारदर्शिता की कमी लोगों के बीच अविश्वास पैदा करती है। 2024 में विशेषज्ञों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा मिलकर तैयार किए गए सिंगापुर टेरेस्ट्रियल कंजर्वेशन प्लान में सुझाव है कि पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं में बेहतर संवाद और आम लोगों की अधिक भागीदारी होनी चाहिए, लेकिन कुछ



कार्यकर्ता अब भी संदेह में हैं। उनका कहना है कि जब तक किसी जंगल को काटे जाने की योजना की खबर आम जनता तक पहुंचती है, तब तक फैसला लिया जा चुका होता है। इन चुनौतियों के बावजूद, शहरी हरियाली को लेकर सिंगापुर की कोशिशें दुनिया भर में सराही जाती हैं। यहां पेड़ों की छांव (ट्री-कैनपी) का घनत्व दुनिया में सबसे ज्यादा है। कारण है कड़े नियम, जिनके तहत नई इमारतों में पर्यावरण के अनुकूल डिजाइन अनिवार्य हैं। जैसे हरित छतें और पेड़ों से सजे पैदल पुल। एक शानदार उदाहरण है बिशन-आंग मो किओ पार्क, जो न सिर्फ सैर-सपाटे के लिए मशहूर है, बल्कि जलवायु लाभ भी देता है। 62 हैक्टर में फैला यह पार्क आसपास की ऊंची इमारतों वाले इलाकों की तुलना में लगभग 3 डिग्री सेल्सियस ठंडा रहता है और लोगों को राहत पहुंचाता है। हरित क्षेत्र बारिश का पानी सोखने, शोर कम करने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी मदद करते हैं।

सिंगापुर की सरकार अपनी पर्यावरण नीति को प्रकृति में बसा शहर कहती है। यह एक महत्वाकांक्षी सोच को जाहिर करता है जिसमें शहर के हर पहलू में प्रकृति को शामिल करने की कोशिश है। इस घनी आबादी वाले शहर में प्रकृति को केवल बचाया नहीं गया है, बल्कि उसे रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना दिया गया है। सिंगापुर का अनुभव दुनिया भर के शहरों के लिए एक मिसाल हैरू पर्यावरण संरक्षण का मतलब प्रगति को रोकना नहीं है बल्कि इसके लिए समझदारी से फैसले लेने तथा खुली बातचीत और दूर.ष्टि की जरूरत होती है। उम्मीद है आगे भी सिंगापुर बाकी दुनिया के लिए मिसाल बना रहेगा।

**-स्रोत फीचर्स**

# अब उल्टा 2.5 लाख करोड़ की ईरान को मदद देगा अमेरिका

## सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम में इन्वेस्टमेंट करेगा, कई प्रतिबंधों में राहत भी देगा वॉशिंगटन

### इस डील के तहत ईरान को कुछ प्रतिबंधों से भी छूट मिल सकती है



**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका, ईरान को उसके सिविल एनर्जी प्रोडक्शन न्यूक्लियर प्रोग्राम को विकसित करने में मदद करने पर विचार कर रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान को 30 अरब डॉलर (करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए) के निवेश का प्रस्ताव दिया है, जिसके तहत ईरान यूरेनियम का संवर्धन किए बिना सिविल एनर्जी के लिए परमाणु कार्यक्रम शुरू कर सकता है।

इस डील के तहत ईरान को कुछ प्रति. बंधों से भी छूट मिल सकती है और उसे विदेशी बैंकों में जमा 6 अरब डॉलर तक की राशि तक पहुंच मिल सकती है, जिस पर फिलहाल प्रतिबंध है। सिविल एनर्जी प्रोडक्शन न्यूक्लियर प्रोग्राम ऐसा परमाणु कार्यक्रम होता है जिसका इस्तेमाल सिर्फ बिजली या ऊर्जा बनाने के लिए किया जाता है, न कि हथियार बनाने के लिए। इसमें न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाए जाते हैं जो परमाणु रिएक्शन का उपयोग कर बिजली पैदा करते हैं। इसका सैन्य उद्देश्यों या हथियारों से कोई लेना-देना नहीं होता। यह कदम अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता शुरू करने की कोशिश का हिस्सा बताया जा रहा है।

20 जून को व्हाइट हाउस में अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ और खाड़ी देशों के नेताओं के बीच एक सीक्रेट मीटिंग हुई। इसमें प्रस्ताव पर चर्चा हुई। अमेरिका का कहना है कि वह इस कार्यक्रम के लिए सीधे पैसे नहीं देगा, बल्कि उम्मीद है कि खाड़ी के दूसरे देश इसमें निवेश करेंगे। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने गुरुवार को स्वीकार किया कि अमेरिका और इजरायल के हमलों से ईरान के परमाणु ठिकानों को 'भारी क्षति' हुई है। यह बयान सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और देश के अर्धसैनिक समूह, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के दावों के विपरीत है। अराग्ची ने सरकारी प्रसारक आईआरआईबी न्यूज के साथ साक्षात्कार में कहा कि परमाणु ठिकानों को 'गंभीर नुकसान' पहुंचा है और अब इस नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उनका यह बयान खामेनेई और आईआरजीसी के दावों के विपरीत है, जिन्होंने उन हमलों को मामूली बताया था। उन्होंने कहा कि फिलहाल अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी को ईरान आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## अमेरिका से वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई समझौता नहीं हुआ: ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने गुरुवार को कहा कि इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरानी क्षेत्र पर हमलों के बाद बढ़े तनाव के बीच अमेरिका के साथ वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई व्यवस्था या प्रतिबद्धता नहीं की गई है। सरकारी प्रसारक 'आईआरआईबी' के साथ एक साक्षात्कार में अराघची ने कहा कि वार्ता फिर से शुरू करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि तेहरान के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जाती है या नहीं। उन्होंने कहा कि हमारे निर्णय पूरी तरह से ईरान के हितों पर आधारित होंगे। यदि हमारे हितों के लिए वार्ता की वापसी की आवश्यकता है, तो हम इस पर विचार करेंगे। लेकिन इस स्तर पर कोई समझौता या वादा नहीं किया गया है और कोई बातचीत नहीं हुई है।



मुंबई। संगीतकार दिवंगत आरडी बर्मन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करती गायिका आशा भोसले।

## अमेरिका के साथ युद्ध विराम वार्ता में खामेनेई को किया गया पूरी तरह दरकिनार

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को इजरायल के साथ युद्ध समाप्त करने संबंधी बातचीत और अमेरिका के साथ युद्धविराम वार्ता में पूरी तरह दरकिनार किए जाने की रिपोर्टें हैं। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, संपूर्ण निर्णय लेने की प्रक्रिया ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अपने हाथों में रखी थीं और उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्ध विराम प्रस्ताव का तुरंत जवाब दिया।

## मार्च से अब तक इजरायल पर 309 मिसाइलें और ड्रोन दागे गए: हूती नेता

**सना।** यमन के हूती नेता अब्दुल-मलिक अल-हूती ने गुरुवार को कहा कि उनके बलों ने मार्च के मध्य से अब तक इजरायल पर 309 बैलिस्टिक, हाइपरसोनिक मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं और जिसे समूह अपने सैन्य अभियान का दूसरा चरण कहता है। इस्लामिक नव वर्ष के अवसर पर हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक टेलीविज़न भाषण में, अल-हूती ने कहा कि इस महीने अकेले 25 मिसाइलें और ड्रोन दागे गए, जिसे उन्होंने गाजा के समर्थन में गुणात्मक सैन्य अभियान बताया। उन्होंने फिर से पुष्टि की कि लाल सागर इजरायल से जुड़े समुद्री यातायात के लिए बंद है। उसने इजरायल पर अमेरिका के समर्थन से गाजा में अपना आक्रमण जारी रखने का आरोप लगाया। अल-हूती ने फलीस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त करने तथा ईरान को महान विजय और दृढ़ता के लिए बधाई देने के लिए आज सना तथा हूती नियंत्रण वाले अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रैलियां आयोजित करने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया में किशोर पर हत्या का आरोप

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने ब्रिसबेन में 58 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के आरोप में एक किशोर को आरोपी बनाया है। ऑस्ट्रेलियाई राज्य क्वींसलैंड की पुलिस ने आज बताया कि ब्रिसबेन के अंदरूनी उत्तरी इलाके क्लेफील्ड में एक घर में कल रात करीब 8:15 बजे एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया था। अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पाया कि 58 वर्षीय व्यक्ति मृत अवस्था में है और साथ ही वहां किशोरों का एक बड़ा समूह भी मौजूद है। पुलिस ने इलाके की तलाशी ली और पास में ही एक 15 वर्षीय लड़का मिला, जो उस व्यक्ति को जानता था।

### कोलंबिया भूस्खलन में मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हुई

**बोगोटा।** उत्तर-पश्चिमी कोलंबिया में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है तथा अन्य 12 अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भूस्खलन की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए हैं और करीब एक हघर लोग बेघर हो गए हैं। मेयर लोरेना गोंजालेज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राहत और बचाव दल बेलो शहर के प्रभावित एल पिनार इलाके में चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं, ताकि जीवित बचे हुए लोगों की तलाश की जा सके। गोंजालेज ने कहा कि बचाव ऑपरेशन जारी है। हमें उम्मीद है कि मलबे में दबे लोग जीवित मिलेंगे। उन्होंने लोगों से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में घरों को खाली करने का आग्रह किया।

### इलेक्ट्रॉनिक कचरे से सोना निकालने की नई तकनीक विकसित

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने सोने को अयस्क और इलेक्ट्रॉनिक कचरे से निकालने का एक अधिक टिकाऊ तरीका विकसित किया है, जो पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचाते हुए सोना निकालने की प्रक्रिया को बदल सकता है। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार 2022 में ई-कचरा 6-20 करोड़ टन पहुंचने के बाद, इस यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक नई तकनीक विकसित की है, जिससे सस्ते और सुरक्षित रसायनों की मदद से सोना निकाला जा सकता है।

### युद्ध विराम के बाद कूटनीतिक रास्ता अपनाने का किया आग्रह

**काहिरा।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने इजरायल और ईरान के बीच हाल ही में हुए युद्ध विराम पर चर्चा करने के लिए फोन पर बात की। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए कूटनीतिक रास्ता अपनाने की जरूरत है। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत की मेज पर लौटने और सैन्य बल का सहारा लेने से परहेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सिसी और स्टारमर ने युद्ध विराम के बाद तनाव में हुई कमी का स्वागत किया।

## लोकतंत्र से भटक रहा अमेरिका: ओबामा

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने पिछले हफ्ते अमेरिकी राज्य कनेक्टिकट के हार्टफोर्ड शहर में एक कार्यक्रम में भाषण दिया।

प्रसिद्ध इतिहासकार हीदर काक्स के साथ चर्चा में ओबामा ने देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई और युवाओं से देश को बचाने की अपील की। ओबामा ने ट्रम्प सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जो लोग आज अमेरिका की सरकार चला रहे हैं, वे लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जरूरी है कि सरकार के बाहर और अंदर दोनों जगह से गलत चीजों का विरोध हो। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। ओबामा ने कहा कि व्यापारिक सौदों में डराया जा रहा है, जो केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक रूप से भी खतरनाक है। उन्होंने अपने कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि चीन की बढ़ती ताकत के बावजूद उन्होंने टैरिफ जैसे उपायों का बेजा इस्तेमाल नहीं किया था, क्योंकि यह अमेरिका की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने ट्रेड वार को गलत बताते हुए कहा कि इससे देश की गरिमा खतरे में है। ओबा. मा ने अमेरिका की तुलना हंगरी जैसे देशों से की, जहां चुनाव तो होते हैं, लेकिन वहां सच में लोगों की आवाज की कद्र नहीं होती और नेता मनमानी करते हैं।



**पूर्व राष्ट्रपति ने कहा: ट्रम्प सरकार देश को खोखला कर रही ट्रेड वॉर से खतरे में देश की गरिमा**

# चीन-पाक के सपनों पर बांग्लादेश ने फेरा पानी, भारत चिंतामुक्त

**ढाका।** एशिया में मजबूत गठजोड़ को लेकर चीन और पाकिस्तान के मंसूबों पर बांग्लादेश ने पानी फेर दिया है। पिछले दिनों बांग्लादेश, चीन और पाकिस्तान के सचिल स्तर के अधिकारियों ने बीजिंग में एक बैठक की थी। इसके बाद कहा जा रहा था कि भारत के विरोध में ये तीनों देश एक साथ आ गए हैं।

हालांकि, अब बांग्लादेश ने इसे सिरे से खारिज किया है। बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन के मुताबिक हमारे साथ कोई भी गठबंधन नहीं बनने जा रहा है। बांग्लादेश किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं है। हम किसी एक देश के खिलाफ नहीं है। द डेली स्टार के मुताबिक तौहीद ने कहा कि तीनों सचिवों के बीच जो बैठक हुई थी, वो एक आधिकारिक बैठक थी। राजनीतिक बैठक नहीं थी। इसलिए गठबंधन की बात तो कहीं से भी ठीक नहीं है। बांग्लादेश किसी एक देश के खिलाफ काम नहीं करता है। तौहिद ने कहा कि बैठक में उर्जा, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर बात हुई। इस तरह की बात से कोई मोर्चा नहीं बनता है। यह सब मीडिया की सिर्फ खबरें हैं। तौहिद ने कहा कि अगर भारत बांग्लादेश और नेपाल के साथ अगर मिलकर कोई बैठक करना चाहता है तो हम स्वागत करेंगे। हम इसके लिए ढाका की धरती भी मुहैया कराएंगे। हमारी कोशिश है कि पड़ोस से रिश्ते बेहत. रीन रहे। तौहिद के मुताबिक बांग्लादेश का विजन बड़ा है और हम सिर्फ काम पर फोकस कर रहे हैं। हम अपने विदेश नीति को ठीक ढंग से संचालित करने की कोशिश कर रहे हैं। विदेश सलाहकार ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हम रिश्ते सुधारने की कवायद में जुटे हैं। रिश्तों में गर्माहट नहीं है तो यह ठंडा भी नहीं पड़ा है। हमारे पास सद्भाव की कमी नहीं है। हमारे लोग लगातार लगे हुए हैं। तौहिद के मुताबिक जल्द ही सबकुछ पटरी पर आ जाएंगे। अगस्त 2024 में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से ही बांग्लादेश और भारत के रिश्तों में तल्खी आ गई। बांग्लादेश की यूनुस सरकार शेख हसीना को लेकर भारत के खिलाफ अग्रेसिव है। वहीं भारत भी बांग्लादेश को तवज्जो देने के मूड में नहीं है।

**तीनों सचिवों के बीच जो बैठक हुई थी, वो एक अधिकारिक बैठक थी: तौहिद**

## 24 घंटे में चीन से पाक को दूसरा बड़ा झटका

### जेट-35 की फेल डील के बाद अब नहीं मिलेगी हाइपरसोनिक मिसाइल

**बीजिंग।** पाकिस्तान की अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने की उम्मीदों को चीन ने बड़ा झटका दिया है। चीन ने न केवल पाकिस्तान को हाइपरसोनिक मिसाइल देने से मना किया है, बल्कि इसकी टेक्नोलॉजी को ट्रांसफर करने से भी साफ इन्कार कर दिया है।

सूत्रों की माने तो बीजिंग ने इस्लामाबाद को साफ शब्दों में बता दिया है कि उसकी हाइपरसोनिक मिसाइलें एक्सपोर्ट के लिए नहीं हैं और इनका कोई एक्सपोर्ट वर्जन भी विकसित नहीं किया गया है। पाकिस्तान लंबे समय से चाहता था कि चीन उसे हाइपरसोनिक मिसाइल दे, ताकि वह भारत की बढ़ती मिसाइल ताकत का मुकाबला कर सके। भारत ने हाल के वर्षों में हाइपरसोनिक मिसाइल सिस्टम, बैलिस्टिक मिसाइल, सुपरसो. निक क्रूज मिसाइल और हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डेमॉन्सट्रेटर व्हीकल जैसे एडवांस हथियार विकसित किए हैं। खासकर ऑपरेशन सिंदूर में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत देखकर पाकिस्तान बेचैन है। वह ऐसी मिसाइलें चाहता है, जो ध्वनि की गति से पांच गुना तेज हों और जिन्हें रोकना लगभग असंभव हो। चीन ने हालांकि साफ कर दिया है कि वह अपनी स्पेशल हाइपरसो. निक तकनीक को सीक्रेट रखना चाहता है। उसे डर है कि अगर यह तकनीक पाकिस्तान को दी गई, तो पश्चिमी देशों या उनकी खुफिया एजेंसियों को इस पर रिसर्च करने का मौका मिल सकता है। इससे चीन की सैन्य रणनीति से जुड़े रहस्य उजागर हो सकते हैं। विशेषज्ञों की माने तो चीन अपनी डीएफ-17 जैसी मिसाइलों को अमेरिका और उसके सहयोगियों के खिलाफ महत्वपूर्ण हथियार के तौर पर देखता है। इसलिए वह इस तकनीक को किसी के साथ शेयर करने से बच रहा है। चीन और पाकिस्तान के बीच मजबूत रक्षा संबंधों के बावजूद यह इनकार दोनों देशों की दोस्ती की सीमाओं को दर्शाता है। दोनों देश सीपेक, लड़ाकू विमान, नौसैनिक जहाज और अन्य मिसाइल सिस्टम पर मिलकर काम कर रहे हैं, लेकिन हाइप. रसोनिक मिसाइल के मुद्दे पर चीन का रुख सख्त रहा है। यह चीन-पाक के मजबूत रक्षा संबंधों में एक बड़े मतभेद के रूप में देखा जा रहा है। जहां एक ओर दोनों देश सीपीईसी, लड़ाकू विमान, नौसैनिक जहाज और मिसाइल सिस्टम पर मिलकर काम कर रहे हैं, वहीं इस इंकार ने उनकी हर मौसम की दोस्ती की सीमाएं भी उजागर कर दी हैं। यह फैसला पाक के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वह भारत की डिफेंस प्रोग्रेस से दबाव में है और इस तकनीक को हासिल करने की उम्मीदें धराशाई हो गई हैं।

**टेक्नोलॉजी को ट्रांसफर करने से भी साफ इन्कार किया**

## कतर के लिए गुलाब की खुशबू वाली लीची की पहली खेप रवाना

**नई दिल्ली।** भारत ने बाग. वानी निर्यात को बढ़ावा देते हुए पंजाब के पठानकोट से कतर की राजधानी दोहा तथा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सबसे बड़े शहर दुबई के लिए डेढ़ मीट्रिक टन गुलाब की खुशबू वाली लीची की पहली खेप रवाना की है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दोहा के लिए एक टन लीची की पहली खेप रवाना की गई है।

पठानकोट से दुबई को 0.5 मीट्रिक टन लीची की एक अलग खेप भेजी गई है जो निर्यात में दोहरी उपलब्धि और वैश्विक ताजे फल बाजार में भारत की बढ़ती उपस्थिति दर्शाता है। इस पहल को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (अपेडा) ने पंजाब सरकार के बागवानी विभाग ने लुल्लू समूह और सुजानपुर के प्रगतिशील किसान प्रभात सिंह के सहयोग से सुगम बनाया। उन्होंने गत 23 जून को उच्च गुणवत्ता वाली उपज की आपूर्ति की। यह महत्वपूर्ण पहल भारत की बाग. वानी उपज की उत्कृष्टता को रेखांकित करती है और देश की बढ़ती कृषि-निर्यात क्षमताओं को भी उजागर करती है। यह कृषक समुदायों को उनके ताजे और उच्च मूल्य वाले उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच प्रदान करके अपार अवसर प्रदान करता है। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पंजाब का लीची उत्पादन 71490 मीट्रिक टन रहा जो भारत के कुल लीची उत्पादन में 12.39 प्रतिशत का योगदान देता है। इसी अवधि के दौरान भारत ने 639.53 मीट्रिक टन लीची का निर्यात किया। खेती का रकबा 4327 हेक्टेयर था जिसकी औसत उपज 16523 किलोग्राम/हेक्टेयर थी। रवाना की गई खेप में प्रीमियम पठानकोट लीची का एक रीफर पैलेट (रेफ्जिरेटेड कंटेनर) शामिल है जो इस क्षेत्र के उत्पादकों के लिए एक बड़ा कदम है।

**पठानकोट से दुबई को 0.5 मीट्रिक टन लीची की एक अलग खेप भेजी गई**

## पाक में भारी वर्षा के कारण सात की मौत

**इस्लामाबाद।** पाक के पूर्वी पंजाब प्रांत में भारी बारिश के कारण पिछले 24 घंटों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कल देर रात यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने बताया कि झेलम नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। ओकारा और बहावलनगर में वर्षा जनित घटनाओं में एक-एक बच्चे की मृत्यु की खबर है। मुजफ्फरगढ़ में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और खानेवाल में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की जान चली गई। इस बीच मुल्तान, फैसलाबाद, साहीवाल, शोरकोट और मंडी बहा. उद्दीन से बारिश से जुड़ी अन्य दुर्घटनाएं सामने आईं जो ज्यादातर छत और दीवार गिरने या बिजली के झटके के कारण हुईं।

## भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस की विरासत को समर्पित कोरिया युद्ध की 75वीं वर्षगांठ

**नई दिल्ली।** कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया ने कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यहां कोरिया-भारत मैत्री पर बनी एक फिल्म की स्क्रीनिंग कर इस युद्ध में भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस की ओर से की गई नि:स्वार्थ सेवा को याद किया। कोरियाई युद्ध में भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस ने संयुक्त राष्ट्र बलों के साथ सेवा दी थी। इस आयोजन ने कोरिया और भारत के बीच गहरी मित्रता और एकजुटता को फिर से पुष्टि की है।

फिल्म 'ताएगुकगी: द ब्रदरहुड ऑफ वॉर' एक बंटे हुए देश की पीड़ा और युद्ध के समय भाईचारे के रिश्ते को दर्शाती है। यह फिल्म कोरिया और भारत के साझा मूल्यों और बलिदानों की गहरी याद दिलाती है। इसमें वॉन बिन मुख्य भूमिका में हैं, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बोंग जून-हो द्वारा निर्देशित फिल्म 'मदर' के लिए जाना जाता है। उनके साथ जांग डोंग-गुन हैं, जो 'फ्रेंड' और 'अ जेंटलमैन्स डिग्निटी' जैसी हिट फिल्मों के लिए लोकप्रिय हैं। इन दोनों कलाकारों के भारत में भी बड़ी संख्या में प्रशंसक हैं। कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया के निदेशक वांग इल यॉन्ग ने कहा कि फिल्म सिर्फ एक माध्यम नहीं है, बल्कि यह भावनाओं, यादों और समझ को साझा करने का एक मजबूत पुल है। कोरियाई युद्ध के दौरान भारत द्वारा 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस को भेजना सच्ची दोस्ती और महान बलिदान का प्रतीक है। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम दर्शकों को कोरिया और भारत के मजबूत रिश्तों पर सोचने और सिनेमा के माध्यम से एक गहरे जुड़ाव और सहानुभूति का अनुभव करने का मौका देगा। उल्लेखनीय है कि 1950 में भारत ने 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस की टुकड़ी को कोरिया भेजा, जिसमें 341 चिकित्सा कर्मी शामिल थे। यह इकाई युद्ध के मोर्चे पर तैनात रही और घायल सैनिकों को बचाने और उनका उपचार करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। पूरे 25 महीनों तक कोरिया में सेवाएं देते हुए, उन्होंने मानवता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की भावना का आदर्श उदाहरण पेश किया। फिल्म स्क्रीनिंग के साथ-साथ, दर्शकों को कोरियाई कैलीग्राफी (लिखावट) कार्यशाला में भाग लिया, जहां कोरिया की प्राकृतिक सुंदरता को बहुत ही जीवंत तरीके से अनुभव किया। यह कार्यक्रम केवल देखने तक सीमित नहीं था, बल्कि लोगों को कोरिया के इतिहास और संस्कृति से गहराई से जुड़ने का मौका भी मिला।

**इस आयोजन ने कोरिया व भारत के बीच गहरी मित्रता की पुष्टि की है**

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर

मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट